

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 116 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 04 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# एयर-टू-एयर मिसाइल तकनीक में भारत की बड़ी छलांग

## डीआरडीओ ने रचा इतिहास, चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हुआ भारत

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत ने रक्षा तकनीक के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट के पास चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (SFDR) तकनीक का सफल परीक्षण कर देश की सामरिक क्षमता को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

इस सफलता के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास लंबी दूरी तक हवा में ही दुश्मन के लक्ष्य को भेदने वाली अत्याधुनिक एयर-टू-एयर मिसाइल तकनीक मौजूद है।

### तय मानकों पर खरा उतरा परीक्षण

डीआरडीओ के अनुसार यह परीक्षण मंगलवार सुबह 10.45 बजे किया गया। मिसाइल को पहले जमीन से लगाए गए बूस्टर की मदद से उच्च गति दी गई, जिसके बाद सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट मोटर सक्रिय हुई। उड़ान के दौरान सभी अहम सिस्टम्स ने तय मानकों के अनुरूप बेहतरीन प्रदर्शन किया।




### प्रमुख सिस्टम्स का सफल प्रदर्शन

परीक्षण में बिना नोजल वाला बूस्टर, रैमजेट मोटर और फ्यूल फ्लो कंट्रोल सिस्टम शामिल थे। पूरी उड़ान के दौरान सिस्टम पूरी तरह स्थिर और प्रभावी रहा। बंगाल की खाड़ी के तट पर तैनात आधुनिक ट्रैकिंग सिस्टम्स से हर पल की निगरानी की गई। इस ऐतिहासिक लॉन्च को डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा।

### रक्षा मंत्री और डीआरडीओ प्रमुख ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बड़ी सफलता के लिए डीआरडीओ और इससे जुड़े रक्षा उद्योगों की सराहना की। वहीं, डीआरडीओ प्रमुख एवं रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. समीर वी. कामत ने इसे भारत की रक्षा तकनीक को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया।

(इनपुटः आईएएनएस)

### हाइपरसोनिक तकनीक में भी भारत की ऐतिहासिक बढ़त

*गौरतलब है कि इसी महीने भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल प्रौद्योगिकी में भी बड़ी सफलता दर्ज की थी। डीआरडीएल के सहयोग से किए गए परीक्षण में स्क्रैमजेट दहनकक्ष ने 12 मिनट से अधिक समय तक स्थिर संचालन का प्रदर्शन किया। हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलें ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक, यानी 6,100 किमी प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम होती हैं। रक्षा क्षेत्र में इन लगातार सफलताओं से भारत की सामरिक ताकत और आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिली है।*

## योगी सरकार में बदली यूपी की तस्वीर

### फार्मा निवेशकों ने बताया देश का सबसे सुरक्षित निवेश गंतव्य



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बदली हुई तस्वीर अब देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक निवेशकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' में देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियों के चेयरमैन और शीर्ष नेतृत्व ने एक स्वर में उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद राज्य बताया।

कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों ने राज्य की मजबूत कानून-व्यवस्था, पा-रदर्शी शासन और निवेश-अनुकूल नीतियों की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में यूपी ने ऐसे बुनियादी और संरचनात्मक बदलाव किए हैं, जो पूरे देश के लिए मॉडल बन रहे हैं।

### योगी का नेतृत्व देश के लिए मॉडल

राज्यसभा सदस्य और रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को देश और समाज के लिए "उत्कृष्ट कमिटमेंट" बताया। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास का रोडमैप अब पूरी तरह स्पष्ट है और यह परिवर्तन न केवल राज्य, बल्कि पूरे देश को नई दिशा देगा।

### 40 वर्षों में पहली बार दिखा इतना सकारात्मक माहौल

अयोध्या रामी रेड्डी ने कहा कि चार दशकों के अनुभव में उन्होंने उत्तर प्रदेश में ऐसा सकारात्मक निवेश माहौल पहले कभी नहीं देखा। कानून-व्यवस्था, जवाबदेही और ईमानदारी को उन्होंने दीर्घकालिक विकास की असली नींव बताया।

### रेड टेप नहीं, रेड कार्पेट ट्रीटमेंट

टोरेंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और लॉ एंड ऑर्डर में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने यूपी के 20 जिलों में काम किया, लेकिन कहीं भी रेड टेप या सुरक्षा की समस्या नहीं आई। आज उत्तर प्रदेश निवेशकों को रेड टेप नहीं, रेड कार्पेट ट्रीटमेंट दे रहा है।

### योगी के आने के बाद यूपी में आई 'अच्छी सुबह'

मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा ने कहा कि पहले यूपी में निवेश को लेकर भय का माहौल था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी के आने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज लोग देर रात भी सुरक्षित महसूस करते हैं, यही वजह है कि निवेशक दोबारा उत्तर प्रदेश की ओर लौट रहे हैं।

### कोविड काल में भारत ने जीता वैश्विक भरोसा

डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी ने कहा कि कोविड काल में भारत ने दुनिया की लाखों जिंदगियां बचाकर फार्मा सेक्टर में अपनी वैश्विक साख मजबूत की। उत्तर प्रदेश की नीतियां प्रभावी हैं और राज्य निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है।

### फार्मा और हेल्थकेयर का हब बनता यूपी

जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल ने कहा कि भूमि, बिजली, पानी और कुशल मैनपावर—ये सभी संसाधन यूपी में भरपूर हैं, जिससे यह फार्मा और हेल्थकेयर के लिए आदर्श राज्य बन रहा है।

### यूपी में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की तैयारी

सन फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन पद्मश्री दिलीप सांघवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश के सबसे सुरक्षित निवेश स्थलों में शामिल हो चुका है और उनकी कंपनी यहां मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है।

फार्मा कॉन्क्लेव में निवेशकों की यह एकजुट राय साफ संकेत है कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, बल्कि भारत के विकास का इंजन बन चुका है। (इनपुटः आईएएनएस)

## रनवे पर टकराए एयर इंडिया और इंडिगो के प्लेन, दोनों विमानों में भरे थे यात्री



मुंबई /नई दिल्लीः मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ा हादसा होते होते टल गया. देश की दो प्रमुख एयरलाइंस एयर इंडिया और इंडिगो के विमान आपस में टकरा गए. गनीमत रही कि इस टक्कर में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से दोनों विमानों को तत्काल प्रभाव से ग्राउंड कर दिया गया है, यानी उड़ान भरने से रोक दिया गया है.

घटना उस वक्त हुई जब एयर इंडिया का विमान अपनी उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहा था और इंडिगो का विमान लैंडिंग के बाद पार्किंग-वे की तरफ जा रहा था. मुंबई से कोयम्बटूर जा रही फ्लाइट संख्या AI 2732 उड़ान भरने के लिए पुशबैक की स्थिति में थी. ठीक उसी समय हैदराबाद से आई इंडिगो की फ्लाइट 6ए 791 लैंडिंग करने के बाद टैक्सी-वे से गुजर रही थी.इसी दौरान दोनों विमानों के पंख एक-दूसरे के बेहद करीब आ गए और उनमें टक्कर हो गई.

## शिक्षा और संस्कृति का संगम है मातृभाषा

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

बालासोर (ओडिशा)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मातृभाषा शिक्षा और संस्कृति का सजीव संगम है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने समाज, परंपराओं और मूल्यों को गहराई से समझ पाते हैं। वे मंगलवार को ओडिशा के बालासोर स्थित फकीर मोहन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन भी किया।




### व्यासकवि फकीर मोहन सेनापति को श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति ने ओड़िया साहित्य के पितामह फकीर मोहन सेनापति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी कालजयी कहानी 'रेवती' ने उन्हें विद्यार्थी जीवन में गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि 19वीं शताब्दी में एक बालिका द्वारा शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प साहस और सामाजिक चेतना का अद्भुत उदाहरण है।

### मातृभाषा में शिक्षा पर विशेष बल

राष्ट्रपति ने कहा कि फकीर मोहन सेनापति को अपनी मातृभाषा से गहरा प्रेम था और वे कहते थे– "मेरी मातृभाषा मेरे लिए सर्वोपरि है।" राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी मातृभाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देती है, जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक और नैतिक विकास बेहतर ढंग से हो सके।

### आदिवासी गांव से राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा

द्रौपदी मुर्मु ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने एक दूरस्थ आदिवासी गांव में शिक्षा आरंभ की और दृढ़ निश्चय के बल पर भुवनेश्वर जाकर हाई स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने कहा कि इस संघर्षपूर्ण यात्रा में फकीर मोहन सेनापति की रचनाएं उनके लिए प्रेरणास्रोत रहीं।

## 'भाषा थोपना स्वीकार नहीं', तमिल की 3,500 साल पुरानी विरासत पर बोले मद्रास हाईकोर्ट के जज

### न्यायमूर्ति आनंद वेंकटेश ने कहा—स्वेच्छा से बहुभाषिकता ठीक, लेकिन जबरन थोपना अस्वीकार्य

समाज जागरण

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने भाषा और सांस्कृतिक अस्मिता को लेकर स्पष्ट और कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वे किसी भी भाषा का थोपा जाना कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने तमिल भाषा की 3,500 वर्ष पुरानी जीवंत विरासत पर गर्व जताते हुए कहा कि यह दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित भाषाओं में से एक है।



न्यायमूर्ति वेंकटेश ने कहा कि विश्व में गिनी-चुनी ही भाषाएं 2,000 वर्ष से अधिक पुरानी हैं, लेकिन तमिल और चीनी ही ऐसी भाषाएं हैं जो हजारों वर्षों से बोली जा रही हैं।

### कीझाड़ी खुदाई ने सिद्ध की तमिल की प्राचीनता

उन्होंने कीझाड़ी पुरातात्विक खुदाई का हवाला देते हुए कहा कि इससे यह प्रमाणित होता है कि तमिल भाषा 3,500 वर्षों से निरंतर जीवित और सशक्त रही है।

### सीखने का विरोध नहीं, थोपे जाने का विरोध

*उन्होंने स्पष्ट किया कि तमिल समाज कभी भी अन्य भाषाओं के खिलाफ नहीं रहा है। तमिल लोग स्वेच्छा से दूसरी भाषाएं सीखते हैं, लेकिन भाषायी वर्चस्व और जबरन थोपे जाने का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि तमिल होने पर गर्व करना और भाषा का सम्मान करना हर तमिल का कर्तव्य है।*

### 'तमिल होने पर सिर गर्व से ऊंचा रखें'

न्यायमूर्ति वेंकटेश ने लोगों से अपील की कि जब भी तमिल भाषा का अपमान हो, तो आवाज उठाएं और तमिल की महानता की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि स-ांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है।

### बेटे की अनभिज्ञता ने किया आत्ममंथन

एक भावुक प्रसंग साझा करते हुए न्यायाधीश ने बताया कि जब उन्होंने अपने बेटे से तमिलनाडु के ऐतिहासिक भाषा आंदोलनों के बारे में पूछा और उसे इसकी जानकारी नहीं थी, तो उन्हें गहरा आत्मग्लानि हुई। उन्होंने इसे एक पिता और समाज की विफलता बताया कि नई पीढ़ी को अपनी भाषायी संघर्ष गाथा नहीं सिखाई जा रही।

***न्यायमूर्ति आनंद वेंकटेश का यह बयान भाषा, पहचान और सांस्कृतिक स्वाभिमान पर राष्ट्रीय बहस को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।***

## ट्रेड डील के पहले चरण में 30 अरब डॉलर के निर्यात पर 18% टैरिफ, कृषि-डेयरी पर रेड लाइन बरकरार

समाज जागरण

नई दिल्ली. भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रही बातचीत के बाद द्विपक्षीय ट्रेड डील के पहले चरण पर सहमति बन गई है. सूत्रों के हवाले से इकोनॉमिक एक्सपर्ट परीक्षित लूथरा ने बताया कि दोनों देश अब संयुक्त बयान को अंतिम रूप देने और इसके बाद समझौते पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया शुरू करेंगे.

इस डील के तहत भारतीय निर्यात के एक बड़े हिस्से को राहत मिली है, जबकि भारत ने आने वाले वर्षों में अमेरिका से बड़े पैमाने पर खरीदारी की मंशा जताई है. खास बात यह है कि कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर भारत की रेड लाइन को बरकरार रखा गया है.



### 30 अरब डॉलर के निर्यात पर 18% टैरिफ

समझौते के पहले चरण के तहत करीब 30 अरब डॉलर मूल्य के भारतीय निर्यात पर अब 18 प्रतिशत टैरिफ लागू होगा. यह पहले की तुलना में काफी कम है और इससे श्रम-प्रधान निर्यात सेक्टर को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलने की उम्मीद है. टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वैलरी जैसे सेक्टरों के लिए यह राहत अहम मानी जा रही है. हालांकि ऑटो और स्टील जैसे वे सेक्टर, जो सेक्शन 232 के तहत आते हैं, उनके टैरिफ में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है.

### अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद की तैयारी

भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से बड़े पैमाने पर रणनीतिक खरीद करने का इरादा जताया है. इसमें कच्चा तेल और एलएनजी, हवाई जहाज और उनके कंपोनेंट्स, कीमती धातुएं, हीरे, टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स, हाई-टेक चिप्स और डेटा सेंटर से जुड़े उत्पाद शामिल हैं. कुल मिलाकर भारत लगभग 500 अरब डॉलर मूल्य के ऐसे अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा, जिन्हें आर्थिक सुरक्षा के लिहाज से जरूरी माना जा रहा है. इससे दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन बेहतर होने की उम्मीद है.

## 5 साल, 5 हजार केस और 95% सजा दर

### ईडी के चक्रव्यूह से कोई नहीं बचा, संसद

समाज जागरण

नई दिल्ली। भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई अब सिर्फ जांच तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह अपराधियों के लिए एक अभेद्य चक्रव्यूह बन चुकी है। बीते पांच वर्षों में ईडी ने जहां हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का पदार्फाश किया, वहीं अदालतों में मजबूत पैरवी के दम पर लगभग 95 प्रतिशत मामलों में दोषियों को सजा दिलाने में सफलता हासिल की है।

राज्यसभा में सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़े बताते हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसी की साख, सक्रियता और प्रभावशीलता में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। अत्याधुनिक तकनीक और डिजिटल जांच प्रणाली के चलते अब मनी लॉन्ड्रिंग और आर्थिक अपराधों में शामिल लोगों के लिए बच निकलना मुश्किल होता जा रहा है।

### पांच वर्षों में 5,158 मामले दर्ज

वित्त मंत्रालय के अनुसार, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत पिछले पांच सालों में ईडी ने कुल 5,158 मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों में एजेंसी ने न केवल जांच को तार्किक अंजाम तक पहुंचाया, बल्कि न्यायालयों में ठोस साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनिश्चित की।

### तकनीक के सहारे शिकंजा हुआ और मजबूत

सरकार ने बताया कि डेटा विश्लेषण, डिजिटल निगरानी और आधुनिक जांच पद्धतियों के उपयोग से ईडी की कार्रवाई और प्रभावी हुई है। आर्थिक अपराधों की जटिल परतें खोलते हुए एजेंसी ने माफिया नेटवर्क, बेनामी संपत्तियों और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन तक अपनी पहुंच बनाई है।



### राज्यवार आंकड़े उपलब्ध नहीं

हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्यवार मामलों का विस्तृत विवरण ईडी के पास फिलहाल उपलब्ध नहीं है, लेकिन कुल आंकड़े यह दशार्ने के लिए पर्याप्त हैं कि आर्थिक अपराधों पर केंद्र सरकार का रुख अब पहले से कहीं अधिक सख्त है।

संसद में पेश आंकड़े यह संकेत देते हैं कि भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में ईडी सरकार का सबसे मजबूत हथियार बनकर उभरी है।

# क्रिकेट का कब्रिस्तान पाकिस्तान, पाकिस्तान सरकार का आत्मघाती कदम।

पाकिस्तान सरकार ने आगामी T20 वर्ल्ड कप 26 को श्रीलंका में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच में शामिल नहीं होने का फैसला कर लिया है। पाकिस्तान ने इस तरह पाकिस्तान क्रिकेट की कब्र ही खोद दी है।

विगत 10 से12 वर्षों में क्रिकेट पाकिस्तान के लिए बोझ बनता जा रहा है और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को भारत के विरुद्ध मैच खेलने से पाकिस्तान सरकार के इनकार ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। कयास यह लगाई जा रहे हैं कि भारत से डर कर पाकिस्तान ने मैच खेलने से इनकार कर दिया है गौरतलाप है कि वर्ल्ड कप ळ20 में आठ में से 7 मैच भारत जीता है और केवल एक मैच पाकिस्तान जीत पाया है। ऐसी परिस्थितियों में यह फैसला खेल से अधिक राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट व्यवस्था में इसके दूरगामी आर्थिक, कूटनीतिक और संस्थागत दुष्परिणाम निश्चित हैं।

भारत पाक मुकाबला केवल एक मैच नहीं बल्कि वैश्विक क्रिकेट का सबसे बड़ा व्यावसायिक इवेंट माना जाता है। जिससे आईसीसी, मेजबान देश, ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां, प्रायोजक और स्वयं दोनों क्रिकेट बोर्डों को भारी राजस्व प्राप्त होता है। इन परिस्थितियों में यदि पाकिस्तान इस मैच से पीछे हटता है तो पहला सीधा झटका इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टर्स को लगेगा जिन्होंने अरबों रुपये का निवेश इस टूर्नामेंट के अधिकारों में किया है। विज्ञापन अनुबंध, स्लॉट बुकिंग और व्यूअरशिप अनुमानों की रीढ़ भारत-पाक मैच पर ही टिकी होती है। मैच रद्द या पाकिस्तान की अनुपस्थिति की स्थिति में ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां आईसीसी से मुआवजे की मांग करेंगी और यह स्वाभाविक है कि आईसीसी उस क्षतिपूर्ति का बोझ संबंधित बोर्ड यानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अंततः पाकिस्तान सरकार पर डालने का प्रयास करेगा। विभिन्न मीडिया अनुमानों और पूर्व अनुभवों के आधार पर यह नुकसान लगभग 250 से 300 करोड़ रुपये तक आंका जा रहा है, जो पहले से कर्ज, महंगाई, विदेशी मुद्रा संकट और आईएमएफ की शर्तों से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अत्यंत गंभीर आर्थिक आघात होगा। इतना ही नहीं यदि आईसीसी इसे टूनार्मेंट की अखंडता और अनुबंध उल्लंघन के रूप में देखती है तो उस पर अतिरिक्त जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। जिससे कुल नुकसान और बढ़ेगा, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा शिकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड होगा जो पहले ही आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में है और जिसकी आय का बड़ा हिस्सा आईसीसी के वितरण और भारत-पाक सीरीज की अप्रत्यक्ष लोकप्रियता पर निर्भर करता है। यदि आईसीसी पाकिस्तान को गैर-पेशेवर व्यवहार या राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए दोषी मानती है तो उस पर भविष्य के टूनार्मेंटों की मेजबानी से वंचित किया जा सकता है या पांच वर्ष तक के प्रतिबंध जैसी कठोर कार्रवाई की संभावना भी बन सकती है, जो पीसीबी के लिए लगभग विनाशकारी सिद्ध होगी क्योंकि तब न केवल राजस्व रुकेगा बल्कि खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर भी सीमित हो जाएगा। पाकिस्तान का यह तर्क कि उसने बांग्लादेश के भारत न आकर खेलने के फैसले के समर्थन में यह कदम उठाया है, तो यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में ज्यादा वजन नहीं रखता क्योंकि आईसीसी का ढांचा द्विपक्षीय राजनीतिक समर्थन नहीं बल्कि लिखित अनुबंधों और तय कार्यक्रमों पर आधारित होता है। खेल की वैश्विक संस्था भावनात्मक या वैचारिक समर्थन से नहीं बल्कि व्यावसायिक अनुशासन से चलती है। पाकिस्तान का यह निर्णय उसे नैतिक ऊंचाई नहीं बल्कि प्रशासनिक अविश्वसनीयता की श्रेणी में खड़ा करता है। भारत की स्थिति इस पूरे विवाद में अपेक्षाकृत मजबूत है क्योंकि बीसीसीआई न केवल आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे ताकतवर बोर्ड है बल्कि आईसीसी की आय का सबसे बड़ा स्रोत भी है। इसलिए किसी भी विवाद में आईसीसी संतुलन साधने का प्रयास करेगी लेकिन अंततः नुकसान उसी को उठाना पड़ेगा जो आयोजन को बाधित कर रहा है। पाकिस्तान में क्रिकेट को लेकर पहले ही अस्थिरता रही है,कभी सुरक्षा कारण, कभी सरकार का हस्तक्षेप, कभी बोर्ड की अंदरूनी राजनीति इन सबने मिलकर पाकिस्तान क्रिकेट की विश्वसनीयता को कमजोर किया है और यह फैसला उसी कड़ी का अगला अध्याय लगता है। यदि पाकिस्तान वास्तव में क्रिकेट को कब्रिस्तान बनने से बचाना चाहता है तो उसे यह समझना होगा कि आधुनिक क्रिकेट केवल खेल नहीं बल्कि वैश्विक उद्योग है जहां भावनाओं से अधिक अनुबंध और पेशेवर प्रतिबद्धता मायने रखती है, भारत के खिलाफ न खेलने का निर्णय घरेलू राजनीति में भले ही तालियां बटोर ले, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह पाकिस्तान को अलग-थलग करने की दिशा में एक और कदम साबित हो सकता है।

अंततः नुकसान केवल सरकार या बोर्ड का नहीं होगा बल्कि उन खिलाड़ियों का होगा जिनके करियर, मेहनत और सपने इस अव्यवस्था की भेंट चढ़ेंगे, इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि इस फैसले ने पाकिस्तान ने अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी नहीं बल्कि क्रिकेट रूपी आखिरी सहारे पर भी गहरी चोट कर दी है। यदि समय रहते आत्ममंथन नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में पाकिस्तान क्रिकेट इतिहास के पन्नों में गौरव से नहीं बल्कि चेतावनी के उदाहरण के रूप में दर्ज हो सकता है।



**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार,लेखक, चिंतक,स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415415,**

# शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर

भारत आज इतिहास के ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ उसकी सबसे बड़ी पूँजी उसका युवा वर्ग है। करोड़ों सपनों, संभावनाओं और ऊर्जा से भरी यह पीढ़ी यदि सही दिशा पाए, तो देश को आने वाले दशकों में नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है। हाल ही में प्रस्तुत बजट ने इसी युवा शक्ति को केंद्र में रखकर भविष्य की नींव रखने का प्रयास किया है। यह बजट केवल आय और व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह उस सोच का प्रतिबिंब है जो भारत को केवल रोजगार खोजने वाला देश नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला समाज बनाना चाहती है। आज जब बेरोजगारी, तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा की प्रासंगिकता जैसे प्रश्न सामने खड़े हैं, तब यह आवश्यक हो गया था कि शिक्षा और कौशल को नई दृष्टि से देखा जाए।

अब तक की शिक्षा व्यवस्था का बड़ा दोष यह रहा है कि वह ज्ञान तो देती रही, परंतु जीवन और रोजगार से उसका सीधा संबंध कमजोर होता गया। डिग्रियाँ बढ़ती गईं, पर हाथों में काम कम होता गया। इसी असंतुलन को सुधारने की दिशा में इस बजट ने एक ठोस पहल की है। शिक्षा और कौशल से जुड़े प्रावधानों में उल्लेखनीय वृद्धि यह संकेत देती है कि सरकार अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि व्यावहारिक क्षमता, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना चाहती है। यह बदलाव उस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब दुनिया तेजी से तकनीकी बदलावों की ओर बढ़ रही है और पारंपरिक नौकरियाँ लगातार सिमटती जा रही हैं।

बचपन से ही बच्चों को रचनात्मक सोच और तकनीकी समझ से जोड़ने का विचार इस बजट की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है। विद्यालयों में नई प्रकार की प्रयोगशालाओं की स्थापना का प्रस्ताव इस बात का संकेत है कि अब शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं रहेगी, बल्कि सृजन और निर्माण की प्रक्रिया बनेगी। जिन बच्चों को अब तक केवल उपभोक्ता के रूप में देखा जाता था, वे अब निमार्ता बनने की ओर अग्रसर होंगे। जो बच्चे खेल खेलते हुए समय बिताते थे, वे अब अपने विचारों और कल्पनाओं को आकार देना सीखेंगे। इससे न केवल उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे कम उम्र में ही अपने पैरों पर खड़े होने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

इस प्रकार की शिक्षा का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि युवाओं में पलायन की प्रवृत्ति कम होगी। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी अपने ही परिवेश में अवसर खोज सकेंगे। जब हुनर घर के पास ही रोजगार देने लगे, तब महानगरों पर बोझ अपने आप कम होगा। इसके साथ ही देश में रचनात्मक उद्योगों का विस्तार होगा, जिससे सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक सशक्तिकरण एक साथ आगे बढ़ेंगे। यह केवल रोजगार का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह आत्मसम्मान और स्वाभिमान से भी जुड़ा हुआ है।

विज्ञान और आकाशीय अध्ययन से जुड़ी नई संस्थाओं की स्थापना का निर्णय यह दशार्ता है कि देश केवल वर्तमान की जरूरतों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जिज्ञासा और अनुसंधान की जमीन तैयार करना चाहता है। जब दूर-दराज के इलाकों का कोई बच्चा तारों और ग्रहों के रहस्यों को समझने का अवसर पाएगा, तो उसकी सोच की सीमाएँ अपने आप विस्तृत होंगी। इससे समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा, जो किसी भी प्रगतिशील राष्ट्र की पहचान होती है। ऐसे केंद्र केवल वैज्ञानिकों के लिए नहीं होंगे, बल्कि वे सामान्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी संभावनाओं को उजागर करने का माध्यम बनेंगे।

इस पूरे प्रयास में बेटियों की भूमिका को विशेष रूप से महत्व दिया जाना अत्यंत आवश्यक था, और यह बजट इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत देता है। लंबे समय से यह देखा गया है कि उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी आवास, सुरक्षा और सामाजिक दबावों के कारण सीमित रह जाती है। नए छात्रावासों की योजना केवल ईंट और सीमेंट का ढाँचा नहीं है, बल्कि यह भरोसे और स्वतंत्रता की नींव है। जब किसी ग्रामीण परिवार की बेटी निश्चिंत होकर पढ़ने के लिए शहर जा सकेगी, तब उसके सपनों को पंख मिलेंगे। यह केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं होगी, बल्कि पूरे समाज की सोच में बदलाव आएगा।

शिक्षा के साथ-साथ छोटे उद्योगों और युवाओं के बीच सेतु बनाने की पहल भी इस बजट का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। छोटे उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, परंतु उन्हें अक्सर मार्गदर्शन और आधुनिक प्रबंधन की कमी से जूझना पड़ता है। यदि युवा इन उद्योगों के साथ जुड़कर उन्हें नई दिशा दें, तो एक ओर उद्योग मजबूत होंगे और दूसरी ओर युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। यह साझेदारी शहर और कस्बों के बीच की दूरी को भी कम करेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी।

हालाँकि, इन सभी योजनाओं की सफलता केवल घोषणाओं से तय नहीं होगी। सबसे बड़ी चुनौती इनके क्रियान्वयन की है। प्रयोगशालाएँ बनाना आसान है, पर उन्हें चलाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षक तैयार करना कठिन है। तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ बिजली, संपर्क और पारदर्शिता जैसे प्रश्न भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। यदि इन पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो अच्छी नीयत भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएगी। इसलिए यह आवश्यक है कि समाज, शिक्षा संस्थान और प्रशासन मिलकर इस परिवर्तन को जमीन पर उतारें।

इसके बावजूद, यह कहा जा सकता है कि यह बजट एक आशावादी दिशा की ओर संकेत करता है। यह युवाओं को यह संदेश देता है कि भविष्य उनका है, बशर्ते वे सीखने, बदलने और मेहनत करने को तैयार हों। आने वाले वर्षों में यदि इन योजनाओं को ईमानदारी से लागू किया गया, तो भारत केवल उपभोक्ता नहीं रहेगा, बल्कि सृजन, नवाचार और आत्मनिर्भरता का केंद्र बनेगा। बच्चे रचनाकार बनेंगे, युवा उद्यमी बनेंगे और देश की प्रगति एक नए रूप में सामने आएगी। यही वह रास्ता है जो भारत को आने वाले समय में सशक्त, समावेशी और आत्मविश्वासी राष्ट्र बना सकता है।



**– महेन्द्र तिवारी**
**मोबाइल: 9989703240,**

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से मिली बड़ी राहत, जारी रहें सुधार

ऐतिहासिक संदर्भों में देखा जाए तो 18 फीसदी की कर दर भी अधिक है लेकिन भारत को वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों पर शुल्क के मामले में 1-2 फीसदी की बढ़त हासिल हो गई है



धैर्य का फल मीठा होता है। यह कहावत तब सही होती दिखी जब सोमवार को भारतीय समयानुसार देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक घोषणा में कहा कि दोनों पक्ष तत्काल प्रभाव से एक व्यापार समझौते के लिए तैयार हो गए हैं। इसके अंतर्गत अमेरिका अपने जवाबी शुल्क को 25 फीसदी से कम करके 18 फीसदी करेगा। वास्तव में राहत इससे कहीं अधिक है और यह शेयर बाजार में भी नजर आया जहां बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 2.5 फीसदी बढ़ गया।

25 फीसदी के तथाकथित जवाबी शुल्क के अलावा अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी का और दंडात्मक शुल्क लगाया था क्योंकि भारत रूस से कच्चे तेल का आयात कर रहा था। इससे भारतीय निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा था। ऐतिहासिक संदर्भों में देखा जाए तो 18 फीसदी की कर दर भी अधिक है लेकिन भारत को वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों पर शुल्क के मामले में 1-2 फीसदी की बढ़त हासिल हो गई है।

यह बहुत बड़ी राहत की बात है कि दोनों पक्ष समझौते पर सहमत हो गए हैं लेकिन तत्काल यह स्पष्ट नहीं हुआ कि आखिर कौन सी बात ने ट्रंप को अपना मन बदलने पर विवश किया। सरकार ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा की गई है, हालांकि अखबार छपने के लिए जाने के समय तक कोई संयुक्त बयान नहीं आया था। साफ कहा जाए तो भारतीय पक्ष निरंतर अमेरिकी प्रशासन के साथ समझौते के लिए प्रयासरत था। सोमवार को ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ईंधन, तकनीक, कोयला तथा अन्य वस्तुओं के साथ ही अतिरिक्त अमेरिकी चीजें खरीदने को राजी हो गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमति जताई है, जिससे यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, भारत अमेरिका से आयात पर शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। हालांकि इस मोर्चे पर और अधिक स्पष्टता की आवश्यकता होगी, लेकिन यहां कुछ बिंदु उल्लेखनीय हैं। भारत को अमेरिका में कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा, जिससे सरकार और निर्यातकों ने अन्य बाजारों में विविधीकरण के लिए आक्रामक रूप से प्रयास किए। सरकार ने अन्य व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यवहार में अधिक खुलापन भी दिखाया, जिससे उदाहरण के लिए यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वाताओं को सफलतापूर्वक पूरा करने में मदद मिली।

घरेलू मोर्चे पर भी सुधारों की नई पहल दिखाई दी। अहम होगा कि यह प्रक्रिया जारी रहे और सुधारों का दायरा और विस्तृत किया जाए। भारत को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रासंगिक बनने और भारतझ्रयूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार होना होगा। अमेरिका के साथ हुआ समझौता, विशेषकर श्रम-प्रधान क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी वापस पाने में मदद करने के अलावा, पूंजी खाते पर भी राहत प्रदान करेगा। व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर रही थी।

उदाहरण के लिए, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2025 में लगभग 19 अरब डॉलर के शेयर बेचे, और इस वर्ष भी बिकवाली का दबाव जारी रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली ने रुपये पर काफी दबाव डाला। चूंकि अब भारत का अमेरिका के साथ समझौता हो गया है, उम्मीद है कि प्रवाह की दिशा पलटेगी। यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में भी मदद करेगा। भारत पर फिर से उन बड़ी वैश्विक कंपनियों का ध्यान बढ़ेगा जो चीन से हटकर विविधीकरण करना चाहती हैं।

यद्यपि अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद भारत की आर्थिक संभावनाएं काफी बेहतर हुई हैं, लेकिन नीति-निमार्ताओं को ध्यान रखना होगा कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन का स्वभाव आवेगी प्रकृति का है। ऐसे में व्यापक वैश्विक अनिश्चितता चाहे आर्थिक हो या भू-राजनीतिक, वह जारी रहेगी। उदाहरण के लिए, व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क लगाने का कोई ठोस आर्थिक आधार नहीं था। व्यापार और आर्थिक नीति के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अब यह स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका का दृष्टिकोण कहीं अधिक संकीर्ण है। इसलिए, भारत को व्यापार समझौते का लाभ तो उठाना ही चाहिए, उसे निर्यात का विविधीकरण जारी रखना चाहिए, घरेलू क्षमताओं को सुधारना चाहिए और नीतिगत सुरक्षा कवच भी तैयार करने चाहिए।

# विश्व कैंसर दिवस




विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। आधुनिक विश्व में कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिससे सबसे ज्यादा लोगों की मृत्यु होती है। विश्व में इस बीमारी की चपेट में सबसे अधिक मरीज हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद कैंसर के मरीजों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस की तरह मनाने का निर्णय लिया ताकि लोगों को इस भयानक बीमारी कैंसर से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सकें और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सकें। ऐसा माना जा रहा है 2030 तक कैंसर के मरीजों की संख्या 1 करोड़ से भी अधिक हो सकती हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2005 में 7.6 लाख लोग कैंसर से मौत के आगोश में समा गए थे। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के मरने से और विश्व स्तर पर इस बीमारी के फैलने से सब चिंतित हैं।

**शुरूआत**

विश्व कैंसर दिवस के इतिहास के बारे में बात करें तो इसकी सही शुरूआत वर्ष 2005 से हुई थी। और तब से यह दिन विश्व में कैंसर के प्रति निरंतर जागरुकता फैला रहा है। भारत में भी इस दिन सभी स्वास्थ्य संगठनों ने जागरुकता फैलाने का निश्चय लिया है। भारत उन देशों में काफी आगे है जहां तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की वजह से कैंसर के मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा है। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज तो अभी तक मुमकिन नहीं हो पाया है पर इसे काबू करना और इससे बचाव संभव है। वैसे कैंसर हो जाने पर इससे छुटकारा पाना मुश्किल होता है पर नामुमकिन नहीं। मरीज अगर दृढ़ इच्छाशक्ति से इस बीमारी का सामना करे और सही समय पर इलाज मुहैया हो तो इलाज संभव हो जाता है। साथ ही हमेशा से माना जाता है कि उपचार से बेहतर है बचाव। इसी तरह कैंसर होने के बचे रहने में ज्यादा समझदारी है।

**सावधानियाँ**

कैंसर से बचने के लिए तंबाकू उत्पादों का सेवन बिलकुल न करें, कैंसर का खतरा बढ़ाने वाले संक्रमणों से बचकर रहें, चोट आदि होने पर उसका सही उपचार करें और अपनी दिनचर्या को स्वस्थ बनाए। कैंसर के ज्यादातर मामलों में फेफड़े और गालों के कैंसर देखने में आते हैं, जो तंबाकू उत्पादों का अधिक सेवन करने का नतीजा होता है। ऐसे मामलों में उपचार बेहद जटिल हो जाता है और मरीज के बचने के चांस भी कम हो जाते हैं। इसके साथ ही आजकल महिलाओं में स्तन कैंसर काफी ज्यादा देखने में आ रहा है जो बेहद खतरनाक होने के साथ काफी पीड़ादायक होता है। यदि सही समय पर अगर इसके लक्षणों को पहचान कर उपचार किया जाए तो इसका इलाज बेहद सरल बन जाता है। कैंसर से सबसे ज्यादा खतरा होता है युवाओं को जो आजकल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में खुद को तनाव मुक्त रखने के लिए धूम्रपान का सहारा लेते हैं। विश्व को कैंसर मुक्त करने के लिए आप भी कदम बढ़ाएं और खुद तथा अपने सगे सबंधियों को तंबाकू, सिगरेट, शराब आदि से दूर रहने की सलाह दीजिए।

**कैंसर**

कैंसर क्या है, कैंसर क्यों होता है, इसका इलाज क्या इत्यादि बातों को जानना जरूरी है। आइए जानें विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के बारे में कुछ और बातें।

**कैंसर क्या होता है**

शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार ना ह तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। कैंसर के कई प्रकार हैं या यूं कहें कि कैंसर के सौ से भी अधिक रूप है। जैसे- स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि।

**कैंसर के कारण**

कैंसर कई तरह का होता है और हर कैंसर के होने के अलग-अलग कारण हैं। लेकिन कुछ मुख्य कारक ऐसे भी हैं जिनसे कैंसर होने का खतरा किसी को भी हो सकता है। ये कारक हैं-

# पाक और चीन की यारी...!

अब तो सुकून पा रहें होंगे पाक के हुक्मरान,
कहीं तो ऊंचा हो रहा हैं उनके देश का नाम।
पाँच सालों से गधों की संख्या बढ़ती जा रही,
भले महंगाई डायन अवाम का खून चूस रहीं।

पाक में इस समय 60 लाख से ज्यादा गधे हैं,
इस बढ़ोत्री से तो भई चीन के मजे ही मजे हैं।
इस्लामाबाद और बीजिंग की जबरदस्त यारी,
गधों की सप्लाई से 'डॉलर' कमाने की तैयारी।

चीन में गधों की डिमांड में वृद्धि आया मौका,
शहबाज ने बिना बॉल के लगा दिया है चौका।
चीनी खरीदारों ने अपनी नजरें खूब हैं जमाई,
अभी यहाँ कंगाली में दिख रहीं सिर्फ कमाई।
(संदर्भ-पाकिस्तान में गधों की आबादी पहुंची 60 लाख पार)

संजय एम तराणेकर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला नया फर्नीचर

## बच्चों के स्वास्थ्य व सर्वांगीण विकास पर विशेष फोकस

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 03 फरवरी 2026। बच्चों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार ज्योत्सना द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपलब्ध कराए गए खिलौनों एवं फर्नीचर का भौतिक सत्यापन किया गया।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सन्ध्या सोनी एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु फर्नीचर, शिशु डेस्क तथा इंटरलॉकिंग मैट का वितरण किया गया। इससे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।



**योजनाओं की जानकारी दी गई**

सेक्टर मीटिंग के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पोषण ट्रैकर, ऑपरेटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, पीएमएमवीवाई फॉर्म, अपार आईडी एवं एफआरएस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षकों के निर्देशन में प्रदान की गईं, जिससे सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

**कृमिनाशक दवा का वितरण**

इसी क्रम में आरबीएसके टीम के डॉ. मनीष द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अंतर्गत कृमिनाशक दवा का वितरण किया गया। साथ ही सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आगामी 10 फरवरी को कृमिनाशक दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल दवा का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**शौचालय नवनीकरण कार्य पूर्ण**

इसके अतिरिक्त स्वाभिमान होंडा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सूरजपुर (ग्रेटर नोएडा) में शौचालय नवनीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ दनकौर द्वारा होंडा इंडिया फाउंडेशन की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया। (सौजन्यः सूचना विभाग,

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

# पॉक्सो व गैंगस्टर मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 03 फरवरी 2026। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासकीय अधिवक्ताओं के साथ अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पॉक्सो, गैंगस्टर एवं अन्य गंभीर आपराधिक मामलों की शासन स्तर से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, ऐसे में शासकीय अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन प्रकरणों में त्वरित, प्रभावी और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सके और शासन की मंशा को धरातल पर उतारा जा सके।



**अपराधियों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने के निर्देश**

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अपराध से जुड़े प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और अपराधियों की अद्यतन सूची समय से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन मामलों में दोषमुक्ति हो चुकी है, उनकी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए, ताकि मासिक समीक्षा बैठकों में अपील दायर करने के संबंध में निर्णय लिया जा सके।

**सुनियोजित अभियोजन पर जोर**

जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से अपेक्षा की कि अभियोजन कार्यों को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से संपादित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण शासन के हित में सुनिश्चित हो सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे सहित सभी शासकीय अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जिला जज ने सम्प्रेक्षण गृह व बालिका गृह का किया निरीक्षण

## किशोर-किशोरियों से की संवाद, सुविधाओं की ली जानकारी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 03 फरवरी 2026। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निदेर्शों के क्रम में जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर एवं किशोरी) तथा राजकीय बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी त्यागी भी उपस्थित रहीं।



निरीक्षण के समय माननीय जिला जज ने सम्प्रेक्षण गृह में निवासरत बालक एवं बालिकाओं से संवाद किया और उनके लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्हें उपलब्ध कराई जा रही भोजन व्यवस्था एवं अन्य भौतिक सुविधाओं का जायजा लिया।

**पुनर्वास एवं कौशल विकास पर जोर**

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी त्यागी ने बताया कि किशोर एवं किशोरियों के समग्र विकास के लिए सम्प्रेक्षण गृह में योग, नृत्य, सिलाई-बुनाई, कंप्यूटर कोर्स, अंग्रेजी संवाद प्रशिक्षण, ध्यान एवं आर्ट-क्राफ्ट जैसी गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किशोर-किशोरियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके पुनर्वास को सशक्त बनाना है।

माननीय जिला जज ने बच्चों के हित में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# विद्यार्थियों हेतु आई कैंप व बालिकाओं के एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा

## जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत आच्छादन के दिए निर्देश




समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 03 फरवरी 2026। जनपद में विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जा रहे नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविरों तथा बालिकाओं के सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय स्तर पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्वास्थ्य शिविरों का लाभ मिल सके और बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान हो।

**एचपीवी वैक्सीनेशन पर विशेष फोकस**

जिलाधिकारी ने बालिकाओं के सर्वाइकल (एचपीवी) टीकाकरण अभियान को गति देने पर जोर देते हुए कहा कि लक्षित आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को शत-प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित किया जाए। इसके लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी मंगलेश दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**(सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)**

# सेक्टर 19 नोएडा में 08 फरवरी 2026 को होगा विशाल हिन्दू सम्मेलन

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः नोएडा- देश के समस्त हिन्दुओं को संगठित कर सामाजिक समरसता आपसी सौहार्द बढ़ाने के लिए सेक्टर 19, 20 एवं सेक्टर 26 का होने वाला विशाल हिन्दू सम्मेलन, सेक्टर 19, नोएडा के बारातघर में दिनांक 08 फरवरी 2026 को दोपहर 02 बजे से होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में वक्ता गौतम खट्टर जी, संस्थापक सनातन महासंघ, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी पद्मनारायणाचार्य जी महाराज, मुख्य वक्ता सुमित जी महानगर प्रचारक एवं हिन्दू सम्मेलन समिति कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर पोरवाल जी होंगे कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से एवं समापन श्री राम चन्द्र जी की स्तुति से होगी। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सेक्टरों के सभी निवासियों से संपर्क किया जा रहा है एवं जन जन तक सूचना पहुंचाने के लिये दिनांक 31.01.2026 को सेक्टर 26 एवं



दिनांक 01.02.2026 को सेक्टर 19, एवं दिनांक 03.02.26 को सेक्टर 20 नोएडा में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर संघ के दायित्व वान कार्यकर्ता महेश जी, उत्कर्ष जी, सौरभ जी, कार्यक्रम अध्यक्ष सुधीर पोरवाल, संजय वाली जी,आर सी गुप्ता जी, राम पाल भाटी, पी एल कपूर, अक्षय जी,श्रीमती विनय गुप्ता, कनक लता कनक, रोहतास गोयल, पूरन पंचोली, प्रशुभ जी, के सी जोशी, संदीप पोरवाल, अनिल गोयल, श्रीमती साधना पवार,सरोजनी पोरवाल, विनीता पोरवाल,सुधा सचान, मनचंदा जी, चंदा जी,शाइनी मुरलीधरन, ममता सिंह,मुकेश, दया दत्त जी, गौरव जी, गंगा राम यादव,डी एस रावत, कन्हैया गुप्ता, विकास तिवारी, सूरज भान शर्मा, रमेश राठौर, पूरन सिंह, सुनील पोरवाल, सुनील वर्मा एवं भारी संख्या में सेक्टर वासी माताएं बहिनें शामिल रही।

विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दोपहर 2.00 बजे से शुरू होगा कर्यक्रम के समापन पर भोजन/ प्रसाद की भी व्यवस्था रहेगी सभी निवासियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेकर हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाएं ।

# लखनऊः सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की टिप्पणी से राजनीतिक माहौल गरमाया, सड़क में उतरे समर्थक

संदीप गर्ग / नोएडा : लखनऊ सरोजनीनगर से भाजपा विधायक एवं पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई टिप्पणी के बाद प्रदेश की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अजय राय ने एक सार्वजनिक बयान में डॉ. राजेश्वर सिंह पर प्रदेश और देश को "लूटने" जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिसे भाजपा नेताओं और समर्थकों ने पूरी तरह निराधार, आपत्तिजनक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित करार दिया है।

अजय राय ने अपने बयान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल डराने के लिए किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने डॉ. राजेश्वर सिंह की पूर्व सेवाओं से जुड़ी एजेंसी को लेकर भी बिना किसी ठोस प्रमाण के आरोप लगाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान को भाजपा ने न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करने की कोशिश बताया है, बल्कि इसे संस्थाओं और प्रशासनिक सेवाओं का अपमान भी करार दिया है।

**डॉ. राजेश्वर सिंह की साफ-सुथरी छवि और सेवा का हवाला**

भाजपा नेताओं का कहना है कि डॉ. राजेश्वर सिंह देश के उन चुनिंदा अधिकारियों में रहे हैं, जिन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, सख्ती और कानून के राज को प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल में कई बड़े आर्थिक अपराधों, माफिया नेटवर्क और भ्रष्टाचार के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई हुई, जिससे अपराधियों और उनके राजनीतिक संरक्षकों में असहजता स्वाभाविक है।

भाजपा का आरोप है कि इसी ईमानदार छवि और जनसमर्थन से घबराकर कांग्रेस नेतृत्व तथ्यहीन



आरोपों का सहारा ले रहा है। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि बिना किसी सबूत के इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मयार्दाओं के खिलाफ हैं।

**लखनऊ में समर्थकों का विरोध प्रदर्शन, माफी की मांग**

अजय राय के बयान के विरोध में डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थकों ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहीद पथ तिराहा, कानपुर रोड स्थित होटल हॉलिडे इन के सामने आयोजित किया गया, जहां सुबह 11 बजे से ही बड़ी संख्या में समर्थक जुटने लगे।

प्रदर्शन के दौरान समर्थकों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनकी टिप्पणी की कड़ी निंदा की और तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एक जिम्मेदार राजनीतिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की भाषा और आरोपों से बचना चाहिए।

प्रशासन सतर्क, हालात पर नजर

प्रदर्शन के दौरान स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माहौल को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**जनता का स्पष्ट संदेश**

सरोजनी नगर की जनताने साफ कहा है कि डॉ. राजेश्वर सिंह के सम्मान और छवि से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जनता ने प्रदर्शन के माध्यम से यह बता दिया है कि यदि इस तरह की बयानबाजी जारी रही और माफी नहीं मांगी गई, तो इसका अभी और भी कड़ा विरोध किया जाएगा।

# डीडी आरडब्लूए फेडरेशन का एक डेलिगेशन अध्यक्ष एन पी सिंह के नेतृत्व मे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से हुई मीटिंग.

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः डीडी आरडब्लूए फेडरेशन का एक डेलिगेशन अध्यक्ष एन पी सिंह के नेतृत्व मे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण मे श्री सौम्या श्रीवास्तव एसीईओ एवं श्रीलक्ष्मी एसीईओ से जनपद गौतमबुद्धनगर नोएडा४ -ग्रेटर नोएडा की मूलभूत समस्याओ के सम्बन्ध मे मिला। नोएडा शहर मे हुयी सैक्टर 150 की घटना के दौरान आयी शासन - प्रशासन व प्राधिकरण की अनियमितता के सम्बन्ध मे अवगत कराते हुये शहर आवयकताओ को उनके समक्ष रखा गया तथा एक पत्र डीडी आरडब्लूए की तरफ से दिया गया ।

**मीटिंग के दौरान पत्र में लिखा गई निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा करी गईः-**

1- किसी भी घटना पर तुरन्त कार्यवाही के लिए प्राधिकरण मे क्यू आर टी ( क्विक रेस्पांस टीम ) का गठन किया जाना आवश्यक है बडे -बडे गडढो व शहर गावं मे बनी हाई राईज सोसाइटीज के लिए आग लगने व सैक्टर 150 जैसी घटनाओ को रोकने के लिए प्राधिकरण सतर पर हेलीकॉप्टर की आवश्कता पर अवगत कराया गया। इसके सम्बन्ध मे श्री



सौम्या श्रीवास्तव एसीईओ के द्वारा पूरा विश्वास के साथ बताया कि इस सम्बन्ध मे तीनो प्राधिकरण की मीटिंग हुई है। माननीय मुख्य मन्त्री के द्वारा भी इस सम्बन्ध मे निर्देश दिये गए है। माननीय मुख्य मन्त्री उत्तर प्रदेश जी के निर्देश पर एन डी आर एफ/ एस डी आर एफ के लिए ग्रेटर नोएडा मे जल्द ही एक सेन्टर खोला जा रहा है। जिनकी डिमांड डीडी आरडब्ल्यूए फेडरेशन द्वारा सेक्टर 150 में हुई घटना के अगले दिन ही कर दी गई थी। सम्भवत इसी माह फरवरी मे , ग्रेटर नोएडा इसके लिए जगह उपलब्ध करायेगा।

सभी सम्बन्धित संसाधन उपलब्ध होगे टीम मे 30 अधिकारी / कर्मचारी होगे। हेलीकॉप्टर के बारे मे बताया कि यह अच्छा प्रपोजल है इसको सीईओ महोदय के समक्ष रखा जायेगा तथा बोर्ड मीटिंग मे रखकर चर्चा की जायेगी।

2- सडक व यू टर्न के लिए सभी सर्किल के इन्जीनियर को निर्देश दे दिया गया है कि वह सर्वे करके रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

3- शहर के नाले को कवर करने के सम्बन्ध मे बताया गया कि सभी इन्जीनियर को निर्देश कर दिया गया है कि नाटो की दीवार कम से कम तीन फीट करा दी जाये जिससे किसी दुर्घटना से बचा जा सके।

4- जल भराव के सम्बन्ध मे सभी सर्किल इन्जीनियर को सर्वे करके सभी आवश्यक कार्य कराने का निर्देश कर दिया गया है जिससे समस्या का समाधान हो सके।

5- नोएडा - ग्रेटर नोएडा - यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र मे शहर - गांव को आवागमन की समुचित सुविधा मिलने के लिए बताया कि इसका प्रपोजल तीनो प्राधिकरण ने मिलकर तैयार कर लिया है एयर पोर्ट के उद्घाटन के साथ ही 20 ई वी बसो का संचालन शुरू कर दिया जायेगा।

6- सिटीजन चार्टर लागू किये जाने के बताया गया कि माननीय मुख्य मन्त्री जी का निर्देश हुआ है शीघ्र लागू कर दिया जायेगा।

इस मीटिंग के दौरान एसीईओ श्री सौम्या श्रीवास्तव जी के द्वारा एसीईओ प्रेरणा जी से भी उनके सम्बन्धित ट्रांसपोर्ट के बारे मे टेलीफोन से वार्ता की गयी। डेलिगेशन मे डीडी आरडब्लूए अध्यक्ष एन पी सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महासचिव शेर सिंह भाटी , सतबीर मुखिया , ममता तिवारी, सतपाल नागर , व श्रीपाल फौजी उपस्थित रहे।

# शालिनी के प्रयास भारत को वैश्विक खेल शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे - कलराज मिश्रा

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र से उनके नोएडा स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बृजभूषण शरण सिंह के नेतृत्व में नोएडा में आयोजित प्रो रेसलिंग लीग के सफल आयोजन, खिलाड़ियों एवं पैरा खिलाड़ियों को मिल रहे मंच तथा खेलों और पैरा खेलों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा ने शालिनी सिंह द्वारा नोएडा में खेल एवं पैरा खेल संस्कृति को सशक्त करने, जमीनी स्तर पर सामान्य एवं पैरा प्रतिभाओं को आगे लाने तथा ओलंपिक एवं पैरा ओलंपिक में देश के पदक बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों और उनके कुशल नेतृत्व की भी



विशेष रूप से सराहना की गई। उनके प्रयासों से क्षेत्र में कुश्ती सहित अन्य खेलों एवं पैरा खेलों को नई पहचान मिल रही है और युवा खिलाड़ियों व पैरा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शालिनी सिंह के सशक्त नेतृत्व में देश के खिलाड़ी और पैरा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की विजय-पताका लहराएंगे। उनके प्रयास भारत को वैश्विक खेल शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

मुलाकात में यूजीसी से जुड़े विषयों पर छात्रों के हित में आवाज उठाने और शिक्षा क्षेत्र में संतुलित एवं न्यायसंगत नीतियों के समर्थन के लिए पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र के प्रति पूर्व संसद ने आभार व्यक्त किया गया।

# त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

नोएडा, 03 फरवरी 2026। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को एसवीएस गौर पब्लिक स्कूल, चिपियाना बुजुर्ग, नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में किया



गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र अध्यक्ष एवं निदेशक अंकित शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर शिविर के प्रशिक्षक योगी सत्यकाम तिवारी ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास का महत्व बताया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास भी कराया।

योग प्रशिक्षण शिविर का समापन शांतिपाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए की बी.एस. फाउंडेशन ने की निःशुल्क सिलाई केंद्र की स्थापना

समाज जागरण

नोएडा बी.एस. फाउंडेशन द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. बबीता शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर-49 स्तिथ बरौला गांव में पहला निःशुल्क सिलाई केंद्र की स्थापना की गई है।

इस पहल की शुरूआत पारुल कुमारी के जीवन संघर्ष से जुड़ी है। पारुल कुमारी ने पहले कॉस्मेटिक की दुकान खोली थी, लेकिन ग्राहकों की कमी के कारण दुकान नहीं चल पाई। किराया, सामान और आर्थिक दबाव ने उन्हें गंभीर संकट में डाल दिया ऐसे कठिन समय में बी.एस. फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. बबीता शर्मा ने पारुल कुमारी का हाथ थामा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का नया मार्ग दिखाया।

डॉ. बबीता शर्मा ने पारुल को सुझाव दिया कि बी.एस. फाउंडेशन के माध्यम से एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करते हैं जहाँ आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाएं और युवा लड़कियाँ सिलाई



का प्रशिक्षण लेकर अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। बी.एस. फाउंडेशन की ओर से पारुल कुमारी को उच्च गुणवत्ता की सिलाई मशीन, तथा सिलाई से जुड़ा समस्त आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया। साथ ही आसपास की पांच छात्राओं को चिन्हित कर सिलाई प्रशिक्षण की शुरूआत करवाई गई।

फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. बबीता शर्मा ने कहा कि यदि महिलाएं एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें, तो केवल एक परिवार नहीं बल्कि पूरा समाज सशक्त होता है। विकास का असली मंत्र यही है कि यदि आप संभल गए हैं, तो अपने पीछे रह गए लोगों को भी साथ लेकर चलें। उनहोने बताया कि सिलाई सीखने आने वाली महिलाओं की पूरी फीस बी.एस. फाउंडेशन द्वारा वहन की जाएगी। धागा, कैंची, कटर एवं सिलाई से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री भी फाउंडेशन की ओर से ही उपलब्ध कराई जाएगी।



इस अवसर पर बी.एस. फाउंडेशन की महिला टीम उपस्थित रही।

# थाना जारचा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दर्ज मु.अ.सं. 16/2026 अंतर्गत धारा 191(2), 115(2), 352, 110, 125, 109(1), 3(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शहजाद पुत्र अख्तर, निवासी ग्राम सीदीपुर, थाना जारचा को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया।




पुलिस के अनुसार वादी द्वारा थाना जारचा पर अभियुक्तगण अफसर, तौसीन और मोहम्मद अली के विरुद्ध वादी के भतीजों व पड़ोसियों के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी प्रकरण में अभियुक्त शहजाद फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद की उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है और वह ग्राम सीदीपुर, थाना जारचा, जिला गौतमबुद्धनगर का निवासी है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# दहेज को लेकर हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर मंडावर। तीन दिन पहले मां को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया था पेश। थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर देवमल मे शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों मे एक महिला का शव कमरे मे फांसी के फंदे पर लटका मिला सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही महिला के मायके वालो ने पति सहित अन्य सुसराल पक्ष के लोगो पर दहेज के लिए महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने मे तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव ज्वाला चंडी निवासी हरवीर सिंह ने बताया था कि उन्होंने अपनी पुत्री दामिनी उर्फ सोनी की शादी दो वर्ष पूर्व 17 जनवरी 2024 को पूरी रिति रीवाज के साथ थाना मंडावर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर देवमल निवासी अभिषेक पुत्र मुन्नू के साथ की थीं। उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक अभिषेक की मांग पर दहेज मे शिफ्ट कार व अन्य सामान दिया था। लेकिन अभिषेक दहेज मे दी शिफ्ट कार से खुश नहीं था ओर वह स्कॉर्पियो की मांग करने लगा था।जिसके बाद वह स्कॉर्पियो लेने के लिए दामिनी पर मायके से पांच लाख रुपए लाने का दवाब बनाने लगा था।दामिनी के पिता हरवीर सिंह ने दामिनी के पति अभिषेक, ससुर मुन्नू, सास रेखा व देवर भूरे पर दामिनी की हत्या करने का आरोप लगाया था।थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने तहरीर के आधार पर मृतक महिला के पति सहित सास, ससुर व देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई थी। जिसमे रविवार को पुलिस ने रेखा पत्नी मुन्नु को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया था।और सोमवार को अभिषेक पुत्र मुन्नू को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।वही थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि फरार चल रहे दोनों आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बजट-2026 देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला : कपिल देव अग्रवाल

**समाज जागरण मुस्कान खान**



माननीय प्रभारी मंत्री जनपद बिजनौर एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश श्री कपिल देव अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में बजट के संबंध में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बजट-2026 के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

श्री अग्रवाल ने कहा कि बजट-2026 का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था की उत्पादकता एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ बनाना है। यह बजट देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने, उन्हें समृद्ध बनाने तथा सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिससे हर क्षेत्र और हर समुदाय को समान अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि बजट में कौशल विकास, रोजगार सृजन, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे प्रदेश और देश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला सहित जनप्रतिनिधिगण एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे द्विवतीय दिवस पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद मे स्थित नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे द्वितीय दिवस का पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे चेयरमैन मुअज्जम इंजीनियर नगर पालिका नजीबाबाद के उपस्थित रहे।






कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेप ग्राउंड में वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही भारत बैंकट हॉल से स्टेप ग्राउंड तक एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था।

विद्यालय की प्रधानाचार्या शबाना परवीन ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है।

रैली को सफल बनाने में विद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। और कहा आज नहीं तो फिर कभी नहीं रैली की सफलता में शिक्षिकाओं शगुफ्ता नाज, मेहरीन नसरीन एवं विनोद कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और इस प्रकार यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

# समारोह पूर्वक नगर पालिका संघ जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील ने वार्ड सभासदो के सहयोग से किया कम्बलों का वितरण

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर नगीना ।नगर पालिका परिषद ने गरीब - असहाय लोगों को कड़ाके कि सर्दी से बचने के लिए 2501 कंबलों का वितरण समारोह पूर्वक नगर पालिका संघ जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील ने वार्ड सभासदो के सहयोग से वितरण किये।नगर पालिका परिषद बोर्ड की पूर्व बैठक में वार्ड मेंबरों की मांग पर कंबल वितरण करने का प्रस्ताव पास किया गया था। मंगलवार की सुबह 10 बजे एम एम इंटर कॉलेज के मैदान में कंबलों का वितरण के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया तथा बेस्ट क्वालिटी के कंबलों का वितरण करने के लिए प्रती वार्ड के हिसाब से 25 काउंटर लगाए गए थे। जिन पर सभासद अपने-अपने वार्ड के गरीब व असहाय 2501 लोगो, वृद्ध, वृद्धाओ, विधवाओं को कंबलों का वितरण किया गया।

कंबल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील ने सभी अलग- अलग 25 काउंटरो पर पहुंच कर गरीब, असहाय, विकलांगों, विधवाओं, वृद्ध, वृद्धाओ, को अपने हाथों से कंबल देकर कंबल वितरण का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अरशद मसूद, डॉक्टर दाऊद मुल्तानी, डॉ अंजू बिश्नोई, वार्ड सभासद कपिल पवार, रोहित बिश्नोई, बृजमोहन उर्फ बाली बिश्नोई गोपाल शर्मा, चांद अहमद, मोहम्मद तालिब, रामकुमार यादव, मौ राशिद, समेत सभी सभासदगण व पालिका से असलम अहमद, संदीप वाल्मीकि, धीरज राय वर्मा, इफ्तिखार जैदी, तलत अहमद, मुनीर अहमद जैदी, नरेश कुमार, रोहित कुमार, महेश उर्फ दारा, बिट्टू कुमार नायक अरविंद कुमार धीरज कुमार समेत पूरा पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

इस अवसर पर चेयर पर्सन के पुत्र सहराज खलील, शेख अंजार सैफी, मुजीबुर्रहमान उर्फ भूरे भाई, शेख सदन ठेकेदार, जुबैर जैदी, काजी अमीर, शोएब, परवेज शेख, आलमगीर खलीफा, वकील कुरैशी, अफजाल कुरैशी सहित पूरी टीम ने वितरण कार्य में सहयोग किया।

# भंडारे से लौटते समय युवक पर लाठी-डंडों से हमला, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट । नगर में भंडारे से लौट रहे एक युवक पर मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शेखान निवासी अमन सैनी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि विगत दिनों वह अपने परिवार के साथ भंडारा खाने गया था। वापस लौटते समय नहर के पास मोहल्ले के ही गौतम सैनी, गौरव सैनी, सुमित सैनी तथा अजित सैनी, निवासीगण मोहल्ला शेखान ने पुरानी रंजिश को लेकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अमन सैनी को हाथ-पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के एकत्र होने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# महिला उत्पीड़न की रोकथाम व जनसुनवाई करेंगी

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह का आज सम्भल भ्रमण

**समाज जागरण**

बहजोई। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह का आज जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। भ्रमण के दौरान वह महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा महिला उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की समीक्षा करेंगी।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह की अध्यक्षता में सुबह 11:00 बजे जनसुनवाई का आयोजन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, सम्भल में किया जाएगा। जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सदस्य द्वारा चिकित्सालय, विद्यालय, बालिका/महिला गृह एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना भी प्रस्तावित है, जिससे महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

# पिंजड़े में फंसा गुलदार, लोगो ने ली राहत की सांस

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर। बिजनौर के थाना क्षेत्र चांदपुर के गाँव बवनपुर व तालिबपुर के जंगल मे कई दिन से गुलदार दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने वन विभाग से कहकर कल पिंजड़ा लगवाया जिसमे आज लगभग सुबह 5 बजे के करीब गुलदार पिंजड़े मे फस गया। बवनपुर पुलिस चौकी के निकटवर्ती गाँव तालिबपुर मे किसान नेता सोमपाल सिंह के सरसो के खेत पर कई दिन



गुलदार देखा जा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई वन विभाग ने कल उनके खेत पर पिंजड़ा लगवाया गया। सुबह लगभग 5 बजे गुलदार पिंजड़े मे फस गया। गुलदार के फसे होने की खबर से आसपास के कई गाँव के लोगो की भीड़ गुलदार को देखने के लिए लग गई। सूचना पर वन विभाग की टीम व बवनपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को हटाया। वन विभाग की टीम के गौरव कुमार अल्ताफ व वन रेंजर ने स्थानीय पुलिस की मदद से पिंजड़े को गाड़ी मे चढ़ा कर अपने साथ ले गये। उस समय भिडिया खेड़ा, तालिबपुर, बवनपुर, मिजार्पुर, बकैना आदि कई गाँव के लोग मौजूद रहे। वहीं कुछ लोगो का कहना है की अभी दो से तीन गुलदार इसी जगह और है। जिस गुलदार ने कल नीलगाय को मारा था वह पकड़ा गया गुलदार नही बल्कि दूसरा था वहीं गुलदार के पकड़े जाने से लोगो ने राहत की सांस ली है।

# प्रशांत नागर ने संभाला फिरोजाबाद नगर निगम का चार्ज: विकास कार्यों को गति देने और समस्याओं के समाधान पर जोर

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! नगर निगम को मंगलवार को नया नेतृत्व मिला। नवागत नगर आयुक्त प्रशांत नगर ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने नगर निगम परिसर स्थित सभी विभागों और कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त प्रशांत नगर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद किया। उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली, लंबित कार्यों और शहर से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त के रूप में यह उनका पहला कार्यभार है और शहर की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर में चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, सड़क और प्रकाश व्यवस्था सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए।।

प्रशांत नगर ने कहा कि नगर निगम आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने जनता को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बताया।

इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त निहाल सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने नवागत नगर आयुक्त का स्वागत किया और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# मुख्यमंत्री समूहिक विवाह समारोह में 97 दंपति दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत आज जसराना ब्लॉक के शारदा रिसोर्ट में एक भव्य सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहें, जबकि इनके अलावा जसराना की ब्लॉक प्रमुख संध्या राजपूत और बीडीओ जितेन्द्र सिंह और समाज कल्याण अधिकारी राजमती भी उपस्थित रहीं, समारोह में कुल 97 जोड़ों ने एक दूसरें का हाथ थाम कर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की, सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करते हुए इस आयोजन में विभिन्न वर्गों की भागीदारी रहीं, जिनमें पिछडा वर्ग से 55 जोडे, अनुसूचित जाति से 34 जोड़ों, अल्पसंख्यक वर्ग से 5 जोड़े और सामान्य वर्ग से 3 जोड़े रहें, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों पर फूल वर्षा कर उन्हे सुखी जीवन का उन्हे आशीर्वाद दिया, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहीं है, सामुहिक विवाह योजना से समाज में एकजुटता का संदेश मिलता है, आज इन 97 जोड़ों को नई शुरूआत करते देखकर अत्यंत प्रशंसा हो रही है, समारोह में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कन्या पक्ष एवं वर पक्ष के परिजन मौजूद रहें, सभी जोडों को सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि और उपहार भेंट कर विदा किया गया।

# भाजपा और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता व आम लोग रहे मौजूद

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। नगर में आठ फरवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन नारायण इंटर कालेज के ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन की सफलता के लिए मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली का मार्ग में स्वागत किया गया।

रैली में शामिल हिंदू वादी संगठन के पदाधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता हाथ में केसरिया ध्वज लेकर चल रहे थे। लोग जय श्रीराम के उदघोष करते हुए चल रहे थे। रैली नारायण इण्टर कॉलेज के प्रांगण से प्रारम्भ होकर कटरा बाजार व बड़ा बाजार होते हुए पुनः कॉलेज प्रांगण पर समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य नगर में 8 फरवरी को नारायण इण्टर कॉलेज में होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के सम्बन्ध में नागरिकों को अवगत कराना था। दोनों बाजारों में बाइक रैली का पूर्ण हर्ष के साथ स्वागत किया गया। जिला प्रचारक संदीप ने बताया कि 8 फरवरी को नारायण इण्टर कॉलेज में प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर का उद्बोधन नगरवासियों को प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी व विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। यह समय अपनी सामूहिक शक्ति का परिचय कराने का है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में नगरवासियों से सम्मेलन में आने का निवेदन किया।

रैली में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, हरजीत मल्होत्रा,सोनी गंभीर,शेखर ग्रवाल,अंकुर वर्मा, संजय जाट,अमन अग्रवाल,सतीश यादव,गगन कठेरिया,राजा यादव, मयंक तिवारी आदि सम्मिलित हुए।

# पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री पिछड़ा मोर्चा व बरिष्ठ भाजपा नेता का स्वागत करते हुए डा. रामकैलाश यादव व अन्य

**समाज जागरण**



शिकोहाबाद। आवास विकास कालोनी स्थित भाजपा नेता डा. रामकैलाश यादव के आवास पर भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री पूरनलाल लोधी और भाजपा नेता डाक्टर महेश योगी का पुष्प माला और पटका पहना कर जोशीला स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. रामकैलाश यादव के आवास विकास कालोनी स्थित आवास पर पूर्व भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग बरेली के पूरनलाल लोधी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डाक्टर महेश योगी आगरा जाते समय उनके आवास पर रुके। इस दौरान डा. रामकैलाश यादव, उनके अनुज अमरपाल यादव और पूर्व सभासद रविंद्र सिंह ने उनका पुष्प माला और पटका पहना कर स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता आगरा के लिए रवाना हो गये।

# बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम है वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता सप्ताह : डॉ. दिलीप यादव

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद । बालाजी नहर शिकोहाबाद स्थित एफ एस विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में सोमवार को तिरुपति ग्रुप के संतोष यादव, कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ. राहुल यादव एवं डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज तथा महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर दौड़, गोला फेंक सहित सत्र 2026-27 की कई अन्य वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारम्भ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने क्रिकेट प्रतियोगिता के दोनों टीमों के कप्तानों को आमंत्रित कर टॉस कराया तथा खिलाड़ियों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। खेल-कूद प्रतियोगिता के प्रभारी गजेन्द्र यादव एवं डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान रहे।

कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव ने कहा कि, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद का भी विशेष महत्व है। खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 1200 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने को मिला।

# संभल आगमन का निमंत्रण मंत्री ने किया स्वीकार

## औषधि विभाग के मंत्री से मिला केमिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल

**समाज जागरण**



संभल।केमिस्ट एसोसिएशन संभल का प्रतिनिधि मंडल आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु से लखनऊ में उनके सरकारी निवास पर मिला। संभल आगमन का निमंत्रण दिया। जिसे राज्य मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। केमिस्ट एसोसिएशन संभल के अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में अंकुश त्यागी, अतुल कुमार त्यागी ने लखनऊ में डॉ . दयाशंकर मिश्र दयालु से शिष्टाचार भेंट की। उन्हें केमिस्ट बंधुओं की समस्याओं, विभागीय अधिकारियों के सराहनीय सहयोग एवं शासन से अपेक्षाओं के संबंध में वार्ता की। केमिस्ट एसोसिएशन के अजय कुमार शर्मा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को संभल आगमन का निमंत्रण दिया। जिसे स्वीकार करते हुए यथाशीघ्र समय मिलने पर आ का वायदा किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र में कहा कि यथाशीघ्र केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया जाएगा। और संभल में स्थित भगवान श्री कल्कि विष्णु मंदिर में कल्कि भगवान के दर्शन भी करेंगे। अंकुश त्यागी ने औषधि प्रशासन मंत्री से कहा कि आपके संभल आगमन से केमिस्ट बंधुओं, विभागीय अधिकारियों, तथा आम जनता में उत्साह, निष्ठा एवं समर्पण का भाव मजबूत होगा। प्रतिनिधि मंडल के अतुल कुमार त्यागी नविता रामानी मंत्री जी के संभल आगमन पर होने वाले उनके अभिनंदन कार्यक्रम में केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी, भारतीय इतिहास संकलन समिति, चिकित्सक संगठन, समाजसेवियों तथा ब्राह्मण संगठनों से जुड़े सभी विशिष्ट एवं जन सामान्य को आमंत्रित किया जाएगा। तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में अजय कुमार शर्मा, अंकुश त्यागी एवं अतुल कुमार त्यागी सम्मिलित रहे।

# काल बनकर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, कार्रवाई में प्रशासन नाकाम

## ओवरलोड व ओवरहाइट ट्रकों से हर साल जाती हैं जानें, फिर भी चुप्पी क्यों?

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता : धर्मेन्द्र कुमार**



मेरठ। जनपद मेरठ में गन्ना मिलों की ओर जाने वाले मार्गों पर ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रकों का खुलेआम संचालन जारी है। सड़कों पर हर तरफ ऐसे ट्रक दिखाई दे जाते हैं, जो आम जनता के लिए साक्षात मौत बनकर दौड़ रहे हैं। हर वर्ष इन अवैध वाहनों की वजह से कई लोगों की जान चली जाती है, इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर किन कारणों से प्रशासन ऐसे जानलेवा वाहनों पर हाथ डालने से कतराता है। गन्ना मिलों में भैंसा-बुग्गी की तौल निर्धारित है, किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉली की भी तौल तय है, लेकिन गन्ना मिलों तक गन्ना पहुंचाने वाले भारी ट्रकों और गन्ना धुलाई में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की तौल सीमा क्यों निर्धारित नहीं की गई है?

यह स्थिति कहीं न कहीं मिल प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल खड़े करती है, क्योंकि ओवरलोडिंग बिना उनकी सहमति के संभव नहीं मानी जा सकती। जानकारों का कहना है कि एक तरह से मिल प्रबंधन भी इस अवैध ओवरलोडिंग में सहायक बन रहा है।

हर साल जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जब ओवरलोड ट्रक कभी किसी वाहन पर पलट जाता है, तो कभी बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लेता है। इन हादसों में निर्दोष लोग अपनी जान गंवा देते हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं।

इतना ही नहीं, इन अवैध वाहनों के कारण सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ओवरलोडिंग पर लगने वाला जुमार्ना और कर यदि सही ढंग से वसूला जाए, तो सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हो सकता है। इसके बावजूद सब कुछ सामने होते हुए भी अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा, या फिर समय रहते इन ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों पर सख्त कार्रवाई कर आम जनता की जान और सरकारी राजस्व दोनों की रक्षा करेगा?

# बिजली तार चोरी की सनसनीखेज वारदात, 13 खंभों से तार गायब

-भभीसा-कनियान मार्ग पर अंधेरा, विद्युत आपूर्ति ठप; विभाग को भारी नुकसान
-ग्रामीणों में आक्रोश, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग; पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के भभीसा-कनियान मार्ग पर बिजली के तार चोरी होने की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से सड़क किनारे लगे लगभग 13 बिजली खंभों से तार चोरी कर लिए, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों के घरों में अंधेरा छा गया और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बताया जा रहा है कि चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद देखी तो मामले की जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आशीष श्रीवास्तव विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर तार पूरी तरह गायब मिले, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। उपखंड अधिकारी आशीष श्रीवास्तव ने इस घटना के संबंध में थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि भभीसा-कनियान मार्ग पर 13 बिजली खंभों से तार चोरी हुए हैं। विभाग द्वारा चोरी गए तारों की लंबाई और कीमत का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार विभाग को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। इधर, बिजली के तार चोरी होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।
लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन रात्रि गश्त प्रभावी नहीं हो पा रही है।
ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए और चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों के कार्य और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

# गैस लीक होने से घर में लगी आग, महिला झुलसी, हजारों का नुकसान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घर में खाना बना रही महिला के सामने ही अचानक आग भड़क उठी, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में महिला मामूली रूप से झुलस गई, जबकि घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से पीड़ित परिवार को हजारों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी कासिम की पत्नी रुखसार मंगलवार को अपने घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस पाइप से गैस लीक होने लगी। रुखसार कुछ समझ पातीं, उससे पहले ही चिंगारी लगने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में घिरने से महिला झुलस गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। आग की लपटें देखकर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पानी और अन्य साधनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, अन्यथा आग पास के अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। हादसे में घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य कीमती घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। वहीं, घटना के बाद गांव में गैस सिलेंडर की सुरक्षा को लेकर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# नालों की सफाई के बाद सड़क पर छोड़ा मलबा बना मुसीबत

-दुकानदारों और राहगीरों में रोष, पालिका प्रशासन के खिलाफ हंगामा
शिकायत के बाद भी नहीं उठा मलबा, डीएम से लगाई गुहार

**समाज जागरण कांधला।**



कस्बे के गंगेरू मार्ग पर पालिका द्वारा कराई गई नालों की सफाई अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। आरोप है कि सफाई कर्मचारियों ने नालों से निकाले गए मलबे को सड़क पर ही डाल दिया, जिसे अब तक हटाया नहीं गया है। सड़क पर फैला यह मलबा दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर पड़े मलबे के कारण ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया और चार पहिया वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद मलबा नहीं उठाया गया।प्रशासन की अनदेखी से नाराज दुकानदारों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया तथा जल्द समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने कहा कि यदि समय रहते मलबा नहीं हटाया गया तो उन्हें और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हालात ऐसे हैं कि दुकानों के सामने गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर पीड़ित दुकान दारों ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को शिकायत पत्र भेजकर हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। दुकान दारों ने मांग की है कि सड़क से तत्काल मलबा हटवाया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।इस दौरान शाहिद, मतलूब, आशु, अनीस, इसरार, अफसर, हसीन, खुर्शीद, एहसान व कैफ सहित आदि मौजूद रहे।

# खून की जांच सीएचसी से बाहर कराने को लेकर हंगामा

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) एक भाजपा ने शामली सीएचसी में तैनात एक महिला कर्मचारी पर मरीज से खून की जांच के टैस्ट बाहर से कराने के आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पीडित ने मामले की शिकायत अधिकारियों से करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री आरिफ हवारी ने सीएचसी शामली में हंगामा किया। उन्होने बताया कि उनकी भाभी को पिछले करीब 6 माह से सीएचसी शामली में ईलाज चल रहा है। जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेंद्र कुमार द्वारा खून की जांच लिखी गई थी, लेकिन एक सप्ताह से भाभी की खून की जांच नही हो पा रही है। उन्होने आरोप लगाया कि लैब कर्मचारी द्वारा मरीज को सवेरे 8 बजे बुला लिया जाता है, लेकिन स्वयं वह 11 बजे पहुंचती है। उन्होने बताया कि सीए चसी में सभी जांच उपलब्ध होने के बावजूद उक्त कर्मचारी द्वारा खून की जांच बाहर से कराने का दबाव बनाया गया, जिसका विरोध किया गया तो मरीज के साथ काफी अभद्रता की गई। आरोप लगाया कि सरकार को बदनाम करने की नियम से यह सब कार्य किया जा रहा है। उन्होने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से करने की बात कही है। वही चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक ने बताया कि मामले की जांच की जायेगी। लैब में जाकर देखा गया है कि सभी जांच हुई है।

# रासेयो की तीनों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**




शामली। शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के लिए ग्राम मुंडेट कलां का चयन किया गया, जहां एनएसएस स्वयं सेवकों ने जनकल्याण एवं सामाजिक उत्थान से जुड़ी गति विधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य लोकेश कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राणा, डॉ. प्रीतम सिंह एवं प्रो. गायत्री त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर वातावरण को ऊर्जा और अनुशासन से भर दिया। प्राचार्य लोकेश कुमार ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है। इस संदेश को लेकर गांव तक पहुंचना सराहनीय प्रयास है। जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण ही इस अभियान की वास्तविक सफलता है।स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम मुंडेट कलां में जल संरक्षण, जल जागरूकता एवं पॉलिथीन हटाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व, जल अपव्यय से होने वाले नुकसान तथा पॉलिथीन के पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

# नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ का स्वागत

**समाज जागरण शामली**

मंगलवार को शामली सीएचसी में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेंद्र कुमार का समाजसेवी लोगों ने स्वागत किया। शामली सीएचसी में हाल ही में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. विजेंद्र कुमार की तैनाती हुई है, जिसके बाद सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाऐं मिल सकी। मंगलवार को समाजसेवी पप्पन देसाई केडी व राष्ट्रीय महिला एकता संगठन शामली की जिला अध्यक्ष सोनम, पूर्वप्रधान रामनिवास ने डा. बिजेन्द्र का बुके भेट कर स्वागत किया। उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पहले डिस्टिक अस्पताल या मुजफ्फरनगर जाना पडता था, लेकिन अब शामली सीएचसी में ही उपचार मिल पा रहा है।

# मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक निर्माण कार्य चालू

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )शहर के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर नगर पालिका द्वारा मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू कर दिया है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने मंगलवार को ट्रेक के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और उचित दिशा निर्देश दिये। नगर पालिका क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक के लिए कोई बेहतर स्थान न होने पर नगर पालिका ने शामली के नवीन मंडी रोड



स्थित मुंडेट रोड पर ट्रेक का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। इससे सवेरे मॉर्निंग वॉक के लिए जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मौके पर पहुंचकर कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बताया कि यह ट्रेक 15 फुट चौडा और करीब एक किलोमीटर दोनो ओर से लंबा होगा। ट्रेक पर घूमने वालों के लिए बैठने की बेहतर सुविधा होगा। पौधे लगाये जायेगी और रात्रि के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाईटे लगाई जायेगी। बताया कि शामली के लोगों के लिए यह टहलने के लिए बेहतर स्थान साबित होगा, जिससे सभी को सुविधाऐं मिल सकेगी और इससे यातायात पर भी कोई प्रभाव नही पडेगा।

# स्मार्ट मीटर से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर सीएम के नाम अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला शामली के प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह से मुलाकात कर स्मार्ट मीटर से जुड़ी गंभीर समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद व्यापारियों एवं उद्योगों को अनावश्यक रूप से बढ़े हुए बिजली बिल, तकनीकी खराबी, गलत रीडिंग तथा शिकायतों के समय पर निस्तारण न होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों तथा उद्योगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होने अनुरोध किया गया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित इन समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचा कर शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही कराई जाए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके।
एसई वीरेंद्र सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा समस्याओं के समाधान हेतु उचित स्तर पर कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौरव रुहेला, नमन गोयल, शुभम गर्ग, आशीष गर्ग, कन्हैया संगल, गर्वित गर्ग, संजीव कुमार, किशन गर्ग उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षकों की समस्यायों के निस्तारण की मांग को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा परिषदीय विद्यालयों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में महिला शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी, बालिकाओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा महिला शिक्षकों की विभागीय समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर बीएसए को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ की जिलाध्यक्ष पूनम तोमर ने अवगत कराया कि न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में महिला शिक्षकों को केवल सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित रखा जा रहा है, जबकि उन्हें रेफरी, निर्णायक एवं टीम मैनेजर जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएं भी दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में बीपीएड योग्यता प्राप्त कई महिला शिक्षक कार्यरत हैं, जिनकी खेल संबंधी विशेषज्ञता का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। कहा कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत निशुल्क सेनेटरी पैड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खेल प्रतियोगिताओं के दौरान बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय, चेंजिंग रूम तथा महिला अटेंडेंट की तैनाती अनिवार्य की जाए, जिससे वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सहजता से साझा कर सकें। चाइल्ड केयर लीव को पारदर्शी व सुगम तरीके से स्वीकृत करने तथा विद्यालयों एवं विभागीय आयोजनों में महिला शिक्षकों के लिए गरिमापूर्ण वातावरण और उचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। बालिकाओं के लिए संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में महिला अतिथियों एवं वरिष्ठ महिला शिक्षकों को मंच पर स्थान देने का भी आग्रह किया गया। कहा कि यदि खेल के मैदान में महिला शिक्षक रेफरी एवं कोच की भूमिका में होंगी, तो ग्रामीण अंचल की बालिकाओं में खेल के प्रति आत्म विश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होगी।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर चलाया व्यापक जन जागरुकता अभियान

**समाज जागरण**




शामली। (फुरकान जंग )बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत सिंभालका में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एक फरवरी से 8 मार्च तक ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, वार्डों एवं समुदाय स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने की, जिन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प दिलाया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ समाज में विधिक जागरूकता एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना है। पारूल चौधरी ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा इसमें सहयोग करने पर दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक का जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में शामिल बराती, मौलवी/पंडित, फोटोग्राफर, टेंट, कैटरिंग एवं बैंड संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में सीड ब्ल्यूसी से कुलदीप शर्मा, सचिन कुमार, रीतू रानी, अंशिका आदि मौजूद रहे।

# खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्चुअल माध्यम से खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की छह परियोजनाओं की आधारशिला रखी; देश भर में दो एथलीट-केंद्रित सुविधाओं का उद्घाटन किया

खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत 120 करोड़ रुपये के निवेश से भारत का खेल इको-सिस्टम मजबूत हुआ

हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उस विजन को साकार करने के लिए काम करना चाहिए जिसके तहत भारत को 2036 तक शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में स्थान दिलाना है और स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर शीर्ष पांच राष्ट्रों में शामिल होना है - डॉ. मांडविया युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज वर्चुअल माध्यम से खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की छह प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी और दो एथलीट सहायता सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें कुल 120 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। ये पहल भारत के खेल इको-सिस्टम को मजबूत करने और देश भर में विश्व स्तरीय, एथलीट-केंद्रित इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेलो इंडिया योजना के तहत जिन छह परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उन्हें कुल 82 करोड़ रुपये की लागत से कार्यान्वित किया जाएगा और इसमें भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से अतिरिक्त सहायता भी मिलेगी। ये परियोजनाएं भौगोलिक रूप से पूरे देश में फैली हुई हैं, जिनमें उत्तर-पूर्वी और पूर्वी क्षेत्र भी शामिल हैं, जिससे संतुलित और समावेशी खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास सुनिश्चित होता है। इनमें बेंगलुरु में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का उन्नयन, पटियाला में एक बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण, भोपाल, गुवाहाटी और जलपाईगुड़ी में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना और भोपाल में एक बहुउद्देशीय जूडो हॉल का निर्माण शामिल है। आधा रशिला रखने के अलावा, डॉ. मांडविया ने पटियाला स्थित एनएस एनआईएस में 38 करोड़ रुपये के कुल निवेश से निर्मित दो पूर्ण हो चुकी एथलीट सहायता सुविधाओं का उद्घाटन किया। इनमें एथलीटों के पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक केंद्रीकृत रसोईघर और फूड कोर्ट-सह-डाइनिंग हॉल और एक अत्याधुनिक एकीकृत खेल विज्ञान केंद्र और कंडीशनिंग हॉल शामिल हैं, जो उत्कृष्ट एथलीटों के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण सहायता, प्रदर्शन विश्लेषण,

पुनर्वास और रिकवरी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना करते हुए और परिसंपत्ति प्रबंधन में एसएआई की जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, देश भर में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की कई परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं, लेकिन एसएआई के अंतर्गत आने वाली सुविधाएं सीधे तौर पर हमारी जिम्मेदारी हैं। इन परिसंपत्तियों का उचित रखरखाव, मनोनुकूल इस्तेमाल और जहां संभव हो, व्यावसायिक लाभ सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि सार्वजनिक निवेश से दीर्घकालिक मूल्य का सृजन जारी रहे।

# बंद मकान पर कार सवार बदमाशों ने की फायरिंग, फैली दहशत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) देर रात्रि बंद मकान पर कार सवार बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की घटना से दहशत फैल गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कई हो गई है। वही मकान पर की गई फायरिंग के बाद परिवार में दहशत व्याप्त है। पीडितों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बदमाशों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी चरण सिंह कालोनी निवासी अनुज निर्वाल पुत्र स्व हरेन्द्र सिंह सोमवार देर रात्रि अपने मकान के गेट बंद कर परिवार के साथ घर में बैठा था। रात्रि करीब 10:20 बजे कार सवार बदमाश घर के बाहर पहुंचे और पहले तो कार आगे लेकर निकल गए, लेकिन बाद में कार को बेक करते हुए घर के बाहर आकर फायरिंग की। गोली की आवाज सुनकर पूरे मोहल्ले में दहशत



फैल गई। बाद में कार सवार बदमाश तेजी से कार लेकर गोहरनी बाईपास की ओर फरार हो गया। बदमाशों द्वारा गोली चलाने की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गोली मकान के लोहे के गेट में लगी है, जो आरपार नही हो सकी। वरना घर में बैठे लोगों को गोली लग सकती थी। जिसके बाद परिजन घर के बाहर पहुंचे और मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से खोखा बरामद करते हुए पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। रात्रि में मकान पर हुई फायरिंग के बाद पीडित परिवार में दहशत व्याप्त है। पीडितों ने पुलिस ने जल्द से जल्द बदमाशों के पकडे जाने की मांग की है।

# छात्र की हत्या का सनसनीखेज खुलासा, दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम ईस्सोपुर टील में हुई छात्र की हत्या की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू तथा बाइक भी बरामद की है। मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे अरशद उर्फ असद पुत्र सलीम निवासी ग्राम ईस्सोपुर टील अपने गांव के विराट पुत्र नीटू के साथ बाइक से गांव के बाहर स्थित दुकान पर पहुंचा था। वहां पहले से मौजूद कार्तिक पुत्र राजू एवं हिमांशु पुत्र संजय निवासीगण ग्राम ईस्सोपुर टील ने अरशद पर चाकू से हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अरशद को सीएचसी कांधला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारियों, स्थानीय पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। मौके से एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ था। मृतक के पिता सलीम की तहरीर पर थाना कांधला में नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मंगलवार को घटना में लिप्त अभियुक्त हिमांशु एवं कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे और मृतक अरशद एक ही इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र थे। करीब चार-पांच माह पूर्व डीजे पर नृत्य को लेकर उनका विवाद हुआ था। इसके बाद 1 जनवरी को भी आपसी मारपीट की घटना हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने अरशद पर हमला किया। घटना के दौरान एक तमंचा मौके पर गिर गया था।

# किसान हक की लड़ाई को धार देने के लिए हुई बैठक

## भारतीय किसान यूनियन अखंड ने नई टीम के गठन से भरी हुंकार

**समाज जागरण**



बागपत।भारतीय किसान यूनियन अखंड के संगठनात्मक में मंगलवार का दिन जोश, एकता और संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरा। किसानों के हक और अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कसाना तथा जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, जिससे पूरे पंडाल में उत्साह और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिखाई दिया। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन अखंड के कार्य कताओं ने बताया कि संगठन की आवाज अब गांव से लेकर देशभर तक पहुंच रही है। इस बैठक में संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से नई टीम का गठन किया गया। संगठन ने इस्लाम पर भरोसा जताते हुए उन्हें अल्वी बिरादरी का सदर एवं जिला सचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में अयूब ठेकेदार, जाहिद भाई, आस मोहम्मद, शहजाद ठेके दार, रिजवान, मोमिन, यूसुफ, अश रफ, इंतजार अली, वसीम, शौकीन और सरताज को संगठन की विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। संगठन ने विश्वास जताया कि यह टीम जमीन पर उतरकर किसानों, मजदूरों और गरीबों की आवाज बनकर अन्याय के खिलाफ पूरी मजबूती से संघर्ष करेगी। अंत में संगठन ने संकल्प लिया कि भारतीय किसान यूनियन अखंड किसानों की लड़ाई में चट्टान की तरह खड़ी रहेगी और संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी।

# चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

## स्वामी विवेकानंद स्मृति राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**



बेटर टूमोरो फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रेरणादायी स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह द्वारका , सेक्टर 11 स्थित एम.बी.एस इंटरनेशनल स्कूल में भव्य आयोजन संपन्न हुआ। संस्था की संस्थापक अध्यक्षा डॉ. ममता सिंह ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से हजारों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. भरत झा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्गों एवं श्रेणियों के प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत चित्रों का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। चयनित श्रेष्ठ कृतियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस प्रतियोगिता में कला शिक्षक श्रवण कुमार, रौनक,नीलेश झा, वैभव, नकुल, कंचन आदि ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। श्रवण कुमार और रौनक अपने वर्गों में प्रथम रहे। कार्यक्रम के सह संयोजक जतिन राणा ने बताया कि समारोह के दौरान वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए युवाओं को कला, संस्कृति और रचनात्मकता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. धर्म पाल भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में सृजनशीलता, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना का विकास करना है। कार्य क्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं कला प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कमल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सभी ने प्रति भागियों की कला की सराहना करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश यकता पर बल दिया। अंत में आयान मल्लिक और समाजसेवी संदीप कुमार ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन का संकल्प दोहराया।

# बिजली मैकेनिक का बेटा अर्पित वायु सेना में बनेगा फ्लाइंग ऑफिसर, गांव में खुशी

**समाज जागरण बिनौली।**



ग्वालीखेड़ा गांव के बिजली मैकेनिक बबलू शर्मा के होनहार बेटे अर्पित शर्मा ने वायु सेना में फ्लाइंग ऑफि सर बनने का गौरव प्राप्त किया हैं। इससे परिवार के लोगों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। अर्पित शर्मा ने गांव के ही चौधरी दलीप सिंह इंटर कॉलेज से 12 वीं तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद उसने देहरादून में जाकर कोचिंग कर एनडीए की तैयारी की और बीते वर्ष सितंबर माह में एनडीए इंट्रेंस पेपर को पास किया। इसके बाद 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक गुजरात के गांधीनगर में एस एसबी का इंटरव्यू क्लियर किया और वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर पद के लिये कर्नाटक के मैसूर में 10 जनवरी को सीपीएसएस की परीक्षा देकर परीक्षा को पास किया, इसके बाद वह 12 जनवरी की बैंगलोर में शारिरिक दक्षता और मेडिकल टेस्ट पास करके वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने के लिए फिट हो गया। अब वह पुणे के खड़कवासला में स्थित नेशनल डिफेंस एकेडमी में वायु सेना के फ्लाइंग ऑफिसर पद की ट्रेंनिग लेगा। अर्पित ने बताया उसकी मम्मी बबीता शर्मा ग्रहणी हैं, छोटी बहन वाणी शर्मा दसवीं की पढ़ाई कर रही हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, मम्मी पापा और परिवार के लोगों को दिया हैं। चौधरी दलीप सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री, सचिव डॉ. रवि पंवार, प्रधानाचार्य देशपाल सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. राजीव गुप्ता, अश्वनी मोघा ने खुशी जताते हुये कहा जल्द ही अर्पित को कॉलेज में बुलाकर सम्मानित किया जायेगा।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विकास को किया सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की द्वारा जोनमना गाँव निवासी विकास को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इसको लेकर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। वर्तमान में वे आईआईटी रुड़की में तकनीकी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। संस्थान में अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्य, तकनीकी दक्षता और समर्पण के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर संस्थान के अधि कारियों, सहकर्मियों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला पर फायरिंग

**समाज जागरण बड़ौत।**

नगर की एक कॉलोनी में रविवार देर रात अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला पर फायरिंग कर दी गई। इसमें महिला बाल-बाल बच गई। महिला ने तब तक शोर मचाया फायरिंग करने वाले फरार हो चुके थे बड़ौत कोतवाली मे तहरीर मिलने पर पुलिस ने प्रिंस, पुन्नी वर्मा, रामकुमार वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। महिला ने बताया कि रविवार रात किसी काम के लिए अपने जेठ के घर गई थी। जेठ के सामने वाले मकान में रहने वाले दो युवक उसे देखकर अश्लील हरकतें करने लगे। इसका विरोध करने पर दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी बेटी का अपहरण करने की धमकी दी। इसकी शिकायत पुलिस से करने की बात कहने पर आरोपियों ने तमंचे और बंदूक से उस पर गोली चला दी। इसमें वह बाल-बाल बच गई। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी वहां आ गए। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों ने वहां आकर मामला शांत कराया। इसमें जांच अधिकारी मनोज कुमार चहल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामकुमार वर्मा व उसके बेटे प्रिंस, पुन्नी वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के उपरांत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोन का किया गया वार्षिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा थाना कोन का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, मालखाना, हवालात, थाना परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक, साफ-सफाई व्य वस्था सहित अन्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव, थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा महिला अपराधों से संबंधित मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला सहायता हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने तथा पीड़ितों को त्वरित, सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड एवं डिजिटल अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेने, पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करते हुए जनसामान्य में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, पारदर्शी पुलिसिंग एवं संवेदनशील व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्म चारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात बाइक सवार ने ट्रक चालक को मारा जोरदार टक्कर, घायल

**अनिल कुमार अग्रहरि/समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के एसीपी टोल प्लाजा मालों घाट के पास पानी लेने गए ट्रक चालक को अज्ञात बाइक सवार ने मारा जोरदार टक्कर, ट्रक चालक घायल हुआ घायल, बाइक सवार मौके से हुआ फरार। मिली जानकारी के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के मालों घाट टोल प्लाजा के पास



मंगलवार शाम लगभग छः बजे चालक थाना नौवगढ चंदौली निवासी शोभनाथ यादव पुत्र रामलखन यादव डाला के तरफ से रेणुकूट के तरफ जा रहा था और ट्रक को टोल प्लाजा के पास पहले सुलभ शौचालय के सामने ट्रक खड़ी कर सड़क के उस पार बाल्टी लेकर पानी लेने चला गया और वापस आते समय पिछे से एक बाइक सवार ने ट्रक चालक को धक्का मारकर घायल कर दिया जिसके उपरांत टोल प्लाजा के कमीयों ने तत्काल अपने ऐम्बुलेंस से चोपन अस्पताल भेजवाया गया।

# एसडीएम की टीम ने मलिन बस्ती का किया जांच

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर नगर पंचायत डाला बाजार अन्तर्गत स्थित गाटा संख्या 113 एवं 179 पर आबाद मकानों एवं झुग्गी-झोपड़ियो को चिन्हित करने सम्बंधित कार्य को लेकर मंगलवार को ओबरा एसडीएम विवेक कुमार के नेतृत्व में नायब, कानूनगो एवं लेखपालो की टीम मलीन बस्ती पहुँचा, जहाँ न्यायालय के आदेशो से लोगो को अवगत कराया गया।मामले की जानकारी देते हुए एसडीएम विवेक कुमार ने बताया कि नगर पंचायत डाला बाजार अन्तर्गत गाटा संख्या 113 एवं 179 पर सैकड़ो की संख्या में पक्के एवं कच्चे मकान स्थित है। जो मलीन बस्ती के नाम से जाना जाता है।उन्होने बताया कि 2012 में उच्च न्यायालय द्वारा उक्त दोनो गाटा संख्या पर स्थित मकानो एवं झुग्गी झोपड़ियो को स्वेच्छा से हटाने सम्बंधित आदेश दिया था, जिसको लेकर पुनः न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में ओबरा तहसील के टीम द्वारा उक्त भूमि पर स्थित मकानो का सर्वे कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि 2012 में मा० उच्च न्यायालय द्वारा जो आदेश दिया गया था उस समय 268 मकानो को चिन्हित किया गया था,जिसमें 81 ऐसे लोग थे जो उक्त भूमि को खाली किया था, जिसके एवज में उन 81 लोगो को सरकार द्वारा भूमि का पट्टा एवं एक-एक लाख रुपए उन्हें दिया गया था। न्यायालय के पूर्व में दिये गये आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन ने अबतक क्या कार्यवाही किया है, उसी को लेकर मलिन बस्ती में स्थित मकानो का सर्वे कराया जा रहा है।

# रोरवा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने दिये जाँच के आदेश

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

कोन/ सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट, बद्रीनाथ सिंह सोनभद्र ने विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में अनियमितता की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए दिये जाँच के आदेश। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत रोरवा में ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यो, प्रधान मंत्री आवास, मुख्य मंत्री आवास, मनरेगा सहित लोक वित्त / राज्य वित्त में काफी अनियमितता बरती गई है जिसके क्रम में प्रतीक कुमार पुत्र सम्पूर्णानन्द गुप्ता एवं राजेश कुमार भाटिया पुत्र कैलाशनाथ, निवासी ग्राम-रोरवा, पोस्ट-रोरवा, जनपद-सोनभद्र द्वारा शपथ पत्र युक्त शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक-19.01.2026 एवं 18. 12.2025 प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत रोरवा, विकास खण्ड-कोन में कराये गये कार्यों का बिन्दुवार उल्लेख करते हुये जांच कराये जाने का अनुरोध किया गया था। जिसके उपरांत जिला मजिस्ट्रेट, बद्रीनाथ सिंह ने उ०प्र० पंचायत राज अधिनियम 1947 यथा संशोधित 1994 की धारा-95(1) तथा उ०प्र० पंचायत राज (प्रधानों, उप प्रधानों और सदस्यों को हटाया जाना) जांच नियमावली 1997 में निहित प्राविधानों के अनुसार उपरोक्त



शिकायती पत्र की जांच हेतु निम्नवत जांच समिति गठित किया गया है जिसमें मुख्य रूप से जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सोनभद्र, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभि यन्त्रण विभाग, सोनभद्र, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी (सहकारी समितियां एवं पंचायतें) सोनभद्र नामित लेखा है। नामित लेखा परीक्षक को संयुक्त रूप जांच अधिकारी नियुक्त किया जाता है तथा जाँच अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि शिकायती पत्र में उल्लिखित प्रत्येक बिन्दुओं की स्थलीय / अभिलेखीय एवं तकनीकी जांच कर संयुक्त रूप से सुस्पष्ट आख्या एक पक्ष के भीतर शिकायती पत्र के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

जाँच अधिकारी के जाँच आख्या के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। स्थानीय लोगों का कहना कि पूर्व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान सहित प्रधान प्रतिनिधि द्वारा जमकर धन का बंदरबाँट किया गया है। अब देखना होगा कि जाँच अधिकारी द्वारा कौन सी कार्यवाही की जाती है या जाँच सिर्फ फाईलों में दबकर रह जायेगा।

# 9 फरवरी को अनूपपुर आएंगे भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर

## प्रथम आगमन पर बाइक रैली से होगा भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

अनूपपुर,आदर्श मिश्रा। मां नर्मदा की पावन गोद में बसे अनूपपुर जिले में 9 फरवरी को भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का आगमन प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर जिले भर के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा द्वारा उनके स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रवि राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के अनूपपुर आगमन पर भव्य बाइक रैली निकालकर उनका आत्मीय एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा।

उन्होंने जिले के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथ स्तर तक के कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। रवि राठौर ने कहा कि श्याम टेलर का यह प्रवास युवाओं के लिए प्रेरणादायक होगा तथा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके मार्गदर्शन में युवा मोर्चा आगामी कार्यक्रमों और संगठन विस्तार को लेकर नई रणनीति तैयार करेगा। कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

शहर में जगह-जगह स्वागत मंच, पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं । पार्टी पदाधिकारियों ने इसे संगठना त्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण दौरा बताते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है। 9 फरवरी को होने वाला यह कार्यक्रम निश्चित ही जिले की राजनीति और संगठनात्मक गति विधियों में नई सक्रियता का संदेश देगा।

# धनपुरी पुलिस के हत्थे चढ़ा गौ-तस्करी का 'मास्टरमाइंड' अंसाद अंसारी, सालों से चल रहे काले साम्राज्य का अंत!

**समाज जागरण**

शहडोल'शहडोल पुलिस कप्तान के सख्त निर्देश और 'जीरो टॉलरेंस' नीति का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। धनपुरी पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए भूतही मोहल्ले के उस शातिर तस्कर अंसाद अंसारी को दबोच लिया है, जिसने वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंककर गौ-वंश तस्करी का जाल फैला रखा था। वर्दी के इकबाल को चुनौती दे रहा था आरोपी ख्वाजा नवाज गरीब क्षेत्र के बगल में रहने वाला अंसाद अंसारी कोई साधारण अपराधी नहीं, बल्कि इस क्षेत्र में गौ-मांस तस्करी का पुराना खिलाड़ी बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी पिछले कई सालों से इस घिनौने कृत्य को अंजाम दे रहा था। बुढार और धनपुरी थाना क्षेत्र के रहवासी लगातार इसकी शिकायतें कर रहे थे, लेकिन सबूतों के अभाव का फायदा उठाकर यह शातिर हर बार बच निकलता था। सर्चिंग' हुई तो निकलेंगे दबे हुए राज सूत्रों का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी के घर और गुप्त ठिकानों की अगर बारीकी से 'फोरेंसिक सर्चिंग' की जाए, तो कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। जमीन के भीतर दबे अवशेष और तस्करी में प्रयुक्त होने वाले गुप्त औजार पुलिस के हाथ लग सकते हैं। चर्चा यह भी है कि इस काले कारोबार के तार जिले के अन्य बड़े तस्करों से भी जुड़े हो सकते हैं। एसपी शहडोल से 'रूह कंपा देने वाली' कार्रवाई की उम्मीद जनता में इस गिरफ्तारी के बाद भारी उत्साह है, लेकिन साथ ही मांग भी उठ रही है कि पुलिस अधीक्षक शहडोल इस मामले में ऐसी कठोरतम कार्रवाई करें जिससे इस तरह की मानसिकता रखने वाले अपराधियों की रूह कांप जाए। महज गिरफ्तारी काफी नहीं, बल्कि इस पूरे सिंडिकेट की आर्थिक कमर तोड़ना जरूरी है।

खबर का असरः अब रडार पर अन्य मददगार पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि आखिर इतने सालों तक पुलिस की नाक के नीचे यह धंधा कैसे फलता-फूलता रहा? क्या विभाग के ही कुछ 'विभीषण' इसे संरक्षण दे रहे थे? अंसाद की गिरफ्तारी के बाद अब उन सफेदपोशों की भी नींद उड़ गई है जो इस तस्करी के खेल में पर्दे के पीछे से शामिल थे। प्रमुख सवाल जो खबर उठाएगीः इतने वर्षों तक कानून से कैसे बचता रहा अंसाद अंसारी? क्या इसके घर की खुदाई और गहन सर्चिंग से और बड़े साक्ष्य मिलेंगे? क्या इस तस्करी नेटवर्क के पीछे किसी बड़े गिरोह का हाथ है?

# भारत की रेयर अर्थ रणनीतिः मैन्युफैक्चरिंग, कॉरिडोर और वैश्विक जुड़ाव पर जोर

## केंद्रीय बजट २०२६-२७ में ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर स्थापित करने की घोषणा की गई है। इन गलियारों का उद्देश्य रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स (आरईपीएम) की माइनिंग, प्रोसेसिंग, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है।

नवंबर 2025 में ₹7,280 करोड़ की आरईपीएम मैन्युफैक्चरिंग योजना को मंजूरी दी गई। देश में 6,000 एमटीपीए की इंटीग्रेटेड आरईपीएम क्षमता विकसित की जाएगी। पांच वर्षों की अवधि में ₹6,450 करोड़ का बिक्री-आधारित प्रोत्साहन। उन्नत सुविधाओं की स्थापना के लिए ₹750 करोड़ की पूंजीगत सहायता। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ( जीएसआई) ने 482.6 मिलियन टन रेयर-अर्थ अयस्क संसाधनों की पहचान की है। भारत रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स (आरईपीएम) के लिए एक घरेलू इकोसिस्टम स्थापित करके क्रिटिकल मटेरियल के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम उठा रहा है। ये हाई-परफॉर्मेंस मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहनों, विंड टरबाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए अनिवार्य हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, सरकार ने नवंबर 2025 में ₹7 ,280 करोड़ की एक महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य 6,000 एमटीपीए की एकी कृत आरईपीएम विनिर्माण क्षमता विकसित करना है, जो रेयर-अर्थ ऑक्साइड से लेकर तैयार मैग्नेट तक की संपूर्ण वैल्यू चेन को कवर करेगी। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, केंद्रीय बजट 2026-27 में ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गई है। इन गलियारों का उद्देश्य प्रोसेसिंग, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। ये पहल आत्मनिर्भर भारत, नेट जीरो 2070 और विकसित भारत @2047 की राष्ट्रीय प्राथ मिकताओं के अनुरूप हैं, जो भारत को वैश्विक स्तर पर ग्लोबल एडवांस्ड-मटेरियल्स वैल्यू चेन में एक अग्रज के रूप में स्थापित करती है। भारत में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) का रणनीतिक महत्व और संसाधन क्षमता रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) दुनिया के सबसे शक्तिशाली स्थायी चुंबकों में से एक हैं, जो अपनी उच्च चुंबकीय शक्ति और स्थिरता के लिए जाने जाते हैं। अपने छोटे आकार और शक्तिशाली प्रदर्शन के कारण ये आधुनिक इंजीनियरिंग एप्लिकेशन के लिए जरूरी बन गए हैं। इनका उपयोग मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहन मोटर्स, पवन टरबाइन जनरेटर, उपभोक्ता और औद्योगिक इले क्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस सिस्टम, रक्षा उपकरण और सटीक सेंसर में किया जाता है। जैसे-जैसे भारत स्वच्छ ऊर्जा, एडवांस्ड मोबिलिटी और स्ट्रेटेजिक सेक्टर में अपने मैन्युफैक्चरिंग बेस का विस्तार कर रहा है, वैसे-वैसे आरईपीएम की विश्वसनीय घरेलू आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। यह न केवल आयात पर निर्भरता को कम करता है, बल्कि उन्नत सामग्रियों की वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को भी सशक्त बनाता है। भारत के संसाधन का आधार भारत के पास रेयर-अर्थ मिनरल्स का एक विशाल भंडार मौजूद है, जो आरईपीएम विनिर्माण जैसे डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। भारत के मोनाजाइट भंडारः भारत के पास 13.15 मिलियन टन मोनाजाइट का विशाल भंडार है, जिसमें अनुमानित 7.23 मिलियन टन रेयर-अर्थ ऑक्साइड (आरईओ) मौजूद है। भौगोलिक विस्तारः ये खनिज भंडार मुख्य रूप से समुद्र-तटीय रेत, टेरी/लाल रेत तथा आंतरिक जलोढ़ क्षेत्रों में स्थित हैं और ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र तथा झारखंड में फैले हुए हैं। अतिरिक्त संसाधनः गुजरात और राजस्थान के कठोर चट्टानी क्षेत्रों में 1.29 मिलियन टन इन-सिटू रेयर-अर्थ ऑक्साइड संसाधनों की पहचान की गई है। अन्वेषण अभियानः भारतीय भूवै ज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने अपने गहन अन्वेषण अभियानों के माध्यम से देश के खनिज भंडारों में और वृद्धि की है, जिसके तहत 34 अन्वेषण परियोजनाओं में 482.6 मिलियन टन रेयर-अर्थ अयस्क संसाधनों की पहचान की गई है। सम्मिलित रूप से, ये भंडार एक इंटीग्रेटेड आरईपीएम मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम की स्थापना का समर्थन करने के लिए भारत के मजबूत कच्चे माल के आधार को प्रदर्शित करते हैं।

क्षेत्र में अन्वेषण और निवेश की आवश्यकता - यद्यपि भारत के पास रेयर-अर्थ संसाधनों का एक मजबूत आधार है, लेकिन परमानेंट मैग्नेट का घरेलू उत्पादन अभी भी विकास के चरण में है। वर्तमान में, अधिकांश मांग आयात के माध्यम से पूरी की जा रही है, जो मुख्य रूप से चीन से होती है (वर्ष 2022-25 के बीच मूल्य के आधार पर लगभग 60-80 प्रतिशत और मात्रा के आधार पर 85-90 प्रतिशत)।

# बहल में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर 12 ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला 13 से 15 फरवरी तक

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 3 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र, बहल में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में 12 ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला आगामी 13 फरवरी से 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए केंद्र की संचालिका बीके शकुंतला ने बताया कि तीन दिवसीय इस 12 ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेले में शिवा बाबा के 12 ज्योर्तिलिंगम मंदिरों के दर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन, शांति अनुभूति कक्ष, चुनाव मुक्ति राजयोग शिविर, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, समस्या लिखो तुरंत समाधान व अनोखे हवन कुंड के दर्शन कराए जाएंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सायं 8 बजे तक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र बहल परिसर में आयोजित होंगे।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नाभा शाही परिवार को दी दस्तारबंदी समारोह पर शुभकामनाएं

**दैनिक समाज जागरण,**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नाभा शाही परिवार के कुंवर अभ्युदय प्रताप सिंह की दस्तारबंदी के पावन अवसर पर परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह गरिमामयी समारोह पारंपरिक सिख रीति-रिवाजों के साथ श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष श्रद्धापूर्वक माथा टेककर अरदास की तथा प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं भाईचारे की कामना की। उन्होंने कहा कि दस्तारबंदी सिख धर्म और परंपरा में केवल एक धार्मिक संस्कार नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी, सेवा, आत्मसम्मान और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक है। यह नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करती है।

मुख्यमंत्री ने नाभा शाही परिवार के ऐतिहासिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह परिवार सदैव समाज सेवा, धार्मिक सद्भाव और राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कुंवर अभ्युदय प्रताप सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे पारंपरिक मूल्यों, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्वों को आगे बढ़ाते हुए समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे। समारोह में गणमान्य व्यक्तियों, धार्मिक प्रतिनिधियों एवं परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक वातावरण और श्रद्धा का भाव बना रहा।

# माता पिता व पूर्वज हमारे लिए सांस्कृतिक अमूल्य धरोहर : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**माता-पिता की सेवा करनी चाहिए और उनके हमारे बीच से चले जाने के बाद उनकी स्मृतियों संजोकर रखना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी में सिख ले सकें : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल**

**पूर्व वित्त व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे किसानों, कृषि, मत्स्य पालन एवं पशुपालन क्षेत्रों के लिए दूरदर्शी, संतुलित और प्रत्येक वर्ग के लिए हितकारी बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है। बजट में किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, युवा सशक्तिकरण और आधुनिक तकनीक को समान प्राथमिकता दी गई है, जो देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।**


बहल में दिवंगत दंपति श्योनारायण व बदामा देवी की मूर्तियों का अनावरण करते पूर्व मंत्री जेपी दलाल व साथ में अन्य अतिथि व परिजन।

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि माता पिता व पूर्वज हमारे लिए सांस्कृतिक अमूल्य धरोहर, मार्गदर्शक तथा आदर्श के प्रतिबिंब होते हैं। हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए और उनके हमारे बीच से चले जाने के बाद उनकी स्मृतियों संजोकर रखना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी में सिख ले सकें। यह विचार पूर्व मंत्री ने बहल में चैहड़कलां के मा.राजकुमार के पिता स्व.चौधरी श्योनारायण व माता स्व.बदामा देवी की मूर्ति स्थापना में बतौर मुख्यातिथि आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मां-बाप और बुजुर्गों की सेवा करना हमारा पहला दायित्व है और हमें पुण्य की प्राप्ति तो होती ही है साथ में संस्कार व नैतिक दायित्व की पूर्ति होती है। माता व पिता ही बच्चों को संस्कार देते हैं। बच्चे जब कामयाब होकर मुकाम हासिल करते हैं तो माता-पिता की आत्मा को बड़ी संतुष्टि मिलती है और मां-बाप इस दुनिया में नहीं है तो स्वर्ग में बैठे भी अपने बच्चों के लिए दुआएं देते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके बच्चे जिंदगी में आगे बढ़कर उनका नाम रोशन करें। इसके लिए माता-पिता खूब मेहनत करते हैं और संतान की कामयाबी के लिए पैसा भी खर्च करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभक्त है वे दुनिया में किसी भी देश के आगे झुकते नहीं, भारत की साख को विश्व में आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करती है इसलिए केंद्र और राज्य में चौथी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सर्वाधिक तेज गति से आगे बढ़ रही है। यह बढ़ते भारत की निशानी है और प्रधानमंत्री का मिशन है कि 2047 में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। सरकार की योजनाओं का फायदा घर बैठे दिया जा रहा है। सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

भाजपा सरकार किसान व मजदूर सहित हर वर्ग की खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार पार्दर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं को लागू किया है। जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किए हैं। देश और प्रदेश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। उन्होंने कहा कि लोहारू से दिल्ली एयरपोर्ट तक हाईवे, लोहारू, बहल तथा सिवानी में ओद्योगिक क्षेत्र स्थापित करवाने को लेकर उनका प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर एसडीएम मनोज दलाल, डीएसपी संजीव, जिला उद्यान अधिकारी डा. देवीलाल, इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा ने समाजसेवी विजय सैनी को जिला सैनी समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**


बहल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मनोनीत सैनी समाज के जिला अध्यक्ष सैनी समाज विजय सैनी को नियुक्ति पत्र भेंट करते हुए प्रदेश के नेता।

बहल। राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा ने समाजसेवी विजय सैनी को जिला सैनी समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है ' राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जसबीर सैनी ने बहल आयोजित समाज की बैठक में सहमति यह जिम्मेवारी विजय सैनी को सौंपते हुए नियुक्ति पत्र दिया भेंट किया और उम्मीद जताई कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए बुनियादी तौर पर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा भर में समाज व जमीन से जुड़े लोगो को आगे ला रही व समाज की भलाई को तवज्जो देने वाले हरएक की जिम्मेदारी तय कर रही। उन्होंने कहा कि सामाजिक व राजनीतिक तौर पर समाज को एक सूत्र में पिरोकर ही वास्तविक सामाजिक उत्थान किया जा सकता है। इस संगठन का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। नवनियुक्त अध्यक्ष विजय सैनी ने कहा की वे समाज उत्थान और संगठन को सशक्त बनाने को पूरी ईमानदारी से निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करेंगे और हर जरूरतमंद जनमानस की सहायता पर तत्पर रहेंगे। विजय सैनी ने अपनी नियुक्ति पर हरियाणा अध्यक्ष जसबीर सैनी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सोनीपत जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सैनी, प्रदेश महासचिव धर्मवीर सैनी, शिव कुमार, महावीर प्रधान, विनोद सैनी, सैनी समाज के प्रधान दयानंद सैनी, श्याम सुंदर सैनी, चंद्रभान सिंह, मुकेश सैनी, अनिल सैनी, सज्जन सैनी, राम भगत सैनी व समस्त सैनी समाज बुजुर्ग व युवा मौजूद थे।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्रीमद् देवी भगवतकथा आयोजित

**समाज जागरण,**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से महाजन धर्मशाला, कालांवाली मंडी में आयोजित सात दिवसीय श्री देवी भागवत कथा के अंतर्गत कल द्वितीय दिवस श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ।

द्वितीय दिवस की शुरूआत पूजन-अर्चन एवं विधिवत वैदिक अनुष्ठान के साथ हुई। इस पावन अवसर पर



पूजन यजमान परिवारों के रूप में श्री सुरज ठेकेदार जी (अनाज मंडी), श्री अशोक कुमार (पुत्र श्री बनवारी दास), श्री गौरव अरोड़ा जी एवं श्री संदीप अरोड़ा जी ने सपरिवार माता रानी की पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ कराया।कथा के द्वितीय दिवस में परम पूज्य श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या, साध्वी श्री भद्रा भारती जी ने श्री देवी भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्री देवी भागवत महापुराण केवल कथाओं का संग्रह नहीं, बल्कि मानव जीवन को संस्कार, संयम और कर्तव्य के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य शास्त्र है, जो नारी को अबला नहीं, बल्कि सृष्टि की संचालक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज और युवा वर्ग भ्रम, तनाव एवं दिशाहीनता से गुजर रहा है, तब देवी भागवत के उपदेश आत्मबल, विवेक और सही निर्णय क्षमता को जागृत कर जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।साध्वी भद्रा भारती जी ने विशेष रूप से युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि माता दुर्गा के नौ स्वरूप युवाओं को यह सिखाते हैं कि शक्ति का सही स्वरूप क्रोध या अहंकार नहीं, बल्कि संयम, साहस और सेवा भाव है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएँ, तो वे स्वयं के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर कथा आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले अन्य यजमानों एवं गणमान्य व्यक्तियों में पंडित विनय वर्मा जी (हनुमान मंदिर), श्री टेक चंद जी (श्री लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी), श्री नरेंद्र कुमार (पप्पी झ पिपली वाले), श्री कुक्कू (रोड़ी वाले), श्री करण कुमार (जे.ई., इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कालांवाली), श्री रमेश कुमार (वर्तमान वाइस चेयरमैन), श्री अजय कुमार गोयल (अजय स्पोर्ट्स वियर), श्री भारत गर्ग (जमाल वाले), श्री दर्शन कुमार गर्ग (एम.सी.) एवं श्री मुकेश अरोड़ा जी (पत्रकार) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।कथा के दौरान वातावरण जय माता दी के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। आयोजकों द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री देवी भागवत कथा का श्रवण करें और अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत करें।

# युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर ऐश करने वालों के लिए डबवाली पुलिस का साफ अल्टीमेटम

**- आरोपी चरणजीत सिंह उर्फ चन्ना की नशा तस्करी से खड़ी की गई 64 लाख रुपये की अवैध संपत्ति फ्रीज**

**- अब न सिर्फ.जेल, बल्कि एक-एक रुपये का हिसाब लिया जाएगा - डीएसपी संदीप धनखड़**

**- बीते 06 माह में 06 नशा तस्करों की 01 करोड़ 35 लाख 50 हजार रुपये की अवैध सम्पत्ति की जा चुकी फ्रीज**



**समाज जागरण,**

कालांवाली 03 फरवरी (सुरेश जोरासिया) नशे के जरिए युवाओं को अंधेरे में धकेल कर खुद अमीर बनने वालों के खिलाफ डबवाली पुलिस ने अब आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है । पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर, आईपीएस के नेतृत्व में चल रहे नशा विरोधी अभियान के तहत डबवाली पुलिस ने नशा तस्करी से अर्जित लगभग 64 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति को फ्रीज कर तस्करों की कमर तोड़ दी है ।

यह कार्रवाई उन लोगों के लिए कड़ा संदेश है जो यह समझते हैं कि नशा बेचकर कमाया गया पैसा और बनाई गई संपत्ति हमेशा सुरक्षित रहेगी । अब ऐसा नहीं होगा ।

आरोपी का विवरणः-

चरणजीत सिंह उर्फ चन्ना पुत्र गुरदेव सिंह निवासी जगमालवाली जिला सिरसा

मामले का संक्षिप्त कानूनी विवरण

दिनांक 24.12.2023 को थाना कालांवाली में FIR No. 460/2023 धारा 21(c)एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज की गई । इस मामले में सीआईए स्टाफ कालांवाली ने 402 ग्राम हेरोइन (कमर्शियल क्वांटिटी) सहित उक्त आरोपी चरणजीत सिंह उर्फ चन्ना व उसके साथ गुरजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी घुकांवाली जिला सिरसा को वर्ना कार सहित गांव हस्सू से काबू किया था । आरोपी वर्तमान में राजगढ़ (राज.) में न्यायिक हिरासत में बंद है । जिसके खिलाफ वाणिज्यिक मात्रा के 06 व मध्यम मात्रा के दो (नशीली गोलियों व हेरोइन तस्करी) के कुल 08 अभियोग दर्ज हैं । जिसमें 07 थाना कालांवाली व एक तारानगर, चूरू, राजस्थान में दर्ज है । उक्त अभियोगों में से 06 न्यायालय में विचाराधीन हैं । जो आरोपी आदतन नशा तस्कर है और उक्त आंकड़े अपराध की गंभीरता को दर्शाते हैं ।

**अवैध संपत्ति पर सीधा प्रहार**

मामले की जांच के दौरान थाना कालांवाली व प्रॉपर्टी अटैचमेंट सेल, पुलिस जिला डबवाली द्वारा एनडीपीएस अधिनियम के chapter-VA(धारा-68-F) के तहत आरोपी की आय और संपत्तियों की गहन वित्तीय जांच की गई । जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी की संपत्तियां उसकी वैध आय से कई गुना अधिक और पूरी तरह अवैध हैं ।

इसके बाद थाना कालांवाली द्वारा धारा 68 F(2) एनडीपीएस अधिनियम के तहत अवैध संपत्ति को फ्रीज करने के लिए रिपोर्ट तैयार कर 07.01.2026 को पेश की गई । जिसके तहत सक्षम प्राधिकारी, SAFEMA (नई दिल्ली) द्वारा दिनांक 02.02.2026 को फ्रीजिंग ऑॅर्डर जारी किया गया ।

अटैच की गई संपत्ति

* गांव जगमालवाली स्थित पक्का मकान व भूमि( 08 कनाल )
अनुमानित मूल्यः 45,49,280/-

* कार हुंडई वर्ना-(अनुमानित मूल्यः 02,00,000/-).

. ट्रैक्टर महिंद्रा स्वराज (अनुमानित मूल्यः-06,00,000/-)

. स्कूटी होंडा एक्टिवा-(अनुमानित मूल्यः-30,000/-)

. आभूषण( सोना-67.42 ग्राम)(अनुमानित मूल्य-10.39,000/-)

कुल अनुमानित अवैध संपत्तिः 64 लाख से अधिक/-

उक्त संपत्ति को सक्षम प्राधिकारी, SAFEMA (नई दिल्ली) की अनुमति के बिना न तो बेचा जा सकता है और न ही किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित किया जा सकता है ।

**नोटः-अन्य नशा तस्करों द्वारा अवैध रूप से अर्जित निम्नलिखित संपत्तियों को फ्रीज किया जा चुका है—**

1. बीते दिसम्बर माह में आरोपी पलमिंदर सिंह उर्फ पलविन्दर सिंह उर्फ पिन्दर सिंह पुत्र गुरदित्ता सिंह निवासी देसूजोधा जिला सिरसा की लगभग 52.50 लाख रुपये की संपत्ति ( आवासीय मकान, जमीन व कार) अटैच की गई थी । इसके अलावा
2. इकबाल सिंह निवासी देसूजोधा की करीब 07 लाख रुपये ( स्वराज ट्रैक्टर)
3. जसविंदर सिंह निवासी देसूजोधा व सुरेंद्र निवासी देसूजोधा की करीब 07 लाख (ब्रेजा कार)
4. हरगोविंद निवासी देसू जोधा की करीब 05 लाख रुपये ( मारुति स्विफ्ट) सख्त चेतावनी

पुलिस जांच में यह सामने आया कि आरोपी लंबे समय से युवाओं को नशे की लत में धकेलकर अवैध कमाई कर रहा था। डबवाली पुलिस की यह कार्रवाई नशा तस्करों के आर्थिक ढांचे को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम है ।

**उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली ने दो टूक कहाः**

डबवाली पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है । अब तस्करों को सिर्फ. जेल भेजना ही काफी नहीं है, उनकी अवैध कमाई से बनी हर संपत्ति को कानून के तहत जब्त किया जाएगा।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कई अन्य नशा तस्कर पुलिस की रडार पर हैं और उनके खिलाफ भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाएगी ।

डबवाली पुलिस नशा मुक्त समाज के संकल्प के साथ नशा तस्करी के खिलाफ हर मोर्चे पर बिना किसी दबाव के कार्रवाई जारी रखेगी।

**आमजन से अपील**

डबवाली पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि नशा तस्करी से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी पुलिस को दें ।

सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ।

नशा बेचना है तो तैयार रहिए झ जेल भी मिलेगी और कमाई का एक-एक रुपये का हिसाब भी

# भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का राहुल गाँधी पर करारा प्रहार

**संसद, सैनिक व संविधानिक संस्थाओं का अपमान ही राहुल गांधी का एजेंडाः अनुराग सिंह ठाकुर**

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



नई दिल्ली ,3 फरवरीः भाजपा प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के रवैये पर असंतोष जताते हुए तीखा हमला करते हुए कहा कि संसद, सैनिक व संविधानिक संस्थाओं का अपमान ही राहुल गांधी का एजेंडा है।श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, 2014 से 2026 तक मोदी सरकार ने हर विषय पर चर्चा खुले मन से चर्चा की है। इस बार राष्ट्रपति अभिभाषण पर बहुत अच्छी चर्चा चल रही थी, लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकतंत्र और सदन की अवमानना की है। स्पीकर की रूलिंग के बावजूद बार-बार उसकी अवहेलना की है, नियमों का पालन करना तो दूर स्पीकर के कहने पर वे विषय पर नहीं बोले। उनकी मंशा केवल एक थी भारतीय सैनिकों का अपमान करना, संसद, संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना। कांग्रेस के पास केवल यही एजेंडा बचा है। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ह्लजब कांग्रेस के पास शानदार बजट के बारे में व राष्ट्रपति के अभिभाषण, जिसमें सरकार की उपलब्धियों का क्रमबद्ध उल्लेख था, उस पर बोलने के लिए कुछ नहीं मिला तो वो एक ऐसी किताब का जिक्र करने पर तुले हुए हैं जोकि कहीं छपी ही नहीं। विपक्ष लगातार संसद की गरिमा को ठेस पहुँचा रहा है, आखिर पेपर फाड़ना टेबल पर चढ़ना किस लिहाज से उचित है? राहुल गांधी जी को ये तक नहीं पता कि सदन में बोलने के लिए स्पीकर या चेयरमैन की अनुमति लेनी पड़ती है, इसके बावजूद वो अपनी बात पर अड़े हैं। ये उनका अहंकार है कि वो खुद को सदन से बड़ा, स्पीकर से बड़ा और संवैधानिक संस्थाओं से बड़ा समझते हैं। यही खीझ राहुल गाँधी एक के बाद एक भारत विरोधी टिप्पणी करके दिखा रहे हैं। राहुल गाँधी की इसी सोच के कारण कांग्रेस एक के बाद एक, लगातार हार रही है।

# रेलवे मंडल ने जनवरी माह में टिकट चैकिंग द्वारा 2.52 करोड़ रूपए जुमार्ना वसूला

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,3 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि फिरोजपुर मंडल के टिकट चैकिंग दल द्वारा ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे रेलयात्रियों की इस प्रवृति पर रोक लगाने हेतु ट्रेनों में सतत टिकट चैकिंग किया जा रहा है। मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ एवं मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा जनवरी, 2026 के दौरान ट्रेनों में टिकट चेकिंग के दौरान कुल 39,215 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए एवं उनसे जुमार्ने के तौर पर लगभग 02.52 करोड़ का राजस्व वसूल किया गया। फिरोजपुर मंडल द्वारा जनवरी, 2026 के दौरान टिकट चैकिंग द्वारा अर्जित राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है।मंडल के रेलवे स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जाँच की जाती है। इसके फलस्वरूप, जनवरी माह में 428 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 72 हजार रुपए से अधिक वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चैकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चैकिंग का मुख्य उद्देश्य रेलवे टिकटों की बिक्री में सुधार और बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों से जुमार्ना वसूल करना ताकि वे भविष्य में उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि यह उपलब्धि मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ की सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनियमित यात्रा और गंदगी फैलाने से रोकने के लिए रेलयात्रियों को नियमों के पालन हेतु लगातार अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है।उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल का टिकट चैकिंग स्टाफ यात्री का टिकट चैक करते हुए।

# फरीदकोट जिले में तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारीः एसएसपी डॉ.प्रज्ञा जैन

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो, 3 फरवरी :श्री गौरव यादव आईपीएस, डीजीपी पंजाब के निदेशों के अनुसार, पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए नशा विरोधी अभियान के तहत, डॉ.प्रज्ञा जैन आईपीएस सीनियर कप्तान पुलिस फरीदकोट के नेतृत्व में, फरीदकोट पुलिस लगातार नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। जिसके तहत, पुलिस प्रशासन जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और इलाकों में नशीली दवाओं के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने और उनका समर्थन करने के लिए लगातार बैठकें कर रहा है। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, जिले के मुख्य अधिकारी, पुलिस स्टेशन और चौकी प्रभारी और गांवों और शहरों में ग्राम रक्षा समितियों (वीडीसी) और वार्ड रक्षा समितियों के सदस्यों के साथ बैठकें की गईं। जिसमें सामाजिक नेताओं और जनता ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान, पुलिस अधिकारियों ने नशीली दवाओं के मानसिक और शारीरिक प्रभावों के बारे में गहन जानकारी दी, साथ ही उपस्थित लोगों से नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान देने की अपील की। इस दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्राम रक्षा समितियों (VDC) और वार्ड रक्षा समितियों के सदस्यों के साथ बैठकें कीं और उनसे नशा विरोधी अभियान के लिए सुझाव लिए। इस अभियान का उद्देश्य गांव स्तर पर नशीली दवाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदमों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. प्रज्ञा जैन एसएसपी फरीदकोट ने कहा कि फरीदकोट पुलिस नशे को खत्म करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ




काम कर रही है, जिसके तहत नशा विरोधी अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। जिसके तहत, नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है और बुरे लोगों से पेशेवर तरीके से निपटा जा रहा है। इसके साथ ही, एसएसपी फरीदकोट ने लोगों से नशे के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की और किसी भी नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधि के बारे में नशा विरोधी हेल्पलाइन 97791-00200 पर जानकारी देने का अनुरोध किया। उन्होंने दोहराया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में गिरने से बचाना है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार नशा मुक्त राज्य के सपने को हकीकत में बदलने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और यह लड़ाई केवल आम भावना और सामूहिक भागीदारी से ही जीती जा सकती है।

# "बोस तुम्हें सलाम पखवाड़ा" कार्यक्रम के तहत बाल संबोधन प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**आजादी केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देशभक्तों के बलिदान से मिली अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा और सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जारी बोस तुम्हें सलाम पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बाल संबोधन प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, देश की एकता व अखंडता, सामाजिक सद्भावना, सामाजिक समरसता तथा देशभक्तों के त्याग और बलिदान से प्राप्त आजादी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने अपने ओजस्वी संबोधन और प्रस्तुतियों के माध्यम से नेताजी के विचारों, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने बताया कि आजादी केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देशभक्तों के बलिदान से मिली अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा और सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद हाई स्कूल की संचालिका सावित्री यादव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत विचार न केवल प्रेरणादायी हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास अत्यंत आवश्यक है।

बाल कलाकारों में पखवाड़े की ब्रांड एंबेसडर नव्या एवं आरोही ने देशभक्ति गीतों और प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उनके गीतों और शब्दों ने देश के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण की भावना को और अधिक प्रबल किया।

पखवाड़े के संयोजक, भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज तथा निदेशक सावित्री यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि भारत को आजादी देशभक्तों के अपार त्याग और बलिदान से मिली है। उन्होंने युवाओं और बच्चों से आह्वान किया कि वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# महात्मा बुद्ध कब पैक पीएम श्री पल्हारी में कैंप सम्पन्न

## - डॉ बीके सिंह महादेव ब्लाक स्काउट मास्टर नगवां (एच डब्ल्यू बी) सोनभद्र द्वारा मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि करायी गयी

- भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा संरक्षित महात्मा बुद्ध कब पैक पल्हारी नगवां सोनभद्र में हुआ आयोजन

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र में धूमधाम से कब बुलबुल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत के साथ विविध गतिविधियां कराई गई। डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र मुकुल आनंद पांडेय के संरक्षण व खंड शिक्षा अधिकारी नगवां, सोनभद्र धनंजय कुमार सिंह के सह संरक्षण में क्रियात्मक कैंप आयोजित किया गया। कब और बुलबुल भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5) के बच्चों के लिए संचालित एक बाल गतिविधि संगठन है। इसमें 5 से 10 वर्ष के लड़कों को 'कब' और लड़कियों को 'बुलबुल' कहा जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास करना है। इसमें बच्चों को विभिन्न चरण (कोमल पंख, रजत पंख, सुवर्ण पंख) पार करने होते हैं, जिसके बाद वे प्रवीणता बैज (जैसे गोल्डन ऐरो अवार्ड) जीत सकते हैं। कैंप में बच्चों को प्रार्थना, सैल्यूट करना, झंडा गीत, रस्सी की गांठें लगाना और प्राथमिक चिकित्सा जैसी गतिविधियां सिखाई जाती हैं। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र के प्राथमिक संवर्ग में भारत स्काउट और गाइड संस्था द्वारा महात्मा बुद्ध कब पैक पंजीकृत है। बता दें कि स्काउट मास्टर डॉ बृजेश महादेव का स्मार्ट क्लास, कैंप क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, कंपोजिट क्लास, आईसीटी लैब, वार्षिकोत्सव, पत्रिका प्रकाशन आदि नवाचार प्रदेश भर में संचालित है। इनके द्वारा पूर्व छात्र सम्मेलन भी कराया जाता है जो अनुकरणीय है। इस अवसर पर जय प्रसाद चौरसिया प्रधानाध्यापक, ज्ञानेश, प्रदीप, पवन, रमेश, दीपक, शिवशंकर, उर्मिला, ममता एवं विंदू बीडीसी उपस्थित रहे। कैंप में अशोक सिंह, आदर्श सिंह, बीकेश, श्याम नारायन, विकाश, संदीप कुमार, रमाकान्त, टीपू, प्रदीप कुमार, श्याम सुन्दर, सत्यम, रणजीत सिंह कमरो, सूरज,संतोष,रंजीत, अंजना, अंजनी, खुशबू , फूलन, सुनिता, राधा, चन्दा, सुगवन्ती आदि ने प्रतिभाग किया।

# मारकुंडी ग्राम पंचायत में पीडब्ल्यूडी की सड़क मरम्मत में खुली लूट! घटिया सामग्री से उखड़ने लगा नया मार्ग, मानकों की उड़ रहीं धज्जियां

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। रावट्र्सगंज विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत के विभिन्न टोलों–कुशहिया,पेडरहवा,सात नंबर पिरहवा,गुरमा खदान, कब्रिस्तान से होते हुए गुरमा घाघर पुल,शीतला मंदिर एवं मीनाबाजार तक कराए जा रहे पीडब्ल्यूडी सड़क मरम्मत कार्य में गंभीरअनियमितताएं उजागर हो रही हैं। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों को दरकिनार कर घटिया किस्म की सामग्री का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार- जहां सड़क निर्माण में सोलिंग (मजबूत पत्थर की परत) बिछाई जानी चाहिए थी, वहां मिट्टीदार सफेद पत्थर का प्रयोग किया जा रहा है। कई स्थानों पर तो भस्सी एवं लाल मिट्टी युक्त पत्थर डालकर औप चारिकता पूरी की जा रही है। सड़क की मजबूती के लिए आवश यक तारकोल नाममात्र का मिलाया जा रहा है,जबकि मानकों के अनुसार इसकी पर्याप्त मात्रा अनिवार्य होती है।वहीं छर्री का उपयोग कर काम को जल्दी-जल्दी निपटाने की कोशिश की जा रही है।निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क बनने के दौरान ही जगह-जगह से उखड़ना शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाहीपूर्ण मरम्मत से यह मार्ग बरसात आने से पहले या दो-तीन महीने के भीतर ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाएगा।सड़क के किनारों पर किया जा रहा पेंटिंग कार्य भी मानकों के अनुरूप नहीं है। न मोटाई का ध्यान रखा जा रहा है और न ही गुणवत्ता का। कुल मिलाकर सड़क मरम्मत का यह कार्य केवल कागजों में मजबूत दिखाई दे रहा है, जबकि हकीकत में यह कहानी- कहानी बनकर रह गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कार्य पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो गुणवत्ता की जांच की जा रही है और न ही कार्यस्थल पर नियमित निरीक्षण हो रहा है।कार्यदायी संस्था मनमानी ढंग से काम कर रही है और निर्माण मानकों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सड़क मरम्मत कार्य की तकनीकी एवं गुणवत्ता जांच कराई जाए, प्रयोग की गई सामग्री की जांच हो तथा दोषी ठेकेदार और लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही मानक के अनुरूप दोबारा सड़क निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और टिकाऊ मार्ग मिल सके।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग समय रहते इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेगा, या फिर यह सड़क भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर कुछ ही समय में उखड़ जाएगी।

# न्यूड फोटो वायरल करने की धमकी देकर साइबर ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गैंग का भंडाफोड़, 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के दिशा-निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। प्रकरण में आवेदिका कु0 सुषमा गुप्ता पुत्री संजीव गुप्ता, निवासी म्योरपुर, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को CBI अधिकारी बताते हुए गाली-गलौज, धन की मांग, पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी तथा न्यूड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने व मोबाइल हैक कर धन की उगाही करने का गंभीर अपराध किया गया था। इस संबंध में थाना म्योरपुर पर मु0अ0सं0 153/2025, धारा 308(5) बीएनएस व 66-E आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उक्त प्रकरण की विवेचना साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र को सुपुर्द करते हुए अभियुक्तों के गैंग के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के क्रम में निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम को जनपद कानपुर नगर भेजा गया, जहाँ स्थानीय पुलिस के सहयोग से कानपुर कमिश्नरेट क्षेत्र से साइबर ठगी करने वाले संगठित गैंग का खुलासा करते हुए कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लालच देकर उनके नाम पर सिम कार्ड प्राप्त कर उन्हें साइबर अपराध में प्रयुक्त करते थे। सिम विक्रेता द्वारा अपने पी0ओ0एस0 मशीन से वैध-अवैध रूप से सिम एक्टिवेट कर उन्हें साइबर ठगों को सप्लाई किया जाता था। अभियुक्तगण अश्लील वीडियो देखने के नाम पर लोगों को फंसाकर ए0आई0 तकनीक से फर्जी न्यूड फोटो तैयार कर धमकी देकर धन उगाही करते थे। इसके अतिरिक्त ब्लॉक हो चुके नंबरों को गुमशुदगी दर्शाकर पुनः एक्टिवेट कर अपराध में इस्तेमाल किया जाता था। अभियुक्तों द्वारा अब तक 100 से अधिक सिम कार्डों का प्रयोग कर देशभर में साइबर ठगी की गई है। जनपद सोनभद्र के भी कई पीड़ितों की जानकारी सामने आई है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-1. सुरेन्द्र कुमार पुत्र जयप्रकाश, निवासी मसवान, थाना रावतपुर,जनपद कानपुर, उम्र 23 वर्ष। 2. गोलू राजपूत पुत्र सत्यपाल, निवासी आवास विकास कॉलोनी, थाना कल्याणपुर, जनपद कानपुर नगर, उम्र 24 वर्ष। 3. मो0 जुनैद पुत्र निजामुद्दीन, निवासी 39/192 विकनगंज, जनपद कानपुर, उम्र 24 वर्ष। 4. अनुराग सिंह पुत्र ज्ञानेन्द्र सिंह, निवासी 293 गोपालपुर, थाना पनकी, जनपद कानपुर नगर, उम्र 26 वर्ष। बरामदगी का विवरण -07 अदद मोबाइल फोन, विभिन्न व्यक्तियों के नाम से आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं विभिन्न बैंकों के खातों से संबंधित दस्तावेज। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम - निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार चौधरी, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र, हे0का0 संजय वर्मा, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र, का0 अखिलेश कुमार यादव, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र, का0 हृदेश यादव, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र, का0 अजीत कुमार, एस0ओ0जी0 (स्वाट टीम), जनपद सोनभद्र, का0 रामजीत बिन्द, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र।

# पं0 देवेंद्र शास्त्री जी की आठवीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, हजारों जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के प्रखर नेता, आदिवासी-वनवासी-गिरिवासी समाज की आवाज और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं. देवेंद्र शास्त्री जी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके जन्मस्थली ग्राम पंचायत टापू में एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व समर्थकों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम की शुरूआत पं. देवेंद्र शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, जनसेवा और शोषित-वंचित समाज के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि पं. देवेंद्र शास्त्री ने अपना पूरा जीवन आदिवासी, वनवासी और गिरिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा कार्य को प्राथमिकता देते हुए आयोजकों द्वारा हजारों गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए किए गए इस मानवीय कार्य की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष देखने को मिला कार्यक्रम में मौजूद जन प्रतिनिधियों और वक्ताओं ने कहा कि पं. देवेंद्र शास्त्री न केवल एक जननेता थे, बल्कि वे आम जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने वाले सच्चे समाजसेवी थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया और अंतिम सांस तक जनता के हक की लड़ाई लड़ते रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। पूरे गांव में श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पं. देवेंद्र शास्त्री की पुण्यतिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम एक बार फिर यह संदेश दे गया कि जनसेवा और संघर्ष की विरासत कभी समाप्त नहीं होती, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहती है। कार्यक्रम के आयोजक जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी ने आये समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त कियो इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा, चांद प्रकाश जैन,पारस तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, मीनू चौबे, विकास चौबे, कालीचरण खरवार, दशरथ गोंड़,विवेक पाण्डेय, सुनील आदिवासी सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद रही।

# दो गांजा तस्करों को 10-10, वर्ष की कठोर कैद

## - प्रत्येक पर दो-दो लाख रुपये अर्थदंड, न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। ढाई वर्ष पूर्व पिपरी थाना क्षेत्र स्थित मूर्धवा मोड़ के पास से दो तस्करों के साथ ट्रक के केबिन से बरामद 320 किलोग्राम गांजा के मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दो तस्करों अर्जुन राम व शर्मानन्द पटेल उर्फ विक्की को 10-10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। उनके ऊपर दो-दो लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 17 अगस्त 2023 को दोपहर 12 बजे रवि प्रकाश कं. आसूचना अधिकारी स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, क्षेत्रीय इकाई लखनऊ को विमल कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ लखनऊ से सूचना मिली कि दो तस्कर अर्जुन राम पुत्र स्वर्गीय भिखारी राम निवासी बनिया छापर, थाना कुचेयाकोट, जिला गोपालगंज बिहार व शर्मानन्द पटेल उर्फ विक्की पुत्र स्वर्गीय रामजनम पटेल निवासी दोस्तियां, थाना चैनपुर, जिला मोतिहारी बिहार जो ट्रक के कैबिन में बने गुप्त स्थान में भारी मात्रा में गांजा छुपाकर ले जा रहे हैं। जो 18 अगस्त 2023 को मूर्धवा मोड़ से होकर गुजरने की सम्भावना है। इस सूचना पर पुलिस की कई टीम गठित कर ट्रक के आने का टीम इंतजार करने लगी। इसीबीच दोपहर बाद 3:20 बजे बभनी की ओर से ट्रक आती दिखाई दी। नजदीक आने पर जब ट्रक को रोककर अपना परिचय देते हुए टीम ने पूछताछ की तो दोनों तस्करों ने अपना नाम पता सूचना के अनुरूप ही बताया। जब गांजा के बारे में कड़ाई से पूछताछ की गई तो तस्करों ने ट्रक की केबिन में बने गुप्त स्थान से 160 पैकेज निकाला। प्रत्येक पैकेट 2 किलोग्राम का था। इस प्रकार से कुल 320 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर पिपरी पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया गया। पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर गम्भीर प्रकृति का अपराध मानते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी तस्करों अर्जुन राम व शर्मानन्द पटेल उर्फ विक्की को 10-10 वर्ष की कठोर कैद व 2-2 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील शशांक शेखर मिश्र ने बहस की।

# पतंजलि योग कक्षा का 8 फरवरी को 12वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह: रवि प्रकाश त्रिपाठी

## - कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में होगा आयोजन

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र द्वारा 8 फरवरी को योग कक्षा का 12वां वार्षिकोत्सव एवं सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र नई कार्यकारिणी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में किया गया है। पतंजलि योग समिति सोनभद्र के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आप सभी के स्नेह, सहयोग,आशीर्वाद से प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोनभद्र बार सभागार नियमित योग कक्षा का 12 वां वार्षिकोत्सव व नवनियुक्त अध्यक्ष सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व समस्त कार्यकारिणी का सम्मान समारोह 8 फरवरी रविवार को प्रातः कालीन योग कक्षा के पश्चात 6:00 बजे से 7:00 बजे के बीच पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के कुशल मार्गदर्शक , संरक्षक, संयोजक के मार्गदर्शन व पदाधिकारियों के नेतृत्व में मनाया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश/ राज्य प्रभारी भारत स्वाभिमान भगवान सिंह, राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति दुर्गेश योगी, विशिष्ट अतिथि एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र व विंध्या चल मंडल प्रभारी धीरज रहेंगे। पतंजलि योग परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को समय से पहुंच कर सफल बनाने का आग्रह किया है।

# भागवत साक्षात श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप, श्रवण से होता है आत्मिक कल्याण: व्यास महेश देव पांडेय

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। श्री राम नगर स्थित ॐ श्री सदाशिव महादेव मंदिर के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ पर विराजमान व्यास माधवाचार्य पंडित महेश देव पांडेय ने विधि-विधान से पूजन के पश्चात कथा की अमृत वर्षा की। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य यजमान पंडित प्रमोद चौबे ने सपरिवार (सपत्नीक) श्रीमद्भागवत पोथी एवं व्यासपीठ का पूजन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के कष्टों का निवारण कथा के प्रथम सोपान में व्यास जी ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए देवर्षि नारद और भक्ति देवी के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य कलयुग के प्रभाव से वृद्ध व अचेत हो गए थे, तब सनकादि ऋषियों ने नारद जी को श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का मार्ग सुझाया। हरिद्वार के आनंद तट पर कथा श्रवण से ज्ञान और वैराग्य पुनः युवा हो गए। महाराज श्री ने कहा, "श्रीमद्भागवत साक्षात श्रीकृष्ण का स्वरूप है। जो जीव इसकी शरण में आता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।" धुंधकारी प्रसंग से समझाया कथा का महत्व पंडित महेश देव पांडेय ने गोकर्ण और धुंधकारी के प्रसंग के माध्यम से समझाया कि कुमार्गी व्यक्ति भी यदि पूर्ण श्रद्धा के साथ भागवत श्रवण करे, तो उसकी सद्गति निश्चित है। उन्होंने ओबरा वासियों से आह्वान किया कि कलयुग में भगवान की कथा ही एकमात्र सहारा है, जो मनुष्य को तनाव और अशांति से मुक्ति दिलाकर सत्कर्मों की ओर प्रेरित करती है। भक्तिमय रहा मंदिर परिसर कथा के दौरान भजनों की धुन पर मुख्य यजमान सहित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। ओबरा के श्री राम नगर का वातावरण 'राधे-राधे' के जयकारों से गुंजायमान रहा। प्रथम दिन की आरती के पश्चात भारी संख्या में उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# अन्नदाताओं के आय को कई गुना बढ़ाने पर ऐतिहासिक कार्य कर रही सरकार - डॉ० जगदीश सिंह पटेल

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। मंगलवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मिजार्पुर शाखा चोपन के आधुनिकीकरण होने पर मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक मिजार्पुर बैंक के चैयरमैन डॉ जगदीश सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष विपुल सिंह के कर कमलों द्वारा बैंक के कायाकल्प होने पर रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात शाखा प्रबंधक जगदीश नारायण द्वारा बुके व अंगवस्त्र देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। वहीं चेयरमैन डॉ जगदीश सिंह पटेल ने अपने अभिभाषण में कहा कि डबल इंजन की सरकार अन्नदाताओं के आय को कई गुना बढ़ाने की ऐतिहासिक कार्य कर रही है बैंक की सभी योजनाओं का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं बैंक की विभिन्न शाखाओं का कायाकल्प किया गया है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें जिसमें ग्राहकों को रूपे डेबिट कार्ड, एटीएम और एस एम एस अलर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मौके पर डायरेक्टर आलोपी अग्रवाल , बलदेव सिंह, अवधेश सिंह पटेल, संतोष सिंह, बैंक सचिव जिला सहकारी बैंक मिजार्पुर राज कुमार यादव, लैम्पस अध्यक्ष प्रतिनधि सुरेश तिवारी, मण्डल अध्यक्ष संजय केशरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह, राहुल सिंह, बैंक, ओमप्रकाश चन्द्रा, विनय भूषण सिंह, बैंक कैशियर शशिकांत सिंह, नवल किशोर चौबे, उदय नारायण पांडेय, लैम्पस सचिव राम अन्नत, बादल रैकवार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# धर्म के चार चरणों में सिर्फ बचा है कीर्तन : मनीष शरण जी महाराज

## - उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर में भागवत कथा सुनने को जुटे श्रद्धालु

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को अयोध्या धाम से आए कथा व्यास मनीष शरण जी महाराज ने बताया कि धर्म के चार चरण होते हैं, पवित्रता, दया, तप और कीर्तन, जिसमें पवित्रता, दया व तप तो अब समाप्त हो गए हैं अब इस कलिकाल में केवल एक ही चरण बचा है जिसका नाम कीर्तन है। श्री राम चरित मानस से उदाहरण देते हुए कहा, कलिकर एक पुनीत प्रतापा, मानस पुण्य होहिं नहीं पापा। कलियुग केवल हरिगुण गाहा, गावत नर पावत भव थाहा।कलियुग में मन से किया हुआ पाप--पाप की श्रेणी में नही जायेगा, लेकिन कलियुग में मन से किया गया पुण्य पुण्य की श्रेणी में जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य यजमान पवन मिश्र एड पूरे परिवार सहित, राजीव सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, विनोद शुक्ल, आनंद ओझा, शैलेन्द्र केशरी, नवीन पांडे, अंकित सिंह गौतम, लाला अभिषेक,शक्ति सेन, अनिल मौर्य आदि महिलाएं, बच्चे भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

# मां हंसवाहनी पब्लिक स्कूल में बच्चों को वितरित किया गया पुरस्कार

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। डाला बाड़ी स्थित मां हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव/ भारत राष्ट्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक/ प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विनीत पांडेय के नेतृत्व में महादेव सेना ट्रस्ट के संस्थापक निर्भय चौधरी, एस एस एस फाउंडेशन के संस्थापक शिवम मिश्रा, बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद भरद्वाज, प्रशांत पाल और डाला नगर पंचायत सभासद अवनीश पांडेय आदि सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे। महादेव सेना ट्रस्ट के संस्थापक निर्भय चौधरी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर आयोजित किए गए लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महा सचिव/ भारत राष्ट्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक/ प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विनीत पांडेय के नेतृत्व में महादेव सेना ट्रस्ट के संस्थापक निर्भय चौधरी, एस एस एस फाउंडेशन के संस्थापक शिवम मिश्रा, बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद भरद्वाज, प्रशांत पाल और डाला नगर पंचायत सभासद अवनीश पाण्डेय आदि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले व देश की संस्कृति की मनमोहन प्रस्तुति देने वाले विद्यालय के बच्चों को कॉपी पेंसिल आदि पठन-पाठन से संबंधित सामग्री वितरण कर पुरस्कृत करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों सहित अभिभावक व विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# शिवरात्रि के बाद काशी आ सकते हैं पीएम

## हजारों करोड़ की विकास सौगात संभव

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिवरात्रि के बाद काशी दौरे पर आ सकते हैं। संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभिन्न विभागों से उन योजनाओं और परियोजनाओं की सूची मांगी गई है, जिनका शिलान्यास या लोकार्पण प्रधानमंत्री कर सकते हैं।



अनुमान है कि इस दौरे में काशी को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात मिल सकती है। तैयार सूची में सिग्नेचर रेल रोड ब्रिज, सोलर पार्क, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), नई सड़कें, फ्लाईओवर, ग्रामीण एवं शहरी कनेक्टिविटी से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

इसके अलावा कमिश्नरी परिसर में मंडलीय एकीकृत कार्यालय भवन, नगर निगम का नया सदन, रामनगर क्षेत्र में वृद्धाश्रम एवं वर्किंग वूमेन हॉस्टल का शिलान्यास भी संभावित है। ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी पहल के तहत सर्किट हाउस परिसर में प्रदेश का पहला साइलेंट सब स्टेशन स्थापित किए जाने की तैयारी है।

लोक निर्माण विभाग की कई सड़क परियोजनाएं, एनएचएआई के हाईवे प्रोजेक्ट, जिला अस्पतालों में डे-केयर सेंटर तथा बनारस रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन के शिलान्यास को भी एजेंडे में शामिल किया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं की सूची तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी, ताकि दौरे के दौरान विकास कार्यों का व्यापक कार्यक्रम सुनिश्चित किया जा सके।

# पिसौर फीडर से सात घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। आज 4 फरवरी को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिमपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटाकर सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व दीपू प्रजापति ने दी है।

# अपहरण मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस ने अपहरण के एक मामले में वांछित अभियुक्त को मंगलवार सुबह 11 बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। आपको बता दें कि अभियुक्त की पहचान चंद्रकांत भारती (लगभग 24 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जौनपुर के जलालपुर थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव का निवासी है। उसे परमपुर अंडरपास के पास वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। यह मामला तब सामने आया जब जंसा थाने में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बेटी आधार कार्ड की फोटोस्टेट कराने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।



पुलिस ने जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर अभियुक्त की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद किया। पूछताछ में अपहृता ने बताया कि वह अभियुक्त को जानती है और दोनों के बीच प्रेम संबंध थे।

उसने आगे बताया कि परिवार द्वारा उसकी शादी कहीं और तय किए जाने की जानकारी मिलने पर वह अभियुक्त के साथ मुंबई चली गई थी।

# स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत उजागर करती तस्वीरें

## गांव से शहर तक गंदगी के ढेर, कूड़ा निस्तारण केंद्र बने शोपीस

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता : धर्मेन्द्र कुमार**

मेरठ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत जनपद मेरठ में कहीं न कहीं अभियान की पोल खोलती नजर आ रही है। गांव हो या शहर, जनपद के अनेक क्षेत्रों में सड़क किनारे और रास्तों पर गंदगी के ढेर आम दृश्य बन चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां जगह-जगह खुले में कूड़ा फेंका जा रहा है।



हैरानी की बात यह है कि कई स्थानों पर ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मी भी सड़कों और रास्तों के किनारे ही कूड़ा डालते दिखाई दे रहे हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि स्वच्छता को लेकर न तो जिम्मेदार विभाग गंभीर हैं और न ही आमजन में अपेक्षित जागरूकता दिखाई दे रही है।

जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित किए गए हैं, लेकिन अधिकांश स्थानों पर ये केंद्र या तो बंद पड़े हैं या फिर उनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। कई क्षेत्रों में लोग कूड़े को खुले में जला देते हैं, जिससे हवा दमघोंटू होती जा रही है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सटे होने के कारण मेरठ पहले से ही प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में कूड़ा जलाने की घटनाएं स्थिति को और भयावह बना रही हैं। प्रदूषित वातावरण का सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ रहा है, जो अस्थमा और अन्य सांस संबंधी बीमारियों से ग्रसित हैं। उन्हें सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार द्वारा जनहित में बनाई गई योजनाएं कागजों पर तो प्रभावी दिखती हैं, लेकिन धरातल पर उनका क्रियान्वयन कमजोर नजर आता है। इससे यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या सरकारी योजनाओं को संबंधित विभाग समय पर और सही ढंग से लागू कर पा रहे हैं या नहीं?

धरातली सच्चाई यही दर्शाती है कि कई सरकारी योजनाएं फाइलों तक ही सीमित रह जाती हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि इस स्थिति का जिम्मेदार कौन है–सरकार, संबंधित विभाग या आम जनता? निष्पक्ष उत्तर यही है कि इस अव्यवस्था के लिए हम सभी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं, और जब तक सामूहिक जिम्मेदारी नहीं निभाई जाएगी, तब तक स्वच्छ भारत का सपना अधूरा ही रहेगा।

# उपायुक्त स्वत: रोजगार ने हरहुआ ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मियों संग की समीक्षा बैठक

*शिकायतों का निस्तारण समेत आरआरसी का संचालन सचिव प्रमुखता से निबटाएँ।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। डीएम के निर्देश पर मंगलवार को उपायुक्त स्वतःरोजगार पवन कुमार सिंह ने हरहुआ ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर ब्लाक कर्मचारियों संग समीक्षा बैठक की। स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण निपटाते हुए कार्यस्थल पर समय से पहुंचे और आरआरसी का संचालन सचिव हरहाल में नियमित कराना सुनिश्चित करें।अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।



उपायुक्त स्वतःरोजगार ने बताया कि गांवों में तैनात सचिवों को पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के घर की महिलाओं को समूह से जोड़ने, क्रॉप सर्वे,फार्मर रजिस्ट्री, जनशिकायतों का निस्तारण समय से करने ,भ्रमण पंजिका में सम्पादित करने सहित अभिलेखों के रखरखाव के बारे में निर्देशित किया।साथ में विभिन्न पटलों पर जाकर पूछताछ किया।

समीक्षा बैठक में बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा, सहायक विकास अधिकारी रवि प्रकाश सिंह ,एडीओ पंचायत रवि सिंह,एडीओ कृषि देवेंद्र पांडेय ,एडीओ समाज कल्याण शशांक कुमार,एडीओ एसटी शैलेन्द्र सिंह ,जे ई एमआई धर्मेंद्र कुमार व सचिव सौरभ श्रीवास्तव, गौरव विश्वकर्मा ,सुरेश कुमार मौर्य,आनन्द प्रकाश गोंड,चंदा सिंह,दीक्षा श्रीवास्तव,अमीषा सोनकर,चंचल रेड्डी, वीरेंद्र कुमार ,सत्येन्द्र कुमार, पीयूष सिंह,गणेश पटेल शामिल रहे।

# बड़ागांव पुलिस द्वारा घर से नाराज होकर निकली बालिका को तलाश कर परिजनों को किया सुपुर्द

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी थाना बड़ागांव क्षेत्रान्तर्गत चौकी हरहुआ चौकी पर वादिनी पूजा तिवारी पत्नी अशोक तिवारी, निवासी ग्राम गजपुर, थाना गजपुर, जनपद गोरखपुर ने लिखित सूचना दिया कि 12 वर्षीय पुत्री प्रियांशु तिवारी को डांटने पर नाराज होकर सुबह 08:45 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई।

सूचना पर थाना बड़ागांव पुलिस ने तत्काल चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविन्द्र दुबे एवं कांस्टेबल अभिषेक सहित पुलिस टीमों का गठन कर बालिका की तलाश शुरू कराया।

आस पास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अवलोकन के साथ आसपास के दुकानदारों, राहगीरों व स्थानीय नागरिकों को बालिका का फोटो दिखाकर पूछताछ की।

सीसीटीवी फुटेज एवं सतर्क पुलिस कार्रवाई के परिणामस्वरूप बालिका प्रियांशु तिवारी को हरहुआ चौराहा क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। आवश्यक विधिक औपचारिकताएँ पूर्ण करते हुए बालिका को उसकी माता को सुपुर्द कर दिया गया।

# सोनभद्र मे खुलेंगी उन्नीस नयी सहकारी समितियाँ: डा0 जगदीश पटेल

**दैनिक समाज जागरण**

वाराणसी। मंगलवार को जिला सहकारी बैंक मिजार्पुर व सोनभद्र की शाखा ओबरा और चोपन के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डा0 जगदीश सिंह पटेल द्वारा किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक मिजार्पुर के अध्यक्ष, डॉ जगदीश पटेल ने कहा कि हमारे किसानो की समग्र उन्नति के लिए आवश्यक है कि सहकारिता से हर किसान परिवार जुड़ें ।

माननीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकारिता विभाग की कमान संभालने के बाद ही प्रदेश की साढ़े सात हजार बीपैक्स के सुदृढ़ीकरण तथा बैंक शाखाओ के सुंदरीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।सोनभद्र मे कृषको के उत्थान के लिए उन्नीस नयी बीपैक्स खोली जाएँगी।

चेयरमैन ने कार्यक्रम मे बीपैक्स ससनई के लोकार्पण की कार्यवाई संपन्न की ओर समिति मे उर्वरक वितरण के शुभारंभ की भी घोषणा की।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि परिवारो को सहकारी समिति से जोड़ना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है।सभी किसान , व्यवसायी और नौकरीपेशा वर्ग जिला सहकारी बैंक की शाखाओ मे खाता खोलकर सहकारिता परिवार के सदस्य बनें।

बैंक सचिव एवं महाप्रबंधक राजकुमार यादव ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा कहा बैंक का कार्य व्यवसाय नही बल्कि सेवा है।

डायरेक्टर बलदेव सिंह ने कहा कि पहले जर्जर भवन और गंदगी सहकारी समिति और बैंक की पहचान बन गई थी जिसका कायाकल्प चेयरमैन जिलासहकारीबैंक की अगुवाई मे करने का बीड़ा उठाया गया है

डायरेक्टर अवधेश सिंह पटेल ने कहा कि देश मे सबसे सस्ती ब्याज दर पर गृह ऋण, कार ऋण, पशुपालन ऋण समेत हर प्रकार की ऋण योजना जिलासहकारीबैंक मे संचालित है। कार्यक्रम मे उपसभापति विपुल सिंह, डायरेक्टर संतोष सिंह वैश्यवार, अलोपी अग्रवाल, उमेश सिंह पटेल, दीनदयाल यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इसके पूर्व शाखा प्रबंधक ओबरा अरविंद कुमार , शाखाप्रबंधक चोपन जगदीशनारायण प्रमोद राय , विनय सिंह इत्यादि ने अंगवस्त्रम और बुके देकर गणमान्य अतिथियो का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम मे एडीसीओ सदर/ ओबरा अवधेश सिंह, सचिव रामअनंत, उमाशंकर यादव सचिव, नागेश्वर जायसवाल, अमरदेव,हेमनाथ यादव , जितेन्द्र इत्यादि मौजूद रहे।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी हरहुआ ने एक्सपोजर विजिट के लिए बस को हरी झंडी देकर रवाना किया रवाना

*भारत हैवी इलेक्ट्रीकल और सांस्कृतिक शंकुल के कार्यप्रणाली से हुए अवगत।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (BHEL) तरना एवं दीनदयाल हस्तकला सांस्कृतिक संकुल बड़ालालपुर के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

विकास खंड हरहुआ के समस्त उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों से 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया।



एक्सपोजर विजिट के लिए बस को रवाना करने के दौरान प्रमुख रूप से खंड शिक्षा अधिकारी, हरहुआ पंकज कुमार ,रणधीर कुमार सिंह (एआरपी विज्ञान), आशुतोष कुमार पांडेय,राजेश्वर सिंह ,अजय कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश गौतम, महेश प्रसाद, सचिन सिंह, अरविंद कुमार सिंह ,सीमा सिंह ,प्रियंका तिवारी विज्ञान के अध्यापक उपस्थित रहे।

# बॉलीबाल प्रतियोगिता में सुल्तानपुर की टीम बनी विजेता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के आदर्श सेवा क्लब करीमुद्दीनपुर के तत्वाधान में खेले गए दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला जिला सुल्तानपुर की टीम व देव एकेडमी प्रयागराज के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले के बीच सुल्तानपुर जनपद की टीम ने देव एकेडमी प्रयागराज को हराकर कप अपने नाम किया।विजेता टीम व उपविजेता टीम को कप मुख्य अतिथि साई की निदेशक पल्लवी राय ने प्रदान की।







इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह का खेल का आयोजन होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। क्षेत्र के लोगों को जहां एक तरफ प्रदेश स्तर की टीमों के शानदार खेल का आनंद मिला वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र के वॉलीबॉल से संबंध रखने वाले खिलाड़ियों को खेल की तकनीक को देखने व सीखने का मौका मिला। खेल हमारे तन मन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ आपसी भाईचारा व एकता कायम करता है। इससे पूर्व पहला सेमीफाइनल मुकाबला बक्सर और सुल्तानपुर के बीच खेला गया, जिसमें सुल्तानपुर ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 25-16 और 25-15 के सीधे सेटों में जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज और देव अकैडमी प्रयागराज के बीच खेला गया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें देव एकेडमी प्रयागराज ने 25-23, 20-25 और 25-20 के स्कोर से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला देव एकेडमी प्रयागराज और सुल्तानपुर के बीच खेला गया, जो तीन सेटों तक चला और दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। सुल्तानपुर ने 25-21, 23-25 और 29-27 के स्कोर से जीत हासिल कर टूनामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से ,सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी लालजी राय, डॉ. राहुल राय संतोष रंजन राय प्रदेश मंत्री भाजपा बिहार,डाक्टर विनोद राय, सुशील राय प्रवक्ता भाजपा किसान मोर्चा,विपुल राय,भाजपा नेता पारस नाथ राय, अरविंद राय, आनंद राय, पारस राय, किसान नेता विनोद राय, डॉ अविनाश प्रधान, इंद्रासन राय प्रधान, अतहर अली किट्ठू, रामसागर यादव (सदस्य जिला पंचायत), कौशल सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख), अब्बास जावेद पिंकू (पूर्व प्रधान कामुपुर), फिरदौस प्रधान, अभय लाल यादव (प्रधान ऊंचाडीह), सुधाकर पांडेय (क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद), श्रीमती अर्चना राय, श्रीमती पूनम राय, श्रीमती मंजू राय, रविंद्र राय, सदरे आलम (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), सत्येंद्र यादव (सदस्य जिला पंचायत), डा० प्रहलाद राय, रविशंकर राय मुन्ना, भाजपा नेता मनोज राय, जयशंकर राय, अनिल राय (जिला पंचायत सदस्य), भाजपा नेता दिनेश वर्मा, तेजू यादव, रामजी गिरी, संतोष राय (डायरेक्टर, पीआर इंटरनेशनल स्कूल, करीमुद्दीनपुर), रामाश्रय राय, रणजीत राय, रमेश राय, अरविंद राय, डॉ० अंबिका राय, जितेंद्र राय, भाजपा नेता बलिया, बृजानंद तिवारी, यशवंत सिंह, रामचंद्र सिंह, सुनील सिंह, अवनीश राय, राजेश राय पूर्व प्रधान,आशुतोष राय, श्याम बहादुर राय, नागेंद्र राय, रणजीत राय पहलवान, अरुण राय, रामजी राय, धीरेंद्र राय सोनवानी, सतीश राय पिंटू, विनोद राय बबलू, राय मुनेन्द्र मिश्रा (पूर्व प्रधान), प्रताप नारायण मिश्रा, शर्मा मिश्रा, शिव पुकार मिश्रा, रवि शंकर राय (प्रधान), श्याम राज तिवारी (जिला उपाध्यक्ष), कृष्णानंद राय, दिनेश राय, सत्यनारायण राय, संपूणार्नंद उपाध्याय, विपिन बिहारी सिंह, टुनटुन, देवेंद्र सिंह देवा, लल्लन पांडे, अनिल राय, मोहम्मद अलीम, फैयाज अहमद, संजीव राय बबलू, इंद्रजीत राय, विश्वजीत प्रसाद, अंजनी नंदन तिवारी, नवीन राय, अतुल राय, आशीष राय, गोपाल राय, डिंपल राय, विनोद राय, बाल गोविंद राय, भारत भूषण पांडे।

**कमेटी सदस्य:**

संरक्षक - डॉक्टर आनंद राय (एम्स, पटना), अध्यक्ष - डॉ दिनेश चंद्र राय, सचिव - विनोद राय गुड्डू, उपाध्यक्ष - नंदकिशोर राय, कोषाध्यक्ष - अनुपम राय बिट्ठू, प्रकाश राय पिंटू, सल्लू राय, सूरज राय, जय प्रकाश राय नन्हे,अजीत राय बिट्ठू राय, संजय राय, अंजनी राय, राहुल राय, वीरेंद्र राय, राम जानकी तिवारी, रविंद्र ठाकुर, शिवदान कुशवाहा, अभिषेक राय, शिवम आशीष, अनिल कुशवाहा, अंकित राजभर समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। क्लब के अध्यक्ष डॉ० दिनेश राय व सचिव विनोद कुमार गुड्डू ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बाल श्रम मुक्त जिला बनाने को लेकर अयोजित हुई कार्यशाला

## बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती बनाने के लिए जागरूकता रथ को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती बनाने के लिए व्यापार संगठनों, ईंट भट्ठा एसोसिएशन, विभिन्न रेस्टोरेंट मालिकों, विभिन्न व्यापारियों का सहयोग बहुत जरूरी है। इन सभी उपक्रमों को न सिर्फ. बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती बनाने का प्रण लेना होगा बल्कि अपने एसोसिएशन के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों में यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा काम ना करें। साथ ही बाल एवं किशोर प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिन अधिकारियों को बाल श्रम रोकने के लिए निर्गत किया गया है, उनको अपने क्षेत्रों में बाल श्रम मुक्ति के लिए अभियान चलाना होगा। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने जिलाधिकारी के निर्देशन में श्रम विभाग, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन पर मंगलवार को जिलाधिकारी सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला से निकली कार्ययोजना को अमली जामा पहनाने के लिए विभिन्न विभागों को साथ में आना होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की पहुँच सभी पात्र लोगों तक होना चाहिए, जो बच्चे शिक्षा से दूर है, शिक्षा विभाग उनका सर्वे कराकर उन बच्चों को अधिक से अधिक नामांकन कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करें। कार्यशाला को सम्बोधित करते श्रमायुक्त कार्यालय श्रम संसाधन केंद्र राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने बाल श्रम कानून के साथ साथ विभाग की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बाल श्रम समाजिक बुराई होने के साथ साथ कानून अपराध भी है और इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन, समाज और समाज सेवी संगठनों को मिलकर ठोस प्रयास करने होंगे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप श्रावस्ती को तय समय सीमा के अंदर बाल श्रम मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिये नियमित निरीक्षण जागरूकता अभियान, बचाव एवं पुनर्वास की



प्रभावी व्यवस्था की जाएगी। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. राजकुमार कुशवाहा ने बाल श्रम उन्मूलन को लेकर किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दिया तथा जमीनी स्तर पर आ रह चुनौतियों को साझा किया तथा सुझाव दिया कि ग्रामीण क्षेत्रो में जागरूकता अभियान और स्कूल से जोड़ने की प्रक्रिया को और सशक्त किया जाय। कार्यशाला के दौरान यह भी बताया गया कि राज्य स्तर पर ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट और श्रम विभाग के बीच पाँच आकांक्षी जनपदों को 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए एक लिखित सहमति हुई है। इसी क्रम में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की सहयोगी संस्था मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान श्रावस्ती में श्रम विभाग के साथ कार्य रही है। कार्यशाला के दौरान बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति और नियमितता बनाने में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं ब्लॉक स्तरीय ग्राम एवं बाल कल्याण समिति को मजबूत कर बाल श्रम रोकने के लिए कार्य करना होगा। कार्यशाला के दौरान बाल श्रम मुक्त जिला बनाने को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसकी शुरूआत मुख्य विकास अधिकारी ने किया।

कार्यशाला का संचालन जिला सलाहकार राजेश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान ने किया।

कार्यशाला में स्टेट कंसल्टेंट मोहम्मद फैसल, श्रम परवर्तन अधिकारी असद खान, सीडब्ल्यूसी सदस्य दिवेश कुमार सोनी, एएचटीयू से उप निरीक्षक सतीश कुमार, रणविजय सिंह, समाज कल्याण विभाग से राम कुमार, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से अमीनुद्दीन, जय प्रकाश गुप्ता, एमआईएस रोहित रंजन दूबे, अर्पित श्रीवास्तव चाइल्ड लाइन से ओम प्रकाश, विवेक यादव, जेंडर स्पेसलिस्ट संजय कुमार, वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर ज्योति गुप्ता, युवा कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार त्रिपाठी, कौशल विकास से स्वप्निल श्रीवास्तव, एसएसबी से निरीक्षक अभिषेक टालन, डीपीओ कार्यालय से मिथलेश सिंह, कुसुम श्रीवास्तव, सरिता मिश्रा, अमित कुमार, सत्यम मोदनवाल, उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, सभासद सीताराम कन्नौजिया, ग्राम प्रधान रुचि त्रिपाठी, श्रम विभाग से राम नारायण, मधुसूदन सिंह, मदन पाण्डेय, गोकुल प्रसाद,सहित पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**जागरूकता रथ को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

श्रावस्ती। बाल श्रम मुक्त अभियान जागरूकता रथ को मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप श्रमआयुक्त अनुभव वर्मा ने बताया कि प्रचार वाहन पूरे जनपद में चलाकर समुदाय को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए जागरूक करेगा।

# स्मार्ट प्री-पेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान शुरू

**दैनिक समाज जागरण**

मेरठ, 02 फरवरी। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से स्मार्ट प्री-पेड मीटर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो 02 फरवरी से 07 फरवरी 2026 तक संचालित होगा। अभियान के तहत उपभोक्ताओं को UPPCL Smart अस्त्रस्त्र इंस्टॉल कराने, रिचार्ज प्रक्रिया समझाने तथा स्मार्ट मीटर के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी जा रही है। अभियान में विशेष रूप से निगेटिव बैलेन्स वाले उपभोक्ताओं से संपर्क कर उन्हें रिचार्ज प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है और पॉजिटिव बैलेन्स बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर ओटीपी के माध्यम से सत्यापित कर, स्मार्ट ऐप डाउनलोड व उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया।

अभियान के प्रथम दिन निदेशक (वाणिज्य) श्री संजय जैन ने मुजफ्फरनगर में अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की समीक्षा की तथा निगेटिव बैलेन्स उपभोक्ताओं को प्राथमिकता पर जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने महावीर चौक स्थित हेल्प डेस्क एवं वाणिज्यिक कार्यालयों का निरीक्षण कर उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए।

इसके अलावा मेरठ जोन-प्रथम में मुख्य अभियंता श्री मुनीश चोपड़ा द्वारा गंगानगर क्षेत्र तथा मेरठ जोन-द्वितीय में मुख्य अभियंता श्री गुरजीत सिंह द्वारा काजीपुर क्षेत्र में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर रिचार्ज एवं UPPCL Smart अस्त्रस्त्र के लाभों की जानकारी दी गई।

निगम द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को स्मार्ट सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# रीवा के मेडिकल छात्रों में घमासान, जमकर चले लाठी डंडा बेल्ट, 6 घायल



**समाज जागरण**

रीवा। रीवा मेडिकल कॉलेज से जहां मेडिकल कॉलेज के छात्र गुट में हुए विवाद के बाद दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। घटना की शुरूआत मेडिकल कॉलेज के भीतर से हुई है, जहा जूनियर और सीनियर छात्र गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। कॉलेज केंपस में हुई इस घटना के बाद जब मौके पर पहुंचकर डीन छात्रों के एक गुट को समझाए दे रहे थे तभी अस्पताल परिसर में सीनियर छात्रों की भीड़ अचानक से मौके पर पहुंची और दूसरे गुट के छात्रों पर हमला कर दिया। यहां डीन की मौजूदगी में अस्पताल परिसर में भी छात्र गुटों के बीच जमकर लात घूंसों के साथ-साथ लाठी डंडे और बेल्ट भी चले हैं। बताया जा रहा है छात्र गुटों के बीच हुई मारपीट में करीब आधा दर्जन छात्र घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मेडिकल कॉलेज सहित अस्पताल परिसर में हुए छात्र गुटों के बीच हिंसक झड़प सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले को शांत करने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि अभी बात मेडिकल कॉलेज के सीनियर और जूनियर छात्रों के गुटों के बीच हुआ है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर सुनील अग्रवाल ने बताया कि 2025 बैच के छात्रों में विवाद हुआ था, यह विवाद जीटी यानी की छुट्टी जाने को लेकर हुआ है। डीन ने कहा है कि दोनों पक्षों को समझाइए देने का प्रयास किया जा रहा है और मामले की जांच कराई जाकर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल कैंपस में छात्र गुटों के बीच हुई मारपीट की घटना में आधा दर्जन छात्र घायल बताए गए हैं, तो वही इस घटना के बाद से मेडिकल इस तनाव की स्थिति निर्मित है। रीवा मेडिकल कॉलेज के छात्र गुटों में बड़ी हिंसक झड़प हुई है। यहां मेडिकल कॉलेज के सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच जमकर लात घूंसो के साथ-साथ लाठी डंडे और बेल्ट चले हैं। घटना में करीब आधा दर्जन छात्र घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं छात्र गुटों के बीच हिंसक झड़प के बाद भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा है और मामले को शांत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सतना में बेशर्मी की हद, मंदिर में अ्शील कृत्य का वीडियो वायरल, अज्ञात प्रेमी युगल पर एफआईआर



**समाज जागरण**

सतना। सतना जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र रामवन परिसर में अज्ञात जोड़े द्वारा की गई अश्लील हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल होने के बाद धर्म संगठनों के प्रतिनिधियों समेत आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले सभी स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश रहा। लोगों ने इसे धार्मिक स्थल की पवित्रता से खिलवाड़ बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दरअसल सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक युवक-युवती प्रेमी युगल मंदिर प्रांगण स्थल व भगवान की मूर्ति के पीछे अपनी प्रियषी के साथ अश्लील व आपत्तीजनक हरकत हुआ दिखाई दे रहा है। यह वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसके बाद मामला सार्वजनिक हुआ और प्रशासन तक पहुंचा। घटना को लेकर रामवन मंदिर के पुजारी अंश शर्मा (पिता रामायण शर्मा, उम्र 19 वर्ष, निवासी धनखेर, हाल मुकाम रामवन मंदिर परिसर) ने रामपुर बाघेलान थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात जोड़े के विरुद्ध अपराध क्रमांक 137/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और सोशल मीडिया के माध्यम से दोनों युगल जोड़ों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने ऐसे कृत्य को समाज और धार्मिक भावनाओं पर आघात बताते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। संगठनों के प्रति निधियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ऐसे जोडों को पकड़े व ऐसी नजीर पेश करें कि कोई प्रेमी भगवान व मंदीर परिसरों में ऐसे कृत्य करने से बचें। साथ ही सभी घाटना के बाद रामवन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसे लेकर प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है।

# मानस गायन प्रतियोगिता के नाम पर हो रहा लाखों का खेला

### न कभी हिसाब, न आडिट



**समाज जागरण**

उमरिया -- उमरिया जिले के धार्मिक नगरी मानी जाने वाली बिरसिंहपुर पाली में पिछले 35 वर्षों से चल रही मानस गायन प्रतियोगिता के नाम पर अकूत धन राशि बटोरने और उसमें आर्थिक अनियमितता के आरोप लगाये जा रहे हैं। बताया जाता है कि इस मानस प्रतियोगिता में तथाकथित कमेटी के पदाधिकारियों की मनमानी चरम पर बनी हुई है। बताया जाता है कि चंदे के इस खेल में कमेटी के ही कतिपय लोग हाथ फेरते नजर आ रहें हैं। बताया जाता है कि हर वर्ष रामायण कमेटी के व्दारा चंदा इकट्ठा किया जाता है और उसे मनमानी पूर्वक व्यय बता कर रफा दफा कर दिया जाता है। रामायण कमेटी के कतिपय पदाधिकारी काल नेमि के तर्ज पर अपने मकसद मे दिन प्रतिदिन सफल हो रहे हैं। बिरासनी मंदिर प्रांगण में संपन्न होने वाली इस प्रतियोगिता में निशुल्क स्थल, नि शुल्क बिजली, पानी, और दान दाताओं से पुरस्कार लेकर बाट देती है, फिर लाखो रूपयों का एकत्रित चंदा आखिर कार क्या चाय, प्रसाद मे ही निपटा दिया जाता है। यह सवाल न सिर्फ हर एक को परेशान कर रखा है, साथ ही इसको लेकर रामायण कमेटी पर अब तीखे आरोप भी लग रहे हैं। सच्चाई चाहे जो हो, लेकिन अगर धुंआ निकलना शुरू हुआ है तो आग जरुर होगी । इसलिए वास्तविकता के लिए रामा यण कमेटी के खाते की जांच होनी चाहिए। इस संदर्भ में पूर्व में सूचना अधिकार के तहत जानकारी भी चाही गयी थी, जिसे प्रशासन के नुमाइंदो ने देना उचित नहीं समझा, जिससे लोगों के बीच तरह तरह की आंशकाये बढती जा रही है। लोगों ने समाचार के माध्यम से रामायण कमेटी की मांग की है, जो जन हित में उचित होगी

# ब्लॉक कांग्रेस बुढ़ार दिखाएगी मुख्यमंत्री को काला झंडा



**समाज जागरण धनपुरी**

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण 31 लोगों की दर्दनाक व प्रशासनिक मौत हो गई। इतनी बड़ी जनहानि के बावजूद राज्य सरकार द्वारा संवेदनहीनता दिखाते हुए हर्ष एवं उत्सव मनाया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है।इसी तरह लगातार दूषित पानी के सेवन से धनपुरी नगर पालिका में भी कई लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है नगर में दो दो फिल्टर प्लांट होने के बावजूद दुर्भाग्य है जनता का की उन्हें शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जगह खुश्बूदार पानी से नहाने की व्यवस्था कराई जा रही है इस गंभीर जनहित मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर दिनांक 8 फरवरी (रविवार) को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसने सभी पाँचो मंडलम के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित रहेंगे । यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित सिंह ने देते हुए बताया कि यह विरोध प्रदर्शन मृतकों को श्रद्धांजलि, पीड़ित परिवारों को न्याय तथा धनपुरी नगर में स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था की मांग हेतु किया जा रहा है।

# कांग्रेस नेताओं ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भूरिया का स्वागत

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली -- नर्मदा एक्सप्रेस से अनूपपुर जाते समय कांग्रेस के आदिवासी राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह,का पाली में रेलवे स्टेशन में ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। विदित होवे की कांग्रेस नेताओं को स्मारक के रूप में नगर में बिराजित आदि शक्ति बिरासनी जी की प्रतिमा भेंटकर पाली नगर आने का निमंत्रण दिया। वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस के इस आग्रह को स्वीकार करते हुए पाली आने की बात कही। इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में प्रमोद उपाध्याय पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नत्थूलाल पटेल जी, पूर्व पार्षद और वरिष्ठ नेता कृष्ण कांत अव धिया जी राम बिहारी उपाध्याय जी रमेश सिंहजी दिलीप त्रिपाठी जी महिला नेत्री बिद्दू तिवारी जी पूर्व पार्षद बलराम प्रजापति जी युवा कांग्रेस जिला सचिव सनु उपाध्याय जी युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश तिवारी जी पवन पटेल जी भोला साहू जी लक्ष्मण कुशवाहा जी बंटी वर्मा जी सुनील साहू जी दुर्गेश नामदेव जी अंकित मिश्रा जी अजीत श्रीवास्तव जी सुधांशु सिंह जी दादू प्रजापति जी जावेद खान जी लकी वर्मा जी सुमित सेन जी अजय मिश्रा जी विजय गुप्ता जी छोटू केसरवानी जी राहुल केसरवानी जी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे । आज एक बार बिरसिंहपुर पाली रेलवे स्टेशन कांग्रेस के जयकारों से गूंज उठा। राष्ट्रीय कांग्रेस नेताओं ने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा से संघर्ष रत और कांग्रेस की रीति नीति को आगे बढाने की बात कही।

# 500 CCTV और 5 दिन का डेरा: पुलिस ने रीवा से दबोचे कुलदीप पर हमला करने वाले 'हथौड़ा' गैंग के गुर्गे

### मास्टरमाइंड खनन माफिया सचिन कुशवाहा पुलिस गिरफ्त से बाहर




**समाज जागरण**

भोपाल का शांत इलाका 'कोलार' 25 जनवरी 2026 की शाम को हथौड़ा गैंग की दहशत से दहल उठा। यहाँ रीवा निवासी कुलदीप सिंह पर आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाशों ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह अपने रिश्तेदारों के साथ कार में सवार था। यह हमला इतना बर्बर था, कि बदमाशों ने हथौड़े और लोहे की रॉड से कुलदीप के हाथ-पैर छलनी कर दिए।

**वारदात का घटनाक्रमः हथौड़े और रॉड से कैसे किया गया हमला?-:**

25 जनवरी की रात, जब पूरा शहर गणतंत्र दिवस तैयारियों की पूर्व संध्या में डूबा था, तभी कोलार इलाके मे दो कारों ने कुलदीप सिंह की गाड़ी को बीच सड़क पर घेर लिया। हमलावर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उनके चेहरे नकाब से ढके थे और हाथों में हथौड़े, सब्बल और मोटे डंडे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, बदमाशों ने पहले कुलदीप की कार में तोड़फोड़ की और फिर उसे खींचकर बाहर निकाला। कुलदीप को तब तक बेरहमी से पीटा गया जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। उसके रिश्तेदारों में से खासकर अशुमति सिंह ने जब बीच-बचाव की कोशिश की, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बिना नंबर की कारों से फरार हो गए।

**SIT का गठन और 500 कैमरों की जांचः कैसे पकड़े गए आरोपी?-:**

घटना की गंभीरता को देखते हुए भोपाल पुलिस ने तुरंत एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया। चूंकि आरोपी नकाबपोश थे, और गाड़ियाँ बिना नंबर की थीं, इसलिए यह पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

**CCTV का जालः**

पुलिस ने भोपाल से लेकर रीवा तक के रास्तों पर लगे करीब 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।

**5 दिनों का डेराः**

पुलिस की दो टीमें पिछले पांच दिनों से रीवा में सादे कपड़ों में डेरा डाले हुए थीं।

**सफलताः**

अंततः मुखबिरों की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अनिल कुशवाहा और अखिलेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया।

**अवैध खनन और वर्चस्व की जंगः हमले के पीछे की मुख्य वजह-:**

पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। यह हमला किसी पुरानी रंजिश का नतीजा नहीं, बल्कि अवैध खनन (Illegal Mining) कारोबार पर कब्जे की लड़ाई थी, बता दें कि रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र के नौवस्ता चौकी अंतर्गत बैजनाथ में कुलदीप सिंह और सचिन कुशवाहा के बीच अवैध उत्खनन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी, और मौके पर पहुंची पुलिस के सामने उस वक्त भी खनन माफिया सचिन कुशवाहा और उसके गुर्गों ने कुलदीप सिंह एवं उनके साथियों के साथ मारपीट की थी, जिसका वीडियो भी था, उसके बावजूद भी चोरहटा पुलिस ने राजनीतिक दबाव के चलते कुलदीप सिंह पर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए मारपीट जैसी अन्य धाराओं के तहत मामला पंजीकृत कर लिया था जिसके बाद इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया और वीडियो दिखाया गया, तब जाकर सचिन कुशवाहा के ऊपर भी प्रकरण पंजीबद्ध कर काउंटर मामला पंजीबद्ध किया गया। अवैध खनन माफिया हिस्ट्रीशीटर सचिन कुशवाहा जिसके ऊपर दर्ज है, 12 से अधिक केस-: रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र के बैजनाथ गांव निवासी सचिन कुशवाहा पिता लल्लू कुशवाहा उम्र 35 वर्ष एक अवैध खनन माफिया बन चुका है, जो करोड़ों के राजस्व को चूना लगा रहा हैं, और इस क्षेत्र में अपना एकछत्र राज चाहता था। जिसके खिलाफ रीवा-सतना जिले के थानों पर मारपीट गाली गलौज महिलाओं और बच्चों के साथ छेड़छाड़ व एस .सी. एस.टी के साथ ही विभिन्न धाराओं के तहत 12 से अधिक मामला पंजीबद्ध हैं, इसी के साथ सचिन कुशवाहा पर जिला बदर की भी कार्रवाई की गई है। वर्ष 2021 में बैजनाथ निवासी जीवेन्द्र सिंह परिहार की खड़ी गाड़ी में तोड़ फोड़ करने और क्रशर के कर्मचारियों से मारपीट करने पर 452, 147, 148, 149, 294, 323, 506, 427 IPC के तहत नौवस्ता चौकी में मामला दर्ज। वर्ष 2021 में प्रदीप त्रिपाठी के क्रशर में घुसकर तोड़फोड़ करने पर 294, 323, 506, 34 IPC के तहत मामला दर्ज। वर्ष 2021 में ही शिवम सिंह के साथ मारपीट पर 294, 323, 506, 34 IPC के तहत नौवस्ता चौकी में मामला दर्ज वर्ष 2021 में ही परीक्षित शुक्ला के साथ मारपीट पर 294, 323, 506, 34 IPC के तहत नौवस्ता चौकी में मामला दर्ज। वर्ष 2022 में बहेलिया भाट स्थित वाटर पार्क में पिकनिक मनाने आए महिलाओं और बच्चों के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने पर विभिन्न धाराओं पर सतना के रामपुर बाघेलान थाने मामला दर्ज। वर्ष 2023 में आशुतोष त्रिपाठी के साथ मारपीट पर 294, 506, 34 IPC के तहत रामपुर बघेलान थाने में मामला दर्ज । वर्ष 2023 में दिलीप मिश्रा के साथ मारपीट गाली गलौज पर 294, 323, 506, 34 IPC के तहत चोरहटा थाने में मामला दर्ज। इसी के साथ एस. सी.एस .टी.तहत भी प्रकरण दर्ज है। इस तरह से सचिन पर 12 से अधिक मामले दर्ज कर जिला बदर की कार्यवाही की जा चुकी है। कुलदीप के जेल से बाहर आने पर सचिन कुशवाहा को सताने लगा डर-: बता दें कि सचिन कुशवाहा के ऊपर कुलदीप के जेल से बाहर आने के बाद, सचिन को लगा कि उसका कारोबार प्रभावित हो सकता है, इसीलिए उसने भोपाल में इस हमले की साजिश रची। मास्टरमाइंड सचिन कुशवाहा और उसके गुर्गे पुलिस जांच में सामने आया है, कि इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड सचिन कुशवाहा है। उसने अपने साथ पवन कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, प्रवीण कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, प्रांजल पाठक, सूरज, अनिल कुशवाहा, अखिलेश पांडेय और साकेत जैसे गुर्गों को मिलाया। इन सभी ने मिलकर योजना बनाई कि कुलदीप को भोपाल में ठिकाने लगाया जाए, ताकि रीवा पुलिस उन पर शक न करे। गिरफ्तार आरोपी अनिल कुशवाहा और अखिलेश पांडेय ने बताया कि मास्टरमाइंड सचिन कुशवाहा के कहने पर ही उन्होंने कुलदीप के हाथ-पैर तोड़ने का काम किया ताकि वह भविष्य में खड़ा न हो सके।

**हथौड़ा कांड का मास्टरमाइंडः-**

सचिन कुशवाहा कोई साधारण व्यक्ति नहीं है बल्कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह रीवा जिले के चोरहटा एवं सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना का एक सूचीबद्ध आदतन अपराधी है।

**आपराधिक मामले-:**

सचिन पर मारपीट गाली गलौज और अपने नाम की दहशत पैदा करना उसके वसूल में था पैसों के दम पर लोगों के साथ जबरन मारपीट गाली गलौज करने जैसी घटनाओं को अंजाम देना उसके लिए आम बात हो चुकी थी किसी के साथ महि लाओं व बच्चों के साथ छेड़छाड़ के साथ-साथ एससी एसटी एक्ट के साथ ही 12 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं।

**गैंगवार की स्थिति-:**

रीवा में कुलदीप और सचिन के गुटों के बीच पहले भी कई बार झड़पें हो चुकी हैं, जिसके कारण दोनों पक्षों पर क्रॉस एफआईआर (Counter Cases) दर्ज हैं। अस्पताल में जिंदगी की जंग और पुलिस की अगली कार्रवाई-: फिलहाल कुलदीप सिंह भोपाल के बंसल अस्पताल में भर्ती है, जहाँ उसकी हालत गंभीर है, लेकिन स्थिर बताई जा रही है। उसके शरीर की कई हड्डियां टूट चुकी हैं। पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर लिए हैं, और फरार चल रहे मुख्य आरोपी सचिन कुशवाहा और उसके अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक पूरे घटनाक्रम के मास्टरमाइंड सचिन कुशवाहा एवं उसके अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# भाजपा के विकास का असली चेहरा आया सामने, बाहरी चखें मलाई और स्थानीय न्यायालय का कांटे चक्कर -- जुगुल राठौर।

**समाज जागरण अनूपपुर/जैतहरी,**

मोजर बेयर पावर प्लांट प्रबंधन दिन - प्रतिदिन निरंकुश और तानाशाह होते जा रहा है जिसके कारण औद्यो गिक विवाद बढ़ते ही जा रहा है । प्रभावित खातेदार अतिक्रामक एवं स्थानीय लोगों को किसी न किसी प्रकार के विवादों में उलझा कर उनको नौकरी से पृथक कर दिया जाता है । जिसके कारण शांतिप्रिय मजदूर न्याय की आस में न्यायालय का दरवाजा खटखटाता है, किंतु मोजर बेयर पावर प्लांट प्रबंधन पुनर्वास एवं श्रम कानून को अपने पांव से रौंदते हुए औद्योगिक विवाद को बढ़ावा दे रहा है । कानून के जिम्मेदार अधिकारी इन निरंकुश और तानाशाह प्रबंधन के खिलाफ किसी प्रकार का कोई कार्यवाही कर पाने में एवं कानून का हिफाजत करने में अभी तक अक्षम साबित हुआ है जिसके कारण प्रबंधन का मनोबल कानून को उजाड़ने में लगातार बढ़ता जा रहा है । उक्त आशय की जान



कारी संयुक्त ठेकेदारी मजदूरी यूनियन सीटू के अध्यक्ष जुगुल किशोर राठौर ने देते हुए बताया कि आज दिनांक 3 फरवरी 2026 को राधाबाई पति खेमलाल का औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत चर्चा वार्ता श्रीमान श्रम पदाधिकारी के यहां आमंत्रित किया गया था किंतु लगातार प्रबंधन के द्वारा श्रम कानून का धज्जियां उड़ाई जाकर चर्चा वार्ता को असफल करवा करके औद्यो गिक विवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है । जुगल किशोर राठौर का कहना है कि भू -अर्जन के समय भू अर्जन अधिकारी एवं पुनर्वास अधिकारी के द्वारा तमाम प्रकार के वायदा किये गये हैं किन्तु स्थानीय लोगों प्रभावित खातेदारों एवं अतिक्रामकों को नौकरी सहित तमाम प्रकार की सुविधाओं के लिए दर दर ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं। और वहां पर कानून के हाथ सिकुड़ जाते हैं और कानून को उजाड़ने वाले है हठधर्मी प्रबंधन भारी पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है । परिणाम दर्जनों मुकदमा न्याय के आस में लगाए मजदूर लड़ रहा है ।

# माँ काली की पावन धरा पर 4 फरवरी से श्री अद्भुत रामायण महायज्ञ , 12 फरवरी तक चलेगी भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा

**समाज जागरण जमुना कोतमा**

अनूपपुर माँ नर्मदा की पावन धरती के अंतर्गत जमुना-कोतमा क्षेत्र स्थित माँ काली मंदिर प्रांगण, कोतमा वेस्ट कॉलरी, नगर पालिका परिषद पसान, जिला अनूपपुर म.प्र. में आगामी 4 फरवरी 2026 बुधवार से श्री अद्भुत रामायण महायज्ञ एवं भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है यह धार्मिक अनुष्ठान 12 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन आयोजित होगा इस पावन आयोजन में कथा वाचन का दायित्व कथा व्यास परम पूज्य जया मिश्रा जी श्रीधाम वृंदावन को प्राप्त होगा, जिनकी ओजस्वी वाणी से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्रीराम कथा का रसपान श्रद्धा लुओं को कराया जाएगा कार्य क्रम का संचालन श्री हनुमान जी महाराज के सान्निध्य में तथा यज्ञाचार्य श्री लोकेश्वर महाराज जी ग्राम पीठ बटुरी, जिला अनूपपुर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा आयोजन के क्रम में 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा एवं श्रीराम कथा महिमा के साथ शुभारंभ किया जाएगा इसके बाद 5 फरवरी को माँ सती चरित्र एवं पार्वती विवाह,



6 फरवरी को उल्लासपूर्ण श्रीराम जन्म उत्सव, तथा 7 फरवरी को अहिल्या उद्धार एवं पुष्प वाटिका प्रसंग का संगीतमय वर्णन किया जाएगा वहीं 8 फरवरी को भव्य श्रीसीता-राम विवाह उत्सव, 9 फरवरी को श्रीराम वन गमन एवं केवट प्रसंग, तथा 10 फरवरी को भरद्वाज संवाद एवं भरत चरित्र का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण होगा इसके साथ ही 11 फरवरी को शबरी प्रसंग, सुंदरकाण्ड एवं श्रीराम राज्य उत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, करुणा और आदर्श रामराज्य की अनुभूति कराई जाएगी कार्यक्रम के समापन अवसर पर 12 फरवरी को महायज्ञ, पूणार्हुति, विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयो जन किया जाएगा इस दौरान क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं की बड़ी उपस्थिति रहने की संभावना है आयोजन का दायित्व समस्त जमुना-कोतमा क्षेत्र, नगर पालिका परिषद पसान, जिला अनूपपुर द्वारा वहन किया जा रहा है आयोजकों ने समस्त धमार्नुरागी श्रद्धालुओं, माताओं- बहनों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है जय माता दी, जय माँ काली, जय श्रीराम, जय हनुमान, जय शिव शंभू

# जिला प्रशासन की लापरवाही से सर फॉर्म को लेकर छात्र और अभिभावक हो रहे हैं परेशान।

**समाज जागरण**

अमलाई। एक प्रेस नोट के माध्यम से भाजपा के वरिष्ठ नेता और सीनियर एडवोकेट अरविंद साहनी ने बताया कि सर फॉर्म को लेकर अनूपपुर जिला प्रशासन के सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी अनूपपुर एवं स्थानीय बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा तमाम बरगवां अमली नगर परिषद क्षेत्र में विशेष कर छात्रों को कल शाम को नोटिस दी गई है और इस नोटिस में मात्र 12 घंटे का समय दिया गया है कि आपके मतदाता सूची में कुछ कमियां है जिसे स्पष्ट नहीं बताया गया है और आपको उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करें । अधिवक्ता साहनी ने कहा कि इस नोटिस को लेकर आम जनता में तमाम भ्रम पैदा हुई है और अभि भावक के साथ तमाम छात्र परेशान हो रहे हैं उन्होंने कहा कि सर फॉर्म भरने करने के समय तमाम दस्तावेज आधार कार्ड मोबाइल नंबर सब दिए गए हैं तो फिर क्यू जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और ु'oइनको कानून की जानकारी नहीं थी और ना ही उनका ढंग से ट्रेनिंग दी गई थी। क्योंकि सर फॉर्म को लेकर भारत सरकार की गाइड लाइन बिल्कुल स्पष्ट है तो उसका परिपालन उस समय क्यों नहीं किया गया था। इसके अलावा साहनी ने कहा कि प्रदेश के गरीब परिवार के बच्चे तमाम लोग बाहर अध्ययन करते हैं वह 12 घंटे में अपना जवाब देने के लिए कैसे प्रस्तुत हो सकते हैं। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि ऊंन नोटिस छात्रों को न देकर उनके माता-पिता को दी जा रही है जो कानून अवैध है जबकि सीधे से सभी बच्चों को मोबाइल फोन व्हाट्सएप या ईमेल के माध्यम से सूचना दी जा सकती है जिस कानून मानयता देता है और वह दस्तावेज भी वहीं से भेज सकते थे इसके अलावा कम पढ़े लिखे जनता इसको लेकर तमाम परेशान है और ऐसे में सरकार की आलोचना भी कर रहे हैं। साहनी ने कहा कि पहले से वैसे भी विपक्ष इन बातों को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रहा है और लगातार मोदी सरकार को बदनाम कर रहा इस परंपरा को जिला प्रशासन के ऐसे अधिकारी माता-पिता और छात्रों को परेशान करके सरकार की भी बदनामी कर रहे हैं और आजकल चौराहों में हर जगह विपक्ष के लोग सरकार की बदनामी कर रहे हैं ।साहनीजो की भाजपा पार्टी के बूथ अध्यक्ष के अलावा बूथ लेवल ऑफिसर भी है जहां वह लोग घरों में जा जाकर सभी लोगों को सरकार की सर फॉर्म की नीतियां समझा रहे हैं लेकिन ऐसे निर्वाचन अधिकारी और उनके लोग सरकार को बदनाम कर रहे हैं नोटिस में इस प्रकार की कानूनी भाषा की जानकारी दी गई है जो आम लोगों को समझ में नहीं आ रही और लगातार लोग परेशान हो रहे हैं अधिवक्ता साहनी ने आज तत्काल ही प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री और माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जिला पंजीकरण अधिकारी और उनकी टीम की शिकायत करते हुए कलेक्टर महोदय से मांग किया है कि अमलाईवर्तमान नगर परिषद में सभी छात्रों और अभिभावकों को जो बुलाया जा रहा है उसकी जांच की जाए और यदि कोई दस्तावेज होने चाहिए तो उसे सरल तरीके से भरपाई किया जाए और ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी जांच कार्रवाई की जाए ताकि आम जनता का भ्रम दूर हो और सरकार के प्रति विश्वास जग सके।

# प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में संयुक्त मोर्चा का आंदोलन

### जोहिला क्षेत्र में श्रमिकों में व्यापक असंतोष

**समाज जागरण**

उमरिया --- देश की मिनी रत्न कंपनी साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र में श्रमिकों के जायज और संक्षिप्त 72 मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से आंदोलन में बैठे हुए हैं, लेकिन प्रबंधन के कानो में जूं नहीं रेंग रही हैं। प्रबंधन के इस श्रमिकों के बीच में असंतोष भडक रहा है। बताया जाता है कि एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र में जब से तत्कालीन महाप्रबंधक के कार्य शैली से जब तब आये दिन आंदोलन में होते रहे हैं, लेकिन इस कार्य शैली से व्यथित होकर जोहिला क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठन आज आंदोलन की राह पकड लिये हैं । विदित होवे की जोहिला क्षेत्र में औद्योगिक संबंधों को महाप्रबंधक के अडियल रवैये के कारण शून्य हो गयें है और महाप्रबंधक के कृत्यों से श्रमिक संगठनों से कई बार अपमान के घूंट पीकर रह गया। श्रमिक संगठन के सीटू श्रमिक संघ के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य ने प्रबंधन के कार्यों की निंदा करते हुए भष्ट्राचार, ठेका श्रमिको का प्रबंधन शोषण करते हुए उनके हाजिरी का अथाह पैसा लूटने में प्रबंधन जुटा हुआ है। कंचन ओपन कास्ट खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला उठाते हुए कहा की प्रबंधन श्रमिकों की जान के साथ खेल रहा है। सीटू नेता ने शुद्ध जल पीने को भी नहीं मिलता है। विंध्या क्षेत्र में आज तीन दशक से पानी के शुद्ध पानी न मिल पाना, एस ई सी एल प्रबंधन के भष्ट कार्यशैली को उजागर रख दिया है । उल्लेखनीय है कि जोहिला क्षेत्र में सडकों की हालात जर्जर हो गयी है, लेकिन प्रबंधन इस काम में लीपापोती कर उनके नाम पर जब तब भारी धांधली कर मामले को रफा -दफा कर दिया जाता है। आज के आंदोलन में संयुक्त मोर्चा की ओर से अशोक पाण्डेय बी एम एस, बिहारी लाल पटेल एच एम एस, पारस नाथ एटक, दिलीप सोनी इंटक, कुंजमणि वर्मा सीटू का जत्था क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। आंदोलन का आज सातवा दिवस है और इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में अनशन रत है। आज आंदोलन स्थल पर एक आम सभा रखी गयी जिसे श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए प्रबंधन के काले कारनामे पर प्रकाश डाला। आज के आम सभा में अमृत लाल विश्वकर्मा सीटू, प्रीतम पाठक इंटक नागेन्द्र सिंह बी एम एस, राम कुंअर प्रजापति इंटक, अशोक पाण्डेय एटक, एस डी सिंह सीटू, मो फजल एटक नौमी शरण यादव बी एम एस अरूण मिश्रा एच एम एस आदि श्रमिक नेताओं की भागीदारी देखी गयी । श्रमिक संगठन ने प्रबंधन से आग्रह किया है कि शीघ्र जायज मांगो को स्वीकार कर लागू करें वरना क्षेत्र में और उग्र आंदोलन छेडा जायेगा। इस सबके बाद भी प्रबंधन की कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। ध्यान देने योग्य है कि भारतीय जनता पार्टी की देश की सरकार चल रही है फिर भी उसकी अनुषांगिक मजदूर संघ बी एम एस को भी जोहिला क्षेत्र के प्रबंधन के श्रमिक विरोधी नीतियों के चलते हडताल का रास्ता अख्तियार करना पड रहा है, जो बेहद निराशा जनक माना जा रहा है। श्रमिकों के हित बध्द सरकार श्रमिकों के हित में कब तक कदम उठायेगी, यह भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है।

# पटना के पालीगंज पुलिस ने किया सोन नहर से शव बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के भेड़हरिया इंग्लिग गांव के पास सोन नहर से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पटना जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत भेड़हरिया इंग्लिग गांव के पास सोन नहर में ग्रामीणों ने एक शव को देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पालीगंज थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस ने सोन नहर से शव को बाहर निकलवाया। जहां मृतक व्यक्ति की पहचान नालंदा जिले के नूरसराय थाना अंतर्गत मनारा गांव निवासी चंद्रिका मोची के 52 वर्षीय पुत्र महेंद्र रविदास के रूप में हुआ है।बताया जा रहा है कि मृतक ईट भट्ठा पर कम करता था जो पिछले गुरुवार से लापता था। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शव अरवल की ओर से नहर में बहकर आया था। जिसे नहर से निकालकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया गया है। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दिया गया है।

# किसान क्रांति पदयात्रा का मोहनलालगंज में ऐतिहासिक स्वागत

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज लखनऊ भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की ओर से निकाली जा रही दस दिवसीय किसान क्रांति पदयात्रा के तहत मोहनलालगंज कस्बा किसान एकता और जनसमर्थन का प्रतीक बन गया। प्रदेश प्रभारी किसान नेता ऋषि मिश्रा के मोहनलालगंज कस्बा पहुंचते ही हजारों किसानों के साथ





उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर किसानों ने आंदोलन के प्रति अपनी मजबूती और एकजुटता का संदेश दिया।

कस्बा जय जवान-जय किसान किसान एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। फूलों की वर्षा, माल्यार्पण और जोरदार स्वागत के बीच किसानों ने किसान हितों की निर्णायक लड़ाई का संकल्प दोहराया।किसान क्रांति पदयात्रा के स्वागत में डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम जो कि मोहनलालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष हैं, मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने पदयात्रा का स्वागत करते हुए किसानों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।इस अवसर पर किसान नेता रिशु रावत, अजीत यादव, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान क्रांति पदयात्रा का उद्देश्य केवल आंदोलन नहीं, बल्कि पीड़ित किसानों की समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले थानों और तहसीलों के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता कर किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पीड़ित किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन स्तर पर समय रहते नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन भानू गुट को धरना-प्रदर्शन और बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।किसानों के सम्मान में सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब यह दशार्ता है कि किसान आंदोलन को लगातार व्यापक समर्थन मिल रहा है मोहनलालगंज पड़ाव पर मिली ऐतिहासिक सफलता से किसान क्रांति पदयात्रा को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है।

# सावधान! सवर्णों के खिलाफ रची जा रही है चक्रव्यूह, अब चुप्पी तोड़ी तो मिट जाओगेः गोपाल भार्गव की ललकार

**दैनिक समाज जागरण**

भोपाल/सागर। मध्यप्रदेश की सियासत में इन दिनों 'संवैधानिक षड्यंत्र' और 'ब्राह्मण विरोध' की आग सुलग रही है। जब रक्षक ही भक्षक बनने लगें और व्यवस्था ही समाज को निगलने पर उतारू हो जाए, तो हुंकार भरना मजबूरी नहीं, धर्म बन जाता है। बीजेपी के कद्दावर नेता और वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने सागर की धरती से इसी धर्म-युद्ध का शंखनाद कर दिया है।

**व्यवस्था का प्रहारः क्या ब्राह्मणों को हाशिए पर धकेलने की तैयारी है?**

गोपाल भार्गव ने समाज को आईना दिखाते हुए अत्यंत कठोर शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सवर्ण समाज अब भी संगठित नहीं हुआ, तो आने वाली पीढ़ियां गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी मिलेंगी।

**अधिकारियों की उद्दंडता और सवर्णों का अपमान**

हालिया घटनाक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि किस तरह सत्ता के गलियारों में सवर्ण समाज के खिलाफ जहर घोला जा रहा है।

**रणभेरी बज चुकी हैः अब याचना नहीं, रण होगा!**

गोपाल भार्गव का यह बयान केवल एक राजनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि उस आक्रोश की अभिव्यक्ति है जो सालों से 'नियम-कायदों' की आड़ में सवर्णों के दमन के खिलाफ सुलग रहा था। मध्यप्रदेश में जिस तरह से एक के बाद एक सवर्ण विरोधी सुर तेज हुए हैं, उसने यह साफ कर दिया है कि अब वर्चस्व की लड़ाई सड़कों से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी।

सोशल मीडिया पर भी उबालः पूरे प्रदेश में सवर्णों के सम्मान में आवाजें बुलंद हो रही हैं। लोग पूछ रहे हैं कि क्या योग्यता को केवल इसलिए कुचला जाएगा क्योंकि वह 'सवर्ण' के घर पैदा हुई है?

# पटना में दिन दहाड़े फायरिंग करनेवाले नकाबपोश अपराधी को लोगो ने पकड़ा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ राजधानी पटना में मंगलवार को दिनदहाड़े नकाबपोश अपराधी ने युवक की हत्या की नीयत से फायरिंग कर दी। यह घटना दीघा थाना क्षेत्र के कुर्जी मोड़ स्थित लोयला स्कूल के ठीक सामने हुई, जिससे कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अचानक हुई गोलीबारी से राहगीरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई, लेकिन लोगों की सूझबूझ और साहस से एक बड़ी अनहोनी टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नकाब पहने एक अपराधी अचानक एक घर में घुस गया और वहां मौजूद शंभू नामक युवक को निशाना बनाते हुए गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली लगने से पहले ही आसपास मौजूद लोगों ने स्थिति को भांप लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। कुछ ही पलों में घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने साहस दिखाते हुए अपराधी को दबोचकर पुलिस को सूचना दी। पीड़ित शंभू ने बताया कि बीते वर्ष उनसे करीब 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। उनका कहना है कि उसी पुराने विवाद को लेकर उन पर जानलेवा हमला किया गया। शंभू के मुताबिक, वे पहले भी इस संबंध में शिकायत कर चुके थे। लेकिन अचानक इस तरह दिनदहाड़े हमला होने से वे और उनका परिवार दहशत में हैं। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि रंगदारी के मामले में दबाव बनाने के उद्देश्य से यह हमला किया गया। सूचना मिलते ही दीघा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड पिस्टल और एक कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने हथियारों को जब्त कर लिया है और आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी पहले से ही शंभू की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था और मौका देखकर वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। घटना के बाद एहतियात के तौर पर पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी अकेला था या उसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और जरूरत पड़ने पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। स्थानीय लोगों ने जिस तरह साहस दिखाकर आरोपी को पकड़ने में मदद की, उसकी इलाके में सराहना हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि लोग तत्परता नहीं दिखाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि इस घटना ने एक बार फिर राजधानी में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिनदहाड़े फायरिंग जैसी घटना से आम नागरिकों में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं वह पहले किसी अन्य वारदात में तो शामिल नहीं रहा है। साथ ही रंगदारी से जुड़े नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित को हरसंभव सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

# न्यायप्रिय चौकी प्रभारी अनूप सिंह के स्थानांतरण पर हुलास खेड़ा में भावुक विदाई

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलास खेड़ा चौकी के तेज-तर्रार, निर्भीक और न्यायप्रिय चौकी प्रभारी अनूप सिंह के थाना गोसाईगंज स्थानांतरण पर मंगलवार को चौकी परिसर में एक प्रभावशाली व भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों और बड़ी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।



इस अवसर पर पूर्व प्रधान कुढ़ा रविंद्र कुमार यादव, प्रधान उमेश रावत, धीरज सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान लोगों की आंखों में सम्मान, गर्व और भावुकता साफ झलक रही थी।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने अपने कार्यकाल में कानून को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि न्याय को जमीन तक उतारने का काम किया। गरीब, असहाय, मजलूम और पीड़ित लोगों के लिए वे हमेशा ढाल बनकर खड़े रहे। फरियादी चाहे किसी भी वर्ग का हो, उन्हें बिना भेदभाव न्याय दिलाना उनकी पहचान बन गई थी।

ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अनूप सिंह ने हुलास खेड़ा क्षेत्र में पुलिस की छवि को मानवीय, संवेदनशील और भरोसेमंद बनाया। अपराध के प्रति सख्ती और आम जनता के प्रति अपनापन—यह संतुलन बहुत कम अधिकारियों में देखने को मिलता है, और अनूप सिंह उन्हीं में से एक रहे।

विदाई समारोह के दौरान कई ग्रामीण भावुक हो उठे और कहा कि क्षेत्र एक ऐसे चौकी प्रभारी से विदा ले रहा है, जिसने डर नहीं, बल्कि भरोसे का माहौल कायम किया। लोगों का कहना था कि उनका स्थानांतरण भले ही प्रशासनिक प्रक्रिया हो, लेकिन उनकी कमी लंबे समय तक खलेगी।अपने संबोधन में अनूप सिंह ने क्षेत्रवासियों के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हुलास खेड़ा की जनता का प्यार और विश्वास उनके लिए हमेशा प्रेरणा बना रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि थाना गोसाईगंज में भी वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।समारोह का समापन सम्मान और शुभकामनाओं के साथ हुआ, लेकिन हुलास खेड़ा क्षेत्र के दिलों में एक ही भावना रही ऐसे अफसर बार-बार नहीं आते।

# सरई में रेत माफिया बेलगाम

**दैनिक समाज जागरण,**

सिंगरौली। सरई थाना क्षेत्र में अवैध रेत खनन अब चोरी-छिपे होने वाला अपराध नहीं रहा, बल्कि खुलेआम चल रहा संगठित और संरक्षित अपराध बन चुका है। हैरानी नहीं, बल्कि शर्म की बात यह है कि यह पूरा गोरखधंधा पुलिस की नाक के नीचे फल-फूल रहा है।दिन हो या रात, नदियों से रेत की खुली लूट जारी है। दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाईवा ऐसे बेखौफ निकलते हैं जैसे उन्हें कानून का नहीं, बल्कि किसी अदृश्य सत्ता और वर्दीधारी संरक्षण का आशीर्वाद प्राप्त हो। सवाल सीधा और तीखा है—जब हर ग्रामीण सब देख रहा है, तो थाना प्रभारी को आखिर क्यों कुछ नहीं दिखता?

**शिकायतों का अंबार, कार्रवाई का अकाल**

स्थानीय लोगों के अनुसार अवैध खनन को लेकर कई बार लिखित-मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन न प्रभावी छापेमारी हुई, न बड़े वाहनों की जब्ती, न ही माफियाओं पर सख्त धाराओं में एफआईआर। यह स्थिति साफ इशारा करती है—या तो पुलिस पूरी तरह अक्षम है, या फिर जानबूझकर आंख मूंदे बैठी है।

**रात में अपराध, दिन में लीपापोती**

सूत्र बताते हैं कि असली खेल रात के अंधेरे में चलता है। पुलिस गश्त सिर्फ रजिस्टरों और रिपोर्टों तक सीमित है, जमीन पर नहीं। हाईवा और ट्रैक्टर ऐसे गुजरते हैं जैसे थाने से उन्हें पहले ही ॥ग्रीन सिग्नल॥ मिल चुका हो। यही कारण है कि रेत माफिया अब डर नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम का खुलेआम मजाक उड़ा रहा है।

**पर्यावरण की हत्या, प्रशासन की चुप्पी**

अवैध रेत खनन से नदी तटों का भारी कटाव, जलस्तर में गिरावट और पर्यावरणीय संतुलन का विनाश हो चुका है। सरकारी राजस्व को करोड़ों का नुकसान हो रहा है, लेकिन प्रशासन अब भी गहरी नींद में है।

**थाना प्रभारी की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध**

जब अपराध इतना खुला और निरंतर है, तो सरई थाना प्रभारी की भूमिका पर उंगली उठना स्वाभाविक है।क्या वे सिर्फ कुर्सी और वर्दी संभालने के लिए हैं,

या फिर रेत माफिया के लिए सुरक्षा कवच बन चुके हैं?

**उच्चस्तरीय जांच नहीं तो भरोसा खत्म**

क्षेत्रीय जनता और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच हो। थाना प्रभारी समेत जिम्मेदार अधिकारियों की संपत्ति, कॉल डिटेल और कार्यप्रणाली की जांच कराई जाए।

**अब फैसला प्रशासन को करना है**

या तो रेत माफिया पर सख्त कार्रवाई कर जनता का भरोसा बचाया जाए, या फिर चुप रहकर यह स्वीकार किया जाए कि सिंगरौली में कानून नहीं, रेत माफिया शासन चला रहे हैं।

# पदमा-इटखोरी मुख्य सड़क पर जाम से आमजन बेहाल

## टोल टैक्स बचाने और अतिक्रमण बना बड़ी समस्या, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

पदमाझइटखोरी मुख्य सड़क पर इन दिनों लगातार लग रहे जाम ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। आए दिन बाजार चौकझचौराहों पर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है, जिससे राहगीरों, स्थानीय व्यापारियों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क पर बड़ी और छोटी गाड़ियों का अत्यधिक दबाव जाम का मुख्य कारण है। बताया जा रहा है कि कई वाहन चालक टोल टैक्स से बचने के लिए इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सड़क पर वाहनों की संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ गई है। परिणामस्वरूप, देर तक वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

इसके अलावा सड़क के दोनों ओर बाजार क्षेत्र में किया गया अतिक्रमण भी जाम की समस्या को और गंभीर बना रहा है। दुकानों के आगे अवैध कब्जे और सड़क पर खड़े वाहन यातायात को बाधित कर रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस समस्या पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण हटाने, भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस जनसमस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और लोगों को जाम की समस्या से कब तक निजात मिल पाती है।

# विधायक सविता महतो ने बिहार स्पंज पंच ग्राम प्रभावित विस्थापित समिति व कंपनी प्रबंधक संग किया बैठक

## कंपनी को सुचारु रुप से संचालन को लेकर हुई त्रिपक्षीय वार्ता

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः चांडिल के हुमीद स्थित बिहार स्पंज कंपनी के गेस्ट हाउस परिसर में मंगलवार को कंपनी को सुचारु रुप से संचालन को लेकर विधायक सविता महतो ने त्रिपक्षीय वार्ता किया। मालूम हो कि पंच ग्राम विस्थापित समिति के अध्यक्ष, सचिव सह सभी विस्थापित समिति के सदस्य ने विधायक को कंपनी का परिचालन सुचारु रुप से नहीं होने व कंपनी बंद होने जैसी समस्याओं को लेकर विधायक को अवगत कराया था। विधायक सविता महतो ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को बिहार स्पंज कंपनी के गेस्ट हाउस परिसर में पंच ग्राम विस्थापित समिति के सदस्य, बिहार स्पंज के आर के शर्मा व वनराज स्टील के जीएम और अधिकारियों के संग बैठक कर आपसी तालमेल बना कर कंपनी को सुचारु रूप से चलाने की बात कही। इस दौरान विधायक ने कहा वर्ष 2013 में कंपनी बंद हो गई थी वैसे



स्थिति द्वारा उत्पन्न न हो जिसको लेकर बैठक किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा मेरे द्वारा कंपनी चलाने के लिए जो भी जरुरत हो उसे पूरा करने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कंपनी चलाने के लिए जरुरत पड़ी तो राज्य के मुख्यमंत्री से वार्ता किया जाएगा। उन्होंने कहा कंपनी किसी भी हाल में बंद न हो और यहां के विस्थापितों को रोजगार मिलते रहे। इस बैठक में झामुमो केंद्रीय सदस्य चारु चांद किस्कू, गुरु चरण किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, बिजली मांझियांन, लक्ष्मीकांत महतो, अरुण टुडू सहित पंच ग्राम के अध्यक्ष जगन्नाथ मांझी, सचिव आशुतोष बेसरा, मदन प्रसाद, गिरी महतो सहित सभी सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

# अजब सीधी का गजब कारनामाः एक ही दिन में 7 लाख की खरीदी और भुगतान, भ्रष्टाचार के आरोप से गरमाया अमरौला

**दैनिक समाज जागरण,**

सीधी। मध्यप्रदेश के सीधी जिले से भ्रष्टाचार का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर हर कोई दंग है। जिले के ग्राम पंचायत अमरौला में पंचायत फंड के कथित दुरुपयोग और "खुली लूट" का संगीन मामला प्रकाश में आया है। आरोपों के मुताबिक, पंचायत प्रशासन ने कागजों पर वह कारनामा कर दिखाया है जो व्यावहारिक रूप से लगभग असंभव प्रतीत होता है।

**क्या है पूरा मामला?**

शिकायतकताओं और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत अमरौला में नियमों को ताक पर रखकर सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। इस कथित घोटाले के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैंः

* रिकॉर्ड तोड़ खरीदीः एक ही कार्य दिवस के भीतर पंचायत द्वारा 7 लाख रुपये की निर्माण सामग्री और अन्य सामानों की खरीदी दिखाई गई है।
* दूरी का पेचः जिन दुकानों से यह सामग्री खरीदना बताया गया है, वे पंचायत मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित हैं।
* सुपरफास्ट भुगतानः हैरानी की बात यह है कि जिस दिन 80 किमी दूर से सामान मंगाना दर्ज है, ठीक उसी तारीख को लाखों रुपये का भुगतान भी वेंडरों को कर दिया गया।

**भ्रष्टाचार की बूः 'हवाई' सामग्री और कागजी घोड़े**

ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में सामग्री का 80 किमी दूर से एक ही दिन में परिवहन करना और उसी वक्त भौतिक सत्यापन कर भुगतान कर देना, सीधे तौर पर मिलीभगत की ओर इशारा करता है। आरोप लग रहे हैं कि धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है और केवल फर्जी बिल लगाकर सरकारी खजाने को चूना लगाया गया है।

> "यह विकास नहीं, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे की डकैती है। 80 किलोमीटर दूर से सामान आकर उसी दिन पेमेंट कैसे हो गया? इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।" – स्थानीय निवासी

**जांच के घेरे में जिम्मेदार**

इस मामले के उजागर होने के बाद अब पंचायत सचिव, सरपंच और संबंधित तकनीकी अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है।

सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं, जहाँ लोग इसे 'अजब सीधी का गजब खेल' करार दे रहे हैं। फिलहाल, देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या दोषियों पर कोई कठोर कार्रवाई होती है या यह फाइल भी ठंडे बस्ते में चली जाएगी।

# गंगा कटान से फसल बर्बाद, पशु बीमार, गांव अंधेरे में डूबे

## किसान यूनियन लोक शक्ति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक समाज जागरण,**

गढ़मुक्तेश्वर। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में लंबे समय से चली आ रही गंभीर जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति संगठन ने जिलाधिकारी हापुड़ को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का तत्काल निस्तारण नहीं हुआ, तो किसान संगठन धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में बताया गया कि तहसील क्षेत्र के गांव नयाबास, आरकपुर एवं ग्राम अल्लाहबख्शपुर के जंगलों में गंगा का पानी भर जाने से किसानों की फसलें हर वर्ष नष्ट हो जाती हैं। किसानों ने लठीरा से नयाबास रेलवे लाइन तक बांध (पुस्ता) निर्माण कराए जाने की मांग की है, जिससे गंगा के पानी से होने वाले नुकसान से बचाव किया जा सके।

इसके अलावा तहसील क्षेत्र के कई गांवों में पशुओं में बीमारी फैलने के बावजूद पशुपालन विभाग की ओर से कोई उपचार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। आरोप है कि कई बार पशुपालन विभाग के सीएमओ डॉ. नवनीत कुमार को फोन द्वारा सूचना देने के बावजूद कोई चिकित्सकीय टीम गांव में नहीं पहुंची। यहां तक कि भैंसों की मृत्यु के मामलों में भी जांच के लिए कोई कर्मचारी नहीं आया, जिससे पशुपालकों में भारी रोष व्याप्त है।

ग्राम अल्लाहबख्शपुर में विभिन्न बिरादरियों के छोटे-छोटे बच्चे दूर-दराज के स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। भारी स्कूल बैग के बावजूद बस के इंतजार के दौरान बच्चों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों ने सड़क किनारे बैठने के लिए कुर्सियां लगाए जाने तथा आवारा पशुओं से निजात दिलाने की भी मांग की है।

वहीं गढ़मुक्तेश्वर तहसील के अंतर्गत ग्राम अनूपपुर डिबाई में पिछले आठ महीनों से स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। ग्राम प्रधान पति एवं ग्राम सचिव कपिल देव को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। पूरे गांव में रात के समय घोर अंधेरा रहता है, जिससे सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण दुर्घटनाओं और अपराध की आशंका बढ़ गई है। साथ ही गांव में पिछले दो महीनों से साफ-सफाई कार्य भी नहीं हो रहा है।

किसानों ने बताया कि वे इन समस्याओं को लेकर पिछले छह महीनों से उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को लगातार ज्ञापन दे रहे हैं, जिनकी रिसीविंग उनके पास सुरक्षित है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अतिरिक्त हापुड़ तहसील के गांव बनखंडा में भी पिछले छह महीनों से गांव के अंदर सफाई कार्य न होने का आरोप लगाया गया है। ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव को अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिसकी जांच की मांग की गई है।

ज्ञापन में सरकार द्वारा घरेलू बिजली कनेक्शन और बिजली बिल की दरों में की गई बढ़ोतरी पर भी आपत्ति जताई गई है। किसानों ने बिजली की दरें पुरानी दरों पर लाने और बढ़े हुए बिजली बिलों को कम किए जाने की मांग की है।

अंत में संगठन की ओर से जिलाधिकारी हापुड़ अभिषेक पांडे को अनूपपुर डिबाई गांव का दौरा करने का आमंत्रण देते हुए मौके पर समस्याएं देखकर समाधान कराने की अपील की गई। किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

इस दौरान आबिद हुसैन (उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश), फैजान चौधरी (मेरठ मंडल मीडिया प्रभारी), माहिर चौधरी (जिला अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ), विनीत त्यागी (युवा जिला अध्यक्ष, हापुड़), कुलदीप सिंह (महानगर अध्यक्ष), सुनील कुमार (तहसील उपाध्यक्ष), रोहित पाल (युवा जिला उपाध्यक्ष) सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमेरिकी कृषि उत्पादों को बाजार में उतारने का आरोप, अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

**दैनिक समाज जागरण,**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार से जवाब मांगते हुए पूछा कि आखिर यह निर्णय किस दबाव में लिया गया है।



पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी आजादी से पहले भी विदेशियों के एजेंट थे और आज भी वही भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाली भाजपा जनता के सामने यह बताए कि देश की अर्थव्यवस्था के साथ किए गए इस कथित समझौते में कितना कमीशन लिया गया है।

अखिलेश यादव ने चेतावनी दी कि इस फैसले का असर केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि निम्न मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग भी इससे बुरी तरह प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि विदेशी कृषि उत्पादों के आने से मुनाफाखोरी और बिचौलियों की एक नई जमात खड़ी होगी, जिससे खाद्यान्न और रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो जाएंगी।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे किसानों की आय धीरे-धीरे घटेगी और वे मजबूरी में अपनी जमीन अमीरों और कॉरपोरेट घरानों को बेचने के लिए विवश होंगे। अखिलेश यादव ने दावा किया कि किसानों की जमीनों पर कब्जा करना ही भाजपा और उसके सहयोगियों का अंतिम उद्देश्य है।

# यमराज बनकर बच्चों ने दिया जीवन रक्षा का संदेश

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं सम्मानित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर आयोजित समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिले में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी दीक्षित श्वेतम ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एक माह तक जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। चित्रकला, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ यमराज वेशभूषा के माध्यम से बच्चों ने यातायात नियमों का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यमराज वेश में जन-जागरूकता फैलाने वाले छात्र अशहद राजा रहे, जिन्हें उनके प्रभावशाली प्रदर्शन एवं सामाजिक संदेश के लिए जिला पदाधिकारी विशाल राज द्वारा सम्मानित किया गया। उनकी प्रस्तुति ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता से सोचने को मजबूर किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला पदाधिकारी विशाल राज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार एवं डीटीओ दीक्षित श्वेतम द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। बच्चों में दी गई यह जागरूकता भविष्य में सुरक्षित समाज का निर्माण करेगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों का पालन हर नागरिक का कर्तव्य है, छोटी-सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है।

इस मौके पर सभी बच्चों एवं अभिभावकों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एडीटीओ सलिल कुमार, एमवीआई रविंद्र कुमार, एमवीआई तरुण कुमार, सर्वेश कुमार तथा रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव मिक्की साहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन रिया यादव एवं शुभम कुमार (जीबीएम स्कूल) ने किया।

# किशनगंज में अवैध खनन बेलगाम, प्रशासन मौन

## बगलबाड़ी क्षेत्र में भारी मशीनों से मिट्टी खनन, पर्यावरण और सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज (बिहार) एक ओर बिहार सरकार और खनन विभाग अवैध खनन पर सख्ती के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किशनगंज जिले की जमीनी हकीकत इन दावों को चुनौती देती नजर आ रही है।

किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड के बगलबाड़ी क्षेत्र में धारीवाल कंपनी द्वारा बिहार लाल कार्ड की भूमि को भारी मशीनों (खउइ, पोकलेन आदि) से खोदकर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। खनन के चलते भूमि को गहरे और खतरनाक गड्ढों में तब्दील कर दिया गया है, जिससे आने वाले समय में जान-माल की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध खनन लंबे समय से निर्बाध रूप से जारी है, लेकिन अब तक न तो खनन विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की है और न ही जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच करना जरूरी समझा है। हैरानी की बात यह है कि किसी भी स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई है।

यह पूरा मामला कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या प्रशासन की जानकारी के बिना इतने बड़े स्तर पर खनन संभव है? या फिर प्रभावशाली कंपनियों के सामने कानून खुद को असहाय महसूस कर रहा है?

जहां एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण, भू-जल संरक्षण और अवैध खनन पर सख्ती की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। इससे न केवल सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है, बल्कि पर्यावरण संतुलन, भू-जल स्तर और आम नागरिकों की सुरक्षा भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

यह जानकारी बगलबाड़ी क्षेत्र की जनता द्वारा की गई शिकायत के आधार पर हसीबुर रहमान, संस्थापक – सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) को प्राप्त हुई है, जिसके बाद यह मामला सार्वजनिक रूप से सामने आया है।

स्थानीय लोगों ने अविलंब अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

# पटना के गौरीचक में देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सोशल मीडिया पर हथियार और कारतूस की तस्वीर वायरल होने के बाद गौरीचक थाना पुलिस उस युवक को पकड़ने के लिए काजी बिगहा जा रही थी। रास्ते में एक पल्सर सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि यह युवक शराब तस्करों के लिए लाइनर का काम कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सघन कार्रवाई की। थोड़ी देर बाद एक हुंडई आई-10 वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन चालक पुलिस को देखकर सड़क किनारे वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर आठ प्लास्टिक बोरे में रखी कुल 320 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद हुई। इस कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और बाइक व चार चक्का वाहन को जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुन्ना कुमार, पिता राजेश्वर प्रसाद, निवासी आच्छेचक थाना परसा बाजार जिला पटना और रवि कुमार, पिता सुरेश प्रसाद, निवासी बदरोई थाना लहसुना जिला पटना के रूप में की गई। गौरीचक थाना अध्यक्ष सह परीक्षयमान डीएसपी विनय कुमार रंजन ने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए तुरंत कार्रवाई की। युवाओं की तत्पर पकड़ और इलाके में घेराबंदी के चलते शराब तस्करी का खुलासा किया जा सका। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं और हथियार दिखाने वालों में खलबली मच गई है।

# पटना एम्स के डॉक्टर ने सड़क पर तड़पती जान को दी नई जिंदगी मरीज भी निकला डॉक्टर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ एम्स पटना के ट्रॉमा सर्जरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग ने 2 फरवरी 2026 को मानवता और चिकित्सकीय जिम्मेदारी की ऐसी मिसाल सामने आई, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया। अपने आवास से एम्स पटना जाते समय दीघा एलिवेटेड रोड पर एम्स पटना के सहायक प्राध्यापक डॉ. साकेत प्रकाश की नजर सड़क के बीच बेसुध पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। राहगीर तमाशबीन बने खड़े थे, कोई आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं कर रहा था। ऐसे में डॉ. साकेत प्रकाश ने बिना एक पल गंवाए अपनी गाड़ी रोकी और मौके पर ही मरीज की हालत का त्वरित आकलन किया।

स्थिति गंभीर थी. डॉ. साकेत ने तुरंत जीवनरक्षक उपचार शुरू किया और मानवीय जिम्मेदारी निभाते हुए घायल को अपनी निजी कार से एम्स पटना पहुंचाया। समय पर मिले ट्रॉमा उपचार और डॉक्टरों की सतत कोशिशों के कारण उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। होश में आने पर घायल की पहचान डॉ. हर्षवर्धन के रूप में हुई, जो नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में फिजियोलॉजी विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं। यह महज एक संयोग नहीं, बल्कि चिकित्सा सेवा में आपसी समर्पण और संवेदनशीलता की तस्वीर थी। इस सराहनीय कार्य पर ट्रॉमा सर्जरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिल कुमार और एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने डॉ. साकेत प्रकाश की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे डॉक्टर संस्थान की असली पहचान होते हैं, जो ड्यूटी से बाहर रहते हुए भी इंसानियत का दामन नहीं छोड़ते।एम्स प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की कि सड़क दुर्घटना या किसी भी आपात स्थिति में घायलों की मदद के लिए आगे आएं। कई बार मौके पर दी गई शुरूआती सहायता ही जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय करती है। अस्पताल हर जगह तुरंत नहीं पहुंच सकता, लेकिन संवेदनशील नागरिक हर जगह मौजूद हो सकते हैं।

# पटना के गौरीचक पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ युवक को किया गरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ में सोशल मीडिया पर हथियार के साथ मस्ती करना एक युवक को भारी पड़ गया। फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ फोटो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। वायरल फोटो के आधार पर गौरीचक थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को काजी बिगहा गाँव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान एक युवक की तस्वीर सामने आई, जिसमें उसके हाथ में देशी कट्टा साफ तौर पर दिखाई दे रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया।टीम ने तकनीकी विश्लेषण और आसूचना संकलन के जरिए वायरल फोटो की सत्यता की जांच शुरू की। जांच के क्रम में युवक की पहचान की गई और उसके संभावित ठिकानों का पता लगाया गया। इसके बाद गौरीचक थाना पुलिस ने क्रमबद्ध तरीके से छापामारी की। छापामारी के दौरान युवक को 01 देशी कट्टा और 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि उसने कट्टा और कारतूस अपने एक रिश्तेदार से मांगकर लिया था। युवक सोशल मीडिया पर दबंगई दिखाने और मस्ती के इरादे से हथियार के साथ फोटो पोस्ट कर रहा था। फोटो वायरल होते ही पुलिस की नजर उस पर पड़ गई और उसकी मस्ती पर पुलिस ने दर्द पहुंचा दिया। इस संबंध में गौरीचक थाना के पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष विनय कुमार रंजन ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करना गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर पुलिस की कड़ी नजर है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# जन्मजात हृदय रोग से जूझती नन्ही रोशनी को मिला नया जीवन

## मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से 3.5 वर्षीय बच्ची का सफल निःशुल्क ऑपरेशन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



03 फरवरी। सरकारी स्वास्थ्य योजनाएँ जब जमीन पर प्रभावी रूप से लागू होती हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है। ऐसा ही एक उदाहरण जिले के पोठिया प्रखंड अंतर्गत चिचवाबाड़ी गांव में देखने को मिला, जहाँ जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 3.5 वर्षीय बच्ची रोशनी कुमारी को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत नया जीवन मिला।

रोशनी, पिता रामू बोरई, जन्म से ही सांस फूलने, जल्दी थकने और कमजोर स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रही थी। आर्थिक तंगी और जानकारी के अभाव में परिजन इलाज कराने में असमर्थ थे। इसी दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम द्वारा नियमित जांच के दौरान बच्ची में जन्मजात हृदय रोग की पहचान की गई।

समय पर पहचान के बाद रोशनी को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल भेजा गया, जहाँ 24 जनवरी 2026 को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उसका हृदय ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क रही, जिसमें इलाज, दवाइयाँ, यात्रा, रहने और भोजन का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया गया।

ऑपरेशन के बाद रोशनी की हालत स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना गरीब परिवारों के लिए जीवनरेखा साबित हो रही है। समय पर पहचान और सही इलाज से जन्मजात हृदय रोग भी पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

जिलाधिकारी विशाल राज ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों में सांस लेने में परेशानी, कमजोरी या बार-बार बीमार पड़ने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएँ। आरबीएसके की टीमें हर स्तर पर सहायता के लिए उपलब्ध हैं।

रोशनी की मुस्कान आज सैकड़ों परिवारों के लिए उम्मीद बन गई है– जहाँ सरकारी संकल्प और संवेदनशील स्वास्थ्य व्यवस्था ने एक नन्हे दिल को नई धड़कन दी है।

# बड़े संवेदकों पर नरमी, छोटे चालकों पर सख्ती का आरोप

## अवैध खनन कार्रवाई से आक्रोश, ट्रैक्टर मालिक ने थाने पर किया आत्मदाह का प्रयास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब एक ट्रैक्टर मालिक ने थाना गेट पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना हाल ही में अवैध बालू खनन के आरोप में ट्रैक्टर जब्त किए जाने के बाद हुई। ट्रैक्टर मालिक ने आरोप लगाया कि प्रशासन बड़े संवेदकों पर कार्रवाई करने के बजाय छोटे ट्रैक्टर मालिकों को निशाना बना रहा है। उसका कहना था कि ट्रैक्टर जब्ती से उसके परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, टेढ़ागाछ से बहादुरगंज तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे संवेदकों द्वारा बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन कराया जा रहा है। रेतुआ नदी समेत अन्य नदी घाटों से नियमित रूप से बालू निकाले जाने की बात कही जा रही है।

लोगों का आरोप है कि प्रभावशाली संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही, जबकि छोटे वाहन मालिकों के ट्रैक्टर लगातार जब्त किए जा रहे हैं। इसे लेकर क्षेत्र में असंतोष व्याप्त है।

प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जा रहा है। हाल के दिनों में कई वाहनों की जब्ती और भारी जुमार्ना लगाया गया है। वहीं स्थानीय लोग कार्रवाई में समानता और निष्पक्षता की मांग कर रहे हैं।

# नवीनगर में पोक्सो एक्ट के तहत दो गिरफ्तार भेजा गया जेल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दो लोगों को थाना क्षेत्र के चंदौखर गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में श्रवण कुमार पिता लाला पासवान और गौतम कुमार पिता अजीत ठाकुर उर्फ गुड्डू ठाकुर शामिल हैं। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि इन दोनों पर नवीनगर थाना कांड संख्या 26/26 के तहत धारा 137 (2) /140 (2)/ 96/ 3(5) बीएनएस और 8/12 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है । थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कुटुंबा थाना में पुलिस अधीक्षक ने लगाया जनता दरबार, लोगों की सुनी फरयाद

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने जनता दरबार लगाया, जहां उन्होंने लोगों की फरयाद सुनी। इस दौरान जमीन विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट के मामले, पड़ोसी से उत्पीड़न, साइबर फ्रॉड, ट्रैफिक समस्या, अवैध गतिविधियों की शिकायतें और पुलिस कार्यवाही में निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने की मांग की गई ।पुलिस अधीक्षक ने व्यक्तिगत रूप से हर नागरिक की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।जनता दरबार में आए लोगों ने पुलिस अधीक्षक की सक्रियता, संवेदनशीलता और जन-सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि जनता दरबार में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सभी का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया ।इस अवसर पर नागरिकों का कहना था कि इस प्रकार की जन सुनवाई से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का माहौल मजबूत होता है।

# पटना पुलिस ने किया साइबर गिरोह के 13 युवतियां सहित एक युवक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के साइबर थाना पुलिस ने सोमवार की देर रात दानापुर इलाके में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी कर साइबर ठगी से जुड़े एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में 13 युवतियों और एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार दानापुर में की गई पांच जगह पर छापेमारी में 13 युवतियों सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। नौकरी और अन्य आकर्षक ऑफर का लालच देकर ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई सोमवार रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चली। एक साथ कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। जिनमें मुख्य रूप से दानापुर के रूपसपुर, रुकनपुरा वेदनगर, गोला रोड, राम जयपाल नगर और सगुना मोड़ क्षेत्रों में स्थित थे। सभी जगहों पर पहले से तैयार टीमों ने एक साथ दबिश दी, ताकि किसी भी आरोपी को फरार होने का मौका न मिल सके। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दर्जनभर से अधिक लैपटॉप, कई मोबाइल फोन, बड़ी संख्या में सिम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन उपकरणों का इस्तेमाल फर्जी कॉल, मैसेज और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों से ठगी करने में किया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि गिरोह के सदस्य खुद को बैंक प्रतिनिधि, निजी कंपनियों के कर्मचारी या जॉब कंसल्टेंट बताकर लोगों को झांसे में लेते थे और फिर उनसे प्रोसेसिंग फीस, रजिस्ट्रेशन चार्ज या अन्य बहानों से रकम ऐंठते थे। एक स्थान पर दानापुर निवासी धर्मेंद्र कुमार द्वारा किराए पर लिया गया फ्लैट ठगी का मुख्य केंद्र बताया जा रहा है। यहां छह युवतियां तैनात थीं, जिन्हें अलग-अलग स्क्रिप्ट देकर संभावित पीड़ितों से बात करने के लिए लगाया गया था। पूछताछ में पता चला है कि इन युवतियों को पहले ट्रेनिंग दी जाती थी, जिसमें उन्हें बातचीत की शैली, झूठे वादे और भरोसा जीतने के तरीके सिखाए जाते थे। इसके बाद उन्हें अलग-अलग राज्यों के लोगों को कॉल करने की जिम्मेदारी दी जाती थी ।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह केवल बिहार तक सीमित नहीं था, बल्कि अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय था। गिरोह से जुड़े सदस्य कई राज्यों में फैले हुए थे और ठगी से जुटाई गई रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर तुरंत निकाल लिया जाता था, ताकि पुलिस की पकड़ से बचा जा सके। फिलहाल हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और उनके बैंक खातों, कॉल डिटेल्स तथा डिजिटल ट्रांजैक्शन का ब्योरा खंगाला जा रहा है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित हुई सखी वार्ता

## बालिकाओं के सशक्तिकरण व योजनाओं की दी गई जानकारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

03 फरवरी। महिला एवं बाल विकास निगम, किशनगंज द्वारा संकल्प : हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत जागरूकता अभियान के



तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, छतरगाछ (पोठिया) में सखी वार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शिक्षा, समान अवसर, सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, इसलिए बेटा-बेटी में भेदभाव किए बिना दोनों को समान अवसर देना चाहिए। सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण के लिए कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रौशनी परवीन, केंद्र प्रशासक, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास निगम, किशनगंज ने कहा कि बालिकाओं का लालन-पालन सही तरीके से करते हुए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बाल विवाह पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद ही की जानी चाहिए।

उन्होंने जानकारी दी कि जिले में महिलाओं और बालिकाओं के सहयोग के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन संचालित हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर का मोबाइल नंबर 9771468017 एवं महिला हेल्पलाइन का टोल फ्री नंबर 181 सक्रिय है।

इस अवसर पर सुशील कुमार झा, जेंडर विशेषज्ञ ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्न एवं बाल विवाह विषय पर नृत्य व संगीत प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, छतरगाछ पोठिया के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, वार्डन एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# कचरे के ढेर में मिली नवजात बच्ची, इलाके में मचा हड़कंप

## कार्टन में मिला तीन दिन का शव, पुलिस जांच में जुटी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनार पट्टी रोड स्थित रामबाबू गली में कचरे के ढेर से एक नवजात बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बच्ची का शव एक पुराने कार्टन के अंदर पाया गया, जिसकी उम्र करीब तीन दिन बताई जा रही है।



घटना का खुलासा सुबह उस समय हुआ, जब एक राहगीर की नजर कचरे के ढेर पर पड़े कार्टन पर पड़ी। पास जाकर देखने पर अंदर नवजात बच्ची का शव मिला। इसकी सूचना तत्काल सदर थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस नवजात की पहचान और उसकी मां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

# एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के मंगावार गांव के समीप सोन दियारा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर 2000 लीटर जावा महुआ घोल नष्ट किया है। वहीं मौके पर दो शराब भट्टी और शराब बनाने की सामग्री को जप्त कर नष्ट किया है। इस कार्रवाई में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है । थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है, जिसमें पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को आने की भनक लगते ही शराब तस्कर और निमार्ता भाग निकले। उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं सेवन के खिलाफ पुलिस की कारवाई जारी रहेगी।इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे। पुलिस की इस कारवाई से अवैध शराब निमार्ता और तस्करों में हड़कंप व्याप्त है।



# नवीनगर में संदिग्ध स्थिति में शव बरामद जॉच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत क्षेत्र नबीनगर के वार्ड चार जनकपुर पोखरा निवासी उम्र लगभग 50 वर्षीय वैजनाथ राम की शव संदिग्ध स्थिति में जनकपुर पोखरा के पास कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समीप मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया ।सूचना पर पहुंची नबीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया ।जानकारी के अनुसार चर्चा है कि मौत शराब के सेवन से हुई हो हालांकि परिजनों द्वारा बताया गया कि वैजनाथ राम लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थे ।यह भी आशंका जताई जा रही है कि मिर्गी का दौरा पड़ने से ही उनकी मौत हुई हो। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पता चल सकेगा।

